E-Paper : www.goodluckpublications.com, ● www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 72 | गुवाहाटी | बुधवार, 9 अक्तूबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12
| VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक, 48 सीटों पर जीत दर्ज कर रचा इतिहास


## एग्जिट पोल नहीं बन पाए इग्जैक्ट पोल



**चंडीगढ़, ( हि.स. )।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रच दिया है। भाजपा ने प्रदेश की 90 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। तमाम दावों तथा एग्जिट पोल रिपोर्ट के बावजूद कांग्रेस सत्ता तक नहीं पहुंच पाई है। अब अगले पांच साल फिर से कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ेगा। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों के लिए बीती पांच अक्तूबर को मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने 89 तथा कांग्रेस ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा था। यह पहला मौका था जब प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी टक्कर थी। मंगलवार की सुबह राज्य के 90 हलकों के लिए बनाए गए 93 मतगणना केंद्रों मतगणना कार्य मंगलवार की सुबह आठ बजे शुरू हुआ। पोस्टल बैलट की गणना में कांग्रेस ने 70 सीटों पर बढ़त बनाई। इसके बाद जब ईवीएम खुलीं और ज्यादातर हलकों में दूसरे चरण की मतगणना के बाद दृश्य बदलता चला गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने 90 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। वर्ष 2019 में भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि वर्ष 2014 में पहली बार सत्ता में आई भाजपा को 47 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। दस साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद भाजपा ने तीसरी बार पिछले दोनों रिकार्ड तोड़ दिए हैं। उधर, विपक्षी दल कांग्रेस ने आज घोषित परिणाम के अनुसार 37 सीटों पर जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को 31 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस को महज छह सीटों की बढ़त हासिल हुई है। पिछले 15 साल से हाशिए पर चल रहे इनेलो को इस बार दो सीटों पर जीत हासिल हुई है। पिछले चुनाव के मुकाबले इनेलो को एक सीट की बढ़त मिली है। वर्ष 2019 के चुनाव में छह निर्दलीय विधायक जीते थे जबकि मंगलवार को घोषित किए गए परिणाम में तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी ने भले ही तीसरी बार सरकार बना ली हो लेकिन आज घोषित परिणाम में सबसे बड़ी जीत कांग्रेस के नाम दर्ज हुई है। नूंह दंगों के आरोपित एवं फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने भाजपा के नसीम अहमद को 98 हजार 441 वोटों के अंतर से हराया है। उचाना कलां सीट पर इस चुनाव में जीत का अंतर सबसे कम रहा है। यहां भाजपा के देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कांग्रेस के बृजेंद्र सिंह को 32 वोटों के अंतर से हराया है। इस चुनाव में जजपा, बीएसपी, सीपीआई, सीपीआईएम और आम आदमी पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकीं।

## यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत : पीएम

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली जीत को विकास और सुशासन की राजनीति की जीत बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी नतीजों के बाद एक्स पर कहा कि हरियाणा का हृदय से आभार। भाजपा को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए वे हरियाणा की जनशक्ति को नमन करते हैं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है।






## बीटीसी में छुट्टी स्वीकृति के दिशानिर्देशों को किया गया सख्त

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और सरकारी कार्यों में रुकावटों को दूर करने के लिए बोड़ोलैंड टेरिटोरिटल काउंसिल (बीटीसी) प्रशासन ने छुट्टी स्वीकृति के दिशानिर्देशों को सख्त किया है। बीटीसी के सीईएम के प्रधान सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी बीटीसी अधिकारी और कर्मचारी ईएल या सीसीएल जैसी छुट्टियों के लिए, आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर, सक्षम प्राधिकारी से पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। आदेश में कहा गया है कि अधिकारी और कर्मचारी अर्जित अवकाश और सीसीएल जैसी छुट्टियां बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के ले रहे हैं, जिससे सरकारी कार्य प्रभावित हो रहा है। आदेश में कहा गया है, कुछ अपरिहार्य और अप्रत्याशित आपात स्थितियों को छोड़कर, अर्जित अवकाश, सीसीएल आदि जैसी छुट्टियां लेने की इच्छा रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले से आवेदन करना होगा।

# ऑल असम ट्राइबल संघ की नई शाखा का उद्घाटन




**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के सोनपुर राजस्व चक्र कार्यालय अंतर्गत 14 माइल तामुलीकुची में ऑल असम ट्राइबल संघ की डिमोरिया जिला के शाखा का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। संघ के डिमोरिया जिला शाखा के अध्यक्ष महंत तुमुंग ने कहा कि डिमोरिया के ट्राइबल जनजातियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यालय का अस्थायी रूप से उद्घाटन किया गया है। जल्द ही एक सार्वजनिक सभा का आयोजन कर इस कार्यालय के सुचारू रूप से चलने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कार्यालय का उद्घाटन करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि यहां रह रहे जनजाति लोगों की विभिन्न समस्या को जमीनी स्तर पर समझना और उसका समाधान इसी शाखा कार्यालय के जरिए निकाला जाए। वहीं उद्घाटन समारोह के दौरान डिमोरिया जिला शाखा के संपादक महानन्द बोड़ो ने कहा कि यहां के जनजातियों को सोनपुर कार्यालय में जाकर जनजाति सर्टिफिकेट के अलावा अन्य दस्तावेज लेने के लिए जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसको ध्यान में रखते हुए इस कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। वसुंधरा 3.0 के लिए ट्राइबल सर्टिफिकेट इसी कार्यालय से यहां के स्थानीय जनजातियों को अब मिल जाएगा। जिससे उन्हें काफी सुविधा होगी। इस संबंध में डिमोरिया जिला ट्राइबल संघ के संयुक्त सचिव कुख बोड़ो ने कहा कि डिमोरिया के 12 गांव पंचायत में ज्यादातर जनजातीय लोग रहते हैं। जनजातीय लोगों की समस्या जमीनी स्तर पर मुख्य कार्यालय में जाए बिना ही इस कार्यालय से ही सुलझाया जाएगा। कार्यालय के उद्घाटन के दौरान स्थानीय गांवबूढ़ा के अलावा आसपास के जाने-माने जनजातीय लोग मौजूद थे।

## अवैध रूप से यूरिया खाद की तस्करी, दो व्यक्ति गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध रूप से उर्वरक (यूरिया) ले जा रहे एक ट्रक को जब्त किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि विश्वसनीय स्रोत पर कार्रवाई करते हुए सिलचर बाईपास के पास मिजोरम की ओर उर्वरक की अवैध परिवहन की सूचना पर घुंघुर बाईपास पर एक विशेष नाका लगाया गया। जांच के दौरान मिजोरम की ओर जा रहे ट्रक (एएस-01डीडी-0530) को रोका गया। पूछताछ में चालक ने वाहन के कागजात और 500 बोरी सुअर चारा का रोड चालान दिखाया। लेकिन, सावधानीपूर्वक निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने पीले रंग की 550 बोरी यूरिया उर्वक बरामद किया। जांच के दौरान पाया गया कि उर्वरक को अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था।

## सीबीआई को सौंपे ऑनलाइन स्टॉक घोटाले के 41 मामले

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले से संबंध 41 मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज सोशल मीडिया के जरिए कहा कि असम मंत्रिमंडल की बीते 13 सितंबर की मंजूरी के अनुसार, राज्य सरकार ने भारत सरकार को पत्र लिखकर विभिन्न थानों में पंजीकृत ऑनलाइन व्यवसाय से संबंधित 41 मामलों को सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया था। भारत सरकार ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया और सीबीआई को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 की धारा 3 के तहत जांच करने के निर्देश जारी किए। राज्य सरकार जांच में तेजी लाने के लिए सभी सहायता प्रदान



O BE PUBLISHED IN THE GAZETTE OF INDIA, PART-II, SECTION 3, SUB-SECTION (ii)]
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS
(DEPARTMENT OF PERSONNEL AND TRAINING)
NEW DELHI

NOTIFICATION

Dated the 8th October, 2024

S.O. .— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (No. 25 of 1946), the Central Government with the consent of the Government of Assam, issued vide Notification No. ECF-511184/19, dated 13.09.2024, Political(A) Department :: Dispur, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment in the State of Assam for investigation of the offences or classes of offences notified under section 3 of said the Act, as amended from time to time, alleged to have been committed by employees of the Central Government, Central Public Sector Undertakings and Private persons (whether acting separately or in conjunction with the employees of Central Government/Central Government Undertakings) subject however to the condition that no such investigation shall be taken up in cases relating to the public servants of State Government except with the prior written permission of the State Government. All previous general consent for any other offences and consent accorded on case-to-case basis for any other offence by the State Government shall also remain in force.

[F. No. 228/85/2024-AVD-II]

(Satyam Srivastava)
Under Secretary to the Government of India

To,
The Manager,
Govt. of India Press,
Mayapuri, Ring Road,
New Delhi-110064

F. No. 228/85/2024-AVD-II New Delhi Dated the 8th October, 2024

Copy to:

(i) The Chief Secretary, Government of Assam, Block C 3rd Floor, Assam Secretariat, Dispur, Guwahati-781006.
(ii) The Director, Central Bureau of Investigation (CBI), CGO Complex, New Delhi.
(iii) Director of Prosecution, Central Bureau of Investigation (CBI), CGO complex, New Delhi.
(iv) Notification & Statistics Maintenance Cell, Room No. 10, 9th Floor, DoP, CBI, CGO Complex, New Delhi-110003.
(v) Guard File.

(Satyam Srivastava)
Under Secretary to the Government of India

करेगी। हमारी राज्य सरकार अपराध में शामिल दोषियों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लूट के आरोप में फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के जालुकबारी पुलिस चौकी की टीम ने लूट मामले में शामिल एक फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जालुकबारी पुलिस चौकी की डब्ल्यूजीपीडी टीम ने गोरचुक में स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति से सात हजार की लूट करने वाले बेलसर के संजय वैश्य को गिरफ्तार किया। अपराध को अंजाम देने के दौरान इस्तेमाल किए गए वाहन (एएस-01ईजी-4841) को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## पांडू सनातन देवालय में दुर्गा पूजा के दौरान नारी शक्ति के रूप महिलाओं को सम्मानित करने की परंपरा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** नवरात्र का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। मान्यता है कि जिस घर में मां दुर्गा की पूजा होती है, वहां सुख और समृद्धि बनी रहती है। यह पर्व केवल देवी की मूर्ति की पूजा ही नहीं, बल्कि हर नारी मां, बहन, बेटी का सम्मान करने का संदेश देता है। पूरे देश के साथ असम में भी दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाया जा रहा है। गुवाहाटी के कुछ पंडालों में पूजा का उद्घाटन महालय के बाद किया गया हैं। इनमें से मालीगांव के कॉलेज गेट सनातन देवालय उल्लेखनीय हैं। सनातन देवालय में हर बार की तरह शारदीय दुर्गा पूजा और नवरात्र पूजा का आयोजन किया गया है। पूजा का उद्घाटन आध्यात्मिक मांगलिक समारोह के साथ किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के स्वामी माधवानंद महाराज, रवीन्द्रनाथ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अमलेंदु चक्रवर्ती, पांडू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य बिवास दास पुरकायस्थ, सामाजिक कार्यकर्ता बिवास मजुमदार सहित इलाके के प्रमुख गण्यमान्य व्यक्तियों की उपास्थिती में दुर्गा प्रतिमा का अनावरण किया गया। उल्लेखनीय हैं कि सनातन देवालय की ओर से प्रतिदिन समाज के विभिन्न क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं और बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। इसका यह उद्देश्य है कि नवरात्र का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। यह पर्व केवल देवी की मूर्ति की पूजा ही नहीं, बल्कि हर नारी मां, बहन, बेटी का सम्मान करने का संदेश देता है। दुर्गा पूजा के इस पावन उत्सव पर प्रतिदिन शाम को स्थानीय कलाकारों ने भक्ति गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मां दुर्गा की स्तुति का संदेश दे रहे हैं, जिससे दर्शकों में आध्यात्मिक उत्साह का संचार हो रहा है। इस अवसर एक विशेष नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी, जिसमें कोलकता आररजी कर मेडिकल कॉलेज में इलाज की एक विशेष घटना को दर्शाया गया था। इस साल पूजा का बजट करीब 12 लाख रुपए है। मूर्ति का निर्माण गुवाहाटी के मूर्ति कलाकार निर्मल पाल ने किया है और मंडप की सजावट संजीव ने की है। प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था है। गुरुवार सप्तमी के दिन कुमारी पूजा और दशमी रविवार को मूर्ति समर्पण दिवस निर्धारित है। यहां की पूजा का आयोजन लगभग पांच हजार स्थानीय परिवारों द्वारा किया जाता है, जहां सनातन देवालय एक विशेष स्थानीय परंपरा को संरक्षित करना जारी रखे हुए है।

## अभातेयुप का देशव्यापी नेत्रदान जागरूकता अभियान चलाया

**गुवाहाटी।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद (अभातेयुप) ने अपने गौरवमय 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर अपनी 363 शाखा परिषदों के माध्यम से 21 दिवसीय देशव्यापी नेत्रदान जागरूकता अभियान चलाया। इसी क्रम में तेरापंथ युवक परिषद्, गुवाहाटी द्वारा महानगर के विभिन्न स्थानों पर नेत्रदान जागरूकता रैली, मोटिवेशनल वीडियो, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार आदि का आयोजन किया गया। इस दौरान गुवाहाटी में लोगों ने स्वेच्छा से कुल 915 नेत्रदान संकल्प-पत्र भरे। तेयुप गुवाहाटी के अध्यक्ष सतीश कुमार भादानी ने बताया कि मात्र 21 दिनों में देशभर में 18000 से अधिक लोगों ने नेत्रदान संकल्प-पत्र भरे। उन्होंने बताया कि नेत्रदान संकल्प पत्र भरवाने में तेयुप गुवाहाटी देशभर की शाखा परिषदों में तीसरे स्थान पर रही। नेत्रदान के असम प्रभारी पंकज सेठिया ने बताया कि यह अभियान असम की सभी शाखा परिषदों द्वारा चलाया गया, जिसमें 1304 लोगों ने नेत्रदान संकल्प पत्र भरे। इस संदर्भ में अभातेयुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभातेयुप द्वारा नेत्रदान के क्षेत्र में पूरे भारत और नेपाल में अपनी 363 शाखा परिषदों के माध्यम से अब तक 2000 से भी ज्यादा लोगों का मृत्युपरांत नेत्रदान करवाया जा चुका है। विदित हो एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो अंधकारमय जीवन रोशन होते हैं। अभातेयुप के महामंत्री अमित नाहटा ने इस अभियान में स्थानीय शाखा परिषद की जागरूकता व परिवारजन की उत्कृष्ट भावना के प्रति साधुवाद प्रकट किया और लोगों को अभातेयुप के इस अभियान में सहयोग का आह्वान किया।

## नगांव में महाराजा अग्रसेन जयंती सोल्लास संपन्न

**नगांव ( निसं )।** अग्रवाल सभा, नगांव के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह रविवार को शांतिपूर स्थित लोहिया भवन में सांय 7 बजे से किया गया। समारोह की अध्यक्षता अग्रवाल सभा, नगांव के अध्यक्ष पवन गाड़ोदिया ने की। मंच पर मुख्य अतिथि घनश्याम लड़िया, अग्रसेन चेरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्षसांवरमल खेतावत, निवर्तमान अध्यक्ष महावीर प्रसाद किल्ला, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद केजरीवाल व सचिव ओमप्रकाश जाजोदिया, विराजमान थे। मुख्य अतिथि तथा मंचासिन महानुभावों द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के प्रतिचित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महिला समिति की सदस्याओं संगीता पोद्दार, निर्मला अग्रवाल, मीना ढ़ाणीवाल, रचना बंका, निशा किल्ला ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विगत एक वर्ष के दौरान दिवंगत हुए




अग्रवाल सभा के संस्थापक अध्यक्ष संतलाल बंका व अन्य अग्र बंधुओं की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। उसके पश्चात अध्यक्ष पवन गाड़ोदिया ने स्वागत भाषण दिया, उन्होंने अग्रसेन जी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उसके बाद सचिव ओमप्रकाश जाजोदिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा महिला समिति की सचिव संगीता पौद्दार ने महिला समिति के कार्यक्रमों का व्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि घनश्याम लड़िया का अभिनंदन किया गया। हेमंत धानुका ने उनका जीवन परिचय का पाठ किया। सुरेश टीबरीवाल ने दुपट्टा, सुरेन्द्र बंका ने शाल, अजय मित्तल ने प्रसस्ति पत्र प्रदान किया व अध्यक्ष पवन गाड़ोदिया ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। इस बर्ष का समाजिक सम्मान समाजसेवी बजरंग गिनोड़िया को प्रदान किया गया। उन्हें दुप्पटा, शाल, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। महिला समाजिक सम्मान सरिता बुधिया को दिया गया। इन्हें भी दुपट्टा, शाल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिन्नदन किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष ने नवगठित अग्रवाल युवा परिषद का परिचय कराया। मुख्य अतिथि घनश्याम लड़िया ने भी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में असम के अग्रवाल समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। सभा का मुख्य आकर्षण महिला समिति का सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें समिति की महिलाओं, युवतियों व बच्चों ने राजस्थानी तीज त्यौहारों का वर्णन करते हुए सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन अध्यक्षा निर्मला आलमपुरीया, निमिषा अग्रवाल, व मुस्कान जाजोदिया ने किया। तत्पश्चात मेधावी छात्रों का सम्मान अभिनंदन पत्र व उपहार देकर किया गया, जिसका संचालन मनीषा भजनका ने किया। इस बीच वरिष्ठ पत्रकार अजित माहेश्वरी, बैद्यनाथ साहनी व रविंद्र साह का फुलाम गमोछा से अभिनंदन किया गया। सचिव ओमप्रकाश जाजोदिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन सुनील आलमपुरीया, सारंग खाटुवाला व संगीता पोद्दार ने किया।

## वन बंधु परिषद, गुवाहाटी महिला समिति का एकल विद्यालय दर्शन




**गुवाहाटी ( विभास )।** गुवाहाटी नगर से 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उदालगुड़ी अंचल के भेड़गांव संच के हीराबाड़ी ग्राम एकल विद्यालय का दर्शन दिल्ली से पधारे 40 बीएलएसपी भारतीय लोक शिक्षा परिषद के प्रतिनिधियों के साथ गुवाहाटी महिला समिति के सदस्यों ने किया। एकल अभियान ग्रामोत्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन जी अग्रवाल के मार्गदर्शन से इस वृहद वन यात्रा व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम ग्राम वासियों द्वारा असम के विभिन्न जनजातियों के विभिन्न नृत्य प्रस्तुत कर बीएलएसपी के प्रतिनिधियों का स्वागत अभिनंदन किया। एकल विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न मंत्र उच्चारण व देशभक्ति गीत सुनकर और विद्यालय के पाठ्यक्रम को जानकर अतिथिगण बहुत ही प्रभावित हुए और कहा की इतनी दूर दिल्ली से आना और बरसात के कारण सड़क की बिगड़ी हालत होने के बावजूद विद्यालय दर्शन ने उनकी सारी थकान मिटा दी एक नई स्फूर्ति, ऊर्जा का संचार कर दिया। गुवाहाटी महिला समिति की अध्यक्ष वंदना बगड़िया ने बताया की बच्चों के संस्कार, अनुशासन को देख कर दिल्ली से पधारे अतिथि गण भाव विभोर हुए और कहा कि यह उनका सौभाग्य है।

## चिरांग सहकारी सम्मेलन : कृषि पद्धतियों में विविधता लाने की दिशा में एक कदम

**विकसित भारत समाचार**

**काजलगांव।** सहकारिता विभाग, बोड़ोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) ने आज चिरांग डीईएफ परेड ग्राउंड, डीसी कार्यालय में *चिरांग सहकारी सम्मेलन* का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य सहकारी समितियों के भीतर कृषि पद्धतियों में विविधता लाना है। कार्यक्रम के दौरान, राज्यसभा सांसद रवांग्रा नारजारी ने स्थानीय समाजों के साथ मजबूत संबंध बनाने, समुदायों को एकजुट करने और आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका पर जोर देने के लिए बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोरो के नेतृत्व में सहकारिता विभाग की प्रशंसा की। उन्होंने सहकारी समितियों से क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमताओं का लाभ उठाकर प्रगति को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। डीसी चिरांग जतिन बोरा ने सहकारिता विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की और क्षेत्र में कृषि ढांचे को मजबूत करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को मान्यता दी। पद्म श्री पुरस्कार विजेता स्वर्बेश्वर बसुमतारी ने कृषि में अपने व्यापक अनुभव को साझा किया, व्यवस्थित प्रथाओं के माध्यम से स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए चल रही परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा तैयार की। बहु-फसल, अंतर-फसल और वृक्षारोपण में उनकी विशेषज्ञता ने जलवायु परिवर्तन चुनौतियों से निपटने में बागवानी और रेशम उत्पादन की आवश्यक भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. राजीव भंडार कायस्थ (विषय विशेषज्ञ, केवीके चिरांग, पशुपालन), अकबर अली अहमद (बागवानी विशेषज्ञ और सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार विजेता) और रूलेन हजारिका (उपाध्यक्ष, असम पर्ल डेवलपमेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी) सहित प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की और अपने अनुभव साझा किए, जिससे कृषि विकास पर चर्चा और समृद्ध हुई। सम्मेलन में कृषि समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए एक उत्पादक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। इसमें 300 से अधिक शेयरधारकों और समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त, एक प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा संचालित सहकारी समितियों के उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें स्थानीय महिलाओं की उद्यमशीलता की भावना को दर्शाया गया। कार्यक्रम का समापन जयंत खेरकटारी, परिषद विभागाध्यक्ष, सहकारिता द्वारा आरएसईटीआई चिरांग में बकरी पालन और सुअर पालन पर आगामी आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की घोषणा के साथ हुआ।



## कोकराझाड़ : एसएसबी ने भारी मात्रा में भूटानी मदिरा किया जब्त

**कोकराझाड़ ( विभास )।** गुप्त सूचना के अनुसार सीमा चौकी सशीपुर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय भारत भूटान सीमा स्तंभ संख्या-172/3 से 1200 मीटर भारत की ओर आमटेका एरिया में गस्ती के दौरान यह देखा गया कि नदी के पास एक सफेद रंग की संदिग्ध महिन्द्रा बलोरो (न.एस 26 एफ 9464) खड़ी थी और उसके आस-पास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। संदिग्ध बलोरो को सर्च करने के उपांत यह ज्ञात हुआ कि उस महिन्द्रा बलोरो में भूटानी मदिरा (ब्लैक माउन्टेन व्हिस्की-480 बोतल, ) पाया गया। जिसे अवैध घोषित कर जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए अवैध मदिरा व महिन्द्रा बलोरा को लैंड कस्टम ऑफिस हातीसार, दादगिरी में अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपूर्द किया गया। छठीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा लगातार चलाये गए प्रचालन गतिविधियों के कारण भारत-भूटान सीमा पर तस्करों की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगा है।



## अग्रवाल सभा गुवाहाटी महिला समिति ने किया 108 कन्या पूजा



**गुवाहाटी।** नवरात्रि की पावन बेला और माता रानी के आह्वान के साथ ही अग्रवाल सभा महिला समिति की सदस्याओं ने माँ कामाख्या के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा संयुक्त रूप से कुमारी पूजा की। 108 कन्याओं को तिलक लगाया गया, माता की चुनरी ओढ़ाई गई तथा सभी को मिठाई तथा उपहार भेंट किए गए। सभी सदस्यों ने कन्याओं से आशीर्वाद ग्रहण किया। महिला समिति संयोजिका कंचन केजरीवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इसी तरह सभी को सभा के हर कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम अग्रवाल, संगीता-ममता अग्रवाल, रेणु चौधरी, संगीता सुरेखा, लता खंडेलवाल, भावना-राधा सरावगी, सीमा-अनीता सराफ, दर्शना-नीलम-रेणु अग्रवाल, किरण बाजोरिया, चंदा तुलसयान आदि सदस्याओं का भरपूर सहयोग रहा।

## नोवोटेल गुवाहाटी में शानदार बंगाली बुफे डिनर-महाभोज के साथ मनाएं दुर्गा पूजा का जश्न

**गुवाहाटी।** दुर्गा पूजा के उत्सवी माहौल का आनंद और ज्यादा बढ़ाने के लिए नोवोटेल गुवाहाटी सभी भोजन प्रेमियों को विशेष बंगाली थीम वाले डिनर बुफे, महाभोज में भाग लेने के लिए हार्दिक निमंत्रण देता है। 9 से 12 अक्तूबर, शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक, द स्क्वायर रेस्तरों में बंगाल के समृद्ध स्वाद और परंपराओं का आनंद लें। मेहमान नोवोटेल के कुशल बंगाली शेफ लाल्टू साहा द्वारा तैयार किया गया पारंपरिक बंगाली व्यंजनों के शानदार बुफे का लुफ्त उठा सकते है। मुंह में पानी ला देने वाली फिश करी और सुगंधित बासंती पुलाव से लेकर गुड़ पायेश और रसगुल्ला जैसी स्वादिष्ट मिठाइयों तक, प्रत्येक व्यंजन बंगाल की खादय विरासत को दर्शाता है। रोजाना बदलते रहने वाले इस भव्य बुफे में लूची के साथ कोशा मंगशो, बेक्ड मिष्टी दोई, छोलार दाल, लूची के साथ आलूर दम, भापा चिंगरी, मटन डाकबंगला, शोरशे दिए माछ, बेगुनी, पुलाव, रोशोगुल्ला, राजभोग, शोन्देश, मालपुआ, रसमलाई और पायेश जैसी बंगाली विशिष्टताएं शामिल हैं, जो सभी के लिए एक सुखद महाभोज अनुभव सुनिश्चित करेगा। मेहमानों को एक परम उत्सवी माहौल का अनुभव देने के लिए समृद्ध पारंपरिक सजावट और सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रदर्शित किए जाएंगे। नोवोटेल गुवाहाटी में दुर्गा पूजा महाभोज परिवार, दोस्तों या सहकर्मियों के साथ उत्सव का आनंद लेने का एक शानदार अवसर है। नोवोटेल गुवाहाटी के महाप्रबंधक मनमीत सिंह ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा शहर दुर्गा पूजा की खुशी से गुवजार हैं ऑर इसी स्वर्णिम अवसर पर हम आपको नोवोटेल गुवाहाटी में इस खुशनुमा माहोंत्र का अनुभव करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उत्सव से मित्रने वानी गर्मजोशी एकता और प्रेम की भावनाओं से प्रेरित होकर बंगाल के असली स्वाद को प्रवर्धित करने के इरादे से हमने आपके लिए एक विशेष खादूय यात्रा तैयार की हैं/ बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाएं ऑर अपने प्रियजनों के साथ स्थायी यादें बनाएं। इस वर्ष शारदीय दुर्गा पूजा मनाने के लिए, परंपरा और अद्वितीय स्वाद का संगम, नोवोटेल गुवाहाटी, जी एस रोड पर आएं। खाने के शौकीन मेहमानों के साथ स्वादिष्ट भोजन की दुनिया में प्रवेश करें और इस विशेष उत्सव में भाग लेकर अपने प्रियजनों के साथ मीठी यादें बनाएं। इस भव्य आयोजन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अपनी सीट आरक्षित कराएं। अधिक जानकारी के लिए या अपनी टेबल बुक करने के लिए कृपया +91 7577884022 पर संपर्क करें।


**MISSING PERSON**



The above is the photograph of missing person namely CT/SK Madhu Sudan Prasad **Force No. 913188451** belongs to office of the Deputy Inspector General, Group Centre, CRPF, Guwahati, Assam, 9th mile Amcrigog, Dist- Kamrup (M), Pin-781023 who proceeded on 15 days C.L. w.ce.f. 23/09/2024 to 14/10 2024 (including Govt. Holidays) He left the campus on 21/09/2024 (AN) for station by bus and also reached at Guwahati Railway Station on the same day. But till date he has not reached at home as intimated by his family members over telephone. Details of Home/Present address of above Missing person is as under:-

**Missing Person**

| Permanent Home Address | | Present Home Aaadress | |
|---|---|---|---|
| **Name-** | Madhu Sudan Prasad | **Name-** | Madhu Sudan Prasad |
| **S/O-** | Lt. Rambilash Paswan | **S/O-** | Lt. Rambilash Paswan |
| **R/O-** | WVPO Bhadraghat | **VPO-** | Bansdeoni |
| **PS-** | Alamganj | **Dist-** | Kolkata |
| **Dist-** | Patna | **State-** | West Bengal |
| **State-** | Bihar, | **Pin-** | 700070 |
| **Pin-** | 800007 | **Mob No.-** | 74897-88019 |

On receipt of the information, Guwahati GRPS made entries in General Diary and Men Missing Register vide **Guwahati GRPS GDE No. 028 & MMR No. 22/2024, dated-28/09/2024** and enquiry was conducted through SI Kamal Bora of Guwahati GRPS.

All out efforts may kindly be made to conduct a search in your respective jurisdiction to rescue the above noted missing person and if found, the same may kindly be intimated at earliest to contact numbers 0361-2962508 (C/R of Group Centre, CRPF) /**60269-01148** (O/C Guwahati GRPS).

Submitted for the favour of your kind perusal.

Superintendent of Railway Police,
Assam, Pandu, Guwahati -12

***-- Janasanyog /D/7248/24/9-Oct-24***

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 72 | गुवाहाटी | बुधवार, 9 अक्तूबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

हरियाणा में जीत से पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न, सीएम ने ... पेज 4
एसआई भर्ती मामला : मादक पदार्थ तस्करों के 26 रिश्तेदार ... पेज 5
इजराइल ने हिजबुल्लाह का एक और कमांडर मार गिराया, गाजा में हमास के 3 आतंकी ढेर पेज 7
मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज महाकुम्भ के लोगों का किया अनावरण पेज 8

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*विद्या ही निर्धन का धन है।*
- आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### माउंट धौलागिरी से फिसलकर पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडु।** नेपाल में विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी *माउंट धौलागिरी* से फिसल जाने से पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत हो गई है। पर्वतारोही अभियान संचालित करने वाले एक आयोजक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूसी पर्वतारोही नेपाल के शरदकालीन पर्वतारोहण सत्र के दौरान 8,167 मीटर ऊंचे माउंट धौलागिरी शिखर के लिए चढ़ाई चढ़ रहे थे। काठमांडू स्थित *आई एएम* -शेष पृष्ठ पांच पर

### ईरान-इजराइल दोनों देशों ने भारत से लगाई मदद की गुहार

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में इजरायल के हमलों ने ईरान और लेबनान की कमर तोड़कर रख दी है। इजरायल के साथ ईरान और लेबनान संघर्ष ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खींचा है, और इस बीच लेबनान और ईरान ने भारत से मदद की अपील की है। लेबनान के राजदूत ने भारत से आग्रह किया है कि वह इजरायल के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता करे। उन्होंने -शेष पृष्ठ पांच पर

# गुवाहाटी में दुर्गा पूजा के लिए यातायात व्यवस्था में हुआ बदलाव



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी पुलिस आयुक्त कार्यालय की यातायात शाखा ने दुर्गा पूजा के मौके पर गुवाहाटी के ट्रैफिक नियमों में बदलाव करते हुए कई मार्गों को परिवर्तित किया है तथा कई मार्गों पर प्रवेश निषिद्ध किया है। पुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी में कहा गया है कि बच्चों, छात्रों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और एम्बुलेंस, फायर टेंडर आदि जैसे आपातकालीन वाहनों को बिना रुकावट के मार्ग देने के उद्देश्य से 9 अक्तूबर से 13 अक्तूबर तक गुवाहाटी शहर क्षेत्र में दुर्गा पूजा की अवधि के दौरान वाहनों की आवाजाही पर कई प्रतिबंध लगाए जाएंगे। इस दौरान कई स्थानों पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। दुर्गा पूजा के दौरान सभी मालवाहक वाहनों को 9 अक्तूबर से 13 अक्तूबर तक सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक शहर में प्रवेश करने की अनुमति होगी। दुर्गा पूजा के दौरान कई थाना क्षेत्रों के अंतर्गत प्रवेश निषेध (ये प्रतिबंध दुर्गा पूजा के दौरान दोपहर दो बजे से सुबह दो बजे तक लागू रहेंगे) रहेंगे। दिसपुर थाना क्षेत्र के डॉ आरपी रोड गणेश मंदिर की ओर से गणेशगुड़ी फ्लाईओवर की ओर एकतरफा रहेगा। जू रोड की ओर से (गणेशगुड़ी फ्लाईओवर के नीचे) गणेश मंदिर की ओर, दिसपुर की ओर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सर्विस रोड (गणेशगुड़ी होलसेल मार्केट के पास) से आरपी रोड, जू रोड की ओर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं, वशिष्ठ थाना क्षेत्र के पीर अजान फकीर रोड (बेलतला मार्केट रोड) बेलटोला तिनिआली की ओर से जयनगर चारिआली की ओर एकतरफा रहेगा। जयनगर चारिआली की ओर से बेलतला तिनिआली की ओर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, बिष्णु राभा पथ बेलतला तिनिआली की ओर से भेटापाड़ा चारिआली की ओर एकतरफा प्रवेश होगा। बिष्णु राभा पथ के माध्यम से भेटापारा तिनिआली से बेलतला तिनिआली की ओर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। बेलतला तिनिआली से वशिष्ठ चरिआली की ओर डॉ बीएन सैकिया रोड पर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एजी ऑफिस बायलेन एजी ऑफिस की ओर से सौरव नगर और त्रिपुरा गली की ओर एकतरफा होगा। त्रिपुरा गली और सौरव नगर की ओर से किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। त्रिपुरा गली के एक तरफ वाहनों की पार्किंग की अनुमति दी जाएगी। वशिष्ठ चरिआली से बेलतला तिनिआली की ओर वाहनों का प्रवेश वर्जित है। साथ ही भरलुमुख थाना क्षेत्र के फटासिल चारिआली, -शेष पृष्ठ पांच पर

# जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस गठबंधन को बहुमत



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल किया है। चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनावी नतीजों में एनसी को 42, भाजपा को 29, कांग्रेस को 06, पीपल डेमोक्रेटिक पार्टी 03, जम्मू-कश्मीर पीपल कांफ्रेंस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और आम आदमी पार्टी को एक-एक सीटें मिली हैं जबकि सात सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीती हैं। राज्य में सरकार बनाने के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। एनसी और कांग्रेस के गठबंधन को कुल 48 सीटें मिली हैं। राज्य में 10 साल बाद हुए चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बननी तय मानी जा -शेष पृष्ठ पांच पर

## कांग्रेस-एनसीपी के सीएम फेस को करेंगे सपोर्ट : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अपने गठबंधन सहयोगियों, कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) द्वारा घोषित मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। राज्य स्तर पर शिवसेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम, वज्र निर्धार परिषद में बोलते हुए, उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में जीत हासिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला -शेष पृष्ठ पांच पर

## हरियाणा के नतीजे अप्रत्याशित और अस्वीकार्य : कांग्रेस



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और अस्वीकार्य बताया है। पार्टी ने कहा कि नतीजे अचंभित करने वाले हैं। इससे लगता है कि यह सिस्टम (तंत्र) की जीत है, लोकतंत्र की हार है। हम इस हार को स्वीकार नहीं कर सकते। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों के बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मतगणना के बारे में हमें सुबह से ही शिकायतें मिल रही हैं। हम अपने विश्लेषण और इन शिकायतों पर मंथन कर अगले एक या दो दिन में चुनाव -शेष पृष्ठ पांच पर

# आनलाइन शेयर कारोबार घोटाला मामलों की जांच सीबीआई ने संभाली : हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूरे राज्य भर में दर्ज ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के 41 मामलों की जांच आधिकारिक तौर पर संभाल ली है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर पोस्ट किया कि ऑनलाइन शेयर कारोबारघोटाले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए, हमने भारत सरकार से सभी 41 पंजीकृत मामलों को औपचारिक रूप से सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया था। राज्य के मुख्यमंत्री शर्मा के पास राज्य का गृह प्रभार भी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई आधिकारिक रूप से इस मामले को अपने हाथ में ले रही है और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी कि जल्द से जल्द न्याय मिले। राज्य में ऑनलाइन कारोबार घोटाला अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्रकाश में आया था, -शेष पृष्ठ पांच पर

## हरियाणा में तीसरी बार सफलता पर मुख्यमंत्री शर्मा ने दी बधाई

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** हरियाणा में तीसरी बार सफलता पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हरियाणा में तीसरी बार जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने में सफलता पाई है। इस भव्य विजय के लिए पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को मेरा अभिनंदन है। इस परिणाम से एक बात स्पष्ट है, मोदी की गारंटी में ही भारत का पूर्ण विश्वास है।

# बीटीआर के हर बच्चे का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता- प्रमोद बोड़ो



**कोकराझार ।** बीटीआर के 2024-25 के कुल बजट आवंटन का एक प्रतिशत बच्चों के अनुकूल बीटीआर को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित किया जाएगा। ये बातें आज बोड़ोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) के सीईएम प्रमोद बोड़ो ने कही। उन्होंने कहा कि बोड़ोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) परिषदीय सरकार क्षेत्र के हर बच्चे के समग्र कल्याण और विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। बोड़ो ने यह बातें बीटीसी सचिवालय में आयोजित *बच्चों के अनुकूल बीटीआर* पर एक दिवसीय परामर्श और समीक्षा बैठक में कही, जिसका उद्देश्य बीटीआर में बच्चों के लिए एक पोषक वातावरण को बढ़ावा देना है। बैठक में बीटीआर के 10 एमसीएलए निर्वाचन क्षेत्रों में पहले से चल रही विभिन्न बच्चों के अनुकूल पहलों पर गहन चर्चा -शेष पृष्ठ पांच पर

# भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित : अमित शाह

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की जनता का पार्टी को सबसे अधिक मत प्रतिशत और अब तक के इतिहास में सर्वाधिक सीटें देने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन में जम्मू-कश्मीर में सिर्फ आतंक का राज था और हर दिन लोकतंत्र की हत्या होती थी। वहीं भाजपा शासन में लोकतंत्र का महापर्व पूरी शान और शांति से मनाया गया। जम्मू-कश्मीर की जनता को 1987 के विधानसभा चुनाव भी अच्छी तरह याद हैं, जब कांग्रेस ने खुलेआम धांधली कर लोकतंत्र का मजाक उड़ाया था। जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनावी नतीजों में नेशनल कांफ्रेंस को सबसे अधिक 42 और भाजपा को दूसरे नंबर पर 29 सीटें मिली हैं। नेशनल कांफ्रेंस का कांग्रेस से गठबंधन है और कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं। हालांकि भाजपा का राज्य -शेष पृष्ठ पांच पर

## न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर दिखी दुर्गा पूजा की धूम

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर में दुर्गा पूजा की भव्य शुरुआत हुई और बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी इस उत्सव में शामिल हुए। इस बीच इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर रुचिका जैन ने एक वीडियो शेयर करते हुए उत्सव की शुरुआत की घोषणा की और सभी भारतीय -शेष पृष्ठ पांच पर

# *आरजी कर अस्पताल : 50 सीनियर डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा*

**कोलकाता ( हि.स. )।** धर्मतला में अपनी दस सूत्री मांगों के लिए अनशन पर बैठे सात जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इस घटनाक्रम ने आंदोलन को नाटकीय मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है। जूनियर डॉक्टरों ने सीनियर डॉक्टरों को *गार्ड ऑफ ऑनर* देकर उनके इस फैसले का स्वागत किया। सीनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस्तीफा सौंपा और मांग की है कि आंदोलनरत डॉक्टरों की मांगों पर सरकार तत्काल कदम उठाए। आरजी कर के एक सीनियर डॉक्टर ने कहा कि आमरण अनशन आखिरी विकल्प है। मजबूरी में जूनियर डॉक्टरों ने यह कदम उठाया है। ढाई दिन से ज्यादा समय बीत चुका है और अब तक सरकार की तरफ से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसलिए हमने सामूहिक इस्तीफा दिया है और इसके बाद हम व्यक्तिगत रूप से भी इस्तीफा देने का रास्ता अपना सकते हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार से धर्मतला में एक अस्थायी मंच पर जूनियर डॉक्टर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। उनकी मांगों को लेकर 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा देकर अपना समर्थन जताया है। शनिवार को जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त कर अनशन शुरू करने का फैसला किया था, लेकिन अब सीनियर डॉक्टरों के इस्तीफे से पूजा के दौरान आरजी कर अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं बाधित होने की आशंका जताई जा रही है। सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर जूनियर डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के 90 प्रतिशत विकास कार्य अगले 10 तारीख तक पूरे हो जाएंगे। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष महीने का जिक्र नहीं किया था। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अस्पतालों -शेष पृष्ठ पांच पर

*No.DDB/BTC/Library/NIT-01/2024-25/963* *Dated 07/10/2024*

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders affixing a non-refundable Court Fee Stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight &Twenty Five Paisa) only with a validity period of 180 (One Hundred Eighty) days,which will subsequently to be converted and drawn up in the APWD's printed F-2 forms are invited from the registered contractors of Class-II and Class-I (A, B & C) category of Assam PWD (Roads & Building) and BTC, according to their eligibility for submitting tenders for the following works under Library Services Deptt. (SOPD) fund for the year 2024-25. The Tenders will be received by the undersigned up to 01.00 P.M. on 04.10.2024 and will be opened on the same date & place at 01.30 P.M. under SOPD fund P&RD Deptt. for the year 2024-25.

| Sl. No. | Name of Work | Tender Value (Rs. In Lakh) | EMD/Bid Security. (in Rs. 1% ST, SC & 2% Oth) | Cost of Tender Paper | Time of Completion (Month) | Pre-bid Date & Time. | Last date & Time of Bid submission | Date & Time of Bid Opening) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of Jnanoday Rural Library at Dotma under Library Services Deptt. for the Financial year 2025-25. | Rs. 15,00,000/- | Rs.15,000.00 | Rs.450/- | 3 Months | 28.10.2024 (10.30 A.M) | 04.11.2024 (01.00 P.M.) | 04.11.2024 (01.30 P.M.) |

The Tender document can be seen/obtained from the undersigned during Office hours a pre-bid meeting will be held as mentioned above.

The address for the meeting is BDO's Chamber Dotma Dev. Block, Dotma. The bid will be opened in the Office of the undersigned as per the scheduled mentioned above.

The TIA reserves the right to accepts or reject any bid/tender and to cancel/annual the bidding process and reject all bids at any time prior to contract award.

Sd/-
Block Development Officer,
Dotma Dev. Block, Dotma

*IPR(BTC)/C/2024-25/695*

*No.DDB/BTC/Sports/NIT-01/2024-25/962* *Date 07/10/2024*

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders affixing a non-refundable Court Fee Stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight &Twenty Five Paisa) only with a validity period of 180 (One Hundred Eighty) days, which will subsequently to be converted and drawn up in the APWD's printed F-2 forms are invited from the registered contractors of Class-II and Class-I(A,B & C) category of Assam PWD (Roads & Building) and BTC, according to their eligibility for submitting tenders for the following works under Sports & Youth Welfare Deptt.(SOPD) fund for the year 2024-25. The Tenders will be received by the undersigned up to 12.00 P.M. on 04.10.2024 and will be opened on the same date & place at 12.30 P.M. under SOPD fund P&RD Deptt. for the year 2024-25.

| Sl. No. | Name of Work | Tender Value (Rs. In Lakh) | EMD/Bid Security (in Rs. 1% ST, SC & 2% Oth) | Cost of Tender Paper | Time of Completion (Month) | Pre-bid Date & Time | Last date & Time of Bid submission | Date & Time of Bid Opening) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Playground Development along with installation of football goal post at Aflagaon High school Afflagaon VCDC in Kokrajhar Dist. | Rs. 8,00,000/- | Rs. 8,000.00 | Rs.240/- | 2 Months | 28.10.2024 (10.30 A.M) | 04.11.2024 (12.00 P.M.) | 04.11.2024 (12.30 P.M.) |

The Tender document can be seen/obtained from the undersigned during Office hours a pre-bid meeting will be held as mentioned above.

The address for the meeting is BDO's Chamber Dotma Dev. Block, Dotma. The bid will be opened in the Office of the undersigned as per the scheduled mentioned above.

The TIA reserves the right to accepts or reject any bid/tender and to cancel/annual the bidding process and reject all bids at any time prior to contract award.

Sd/-
Block Development Officer,
Dotma Dev. Block, Dotma

*IPR(BTC)/C/2024-25/696*

# हरियाणा में जीत से पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न, सीएम ने भेजे बधाई संदेश

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** हरियाणा में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम केवल एक राज्य के लिए नहीं, बल्कि लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम न आने की निराशा भी दूर करने वाले साबित हो रहे हैं। जिस तरह से देश भर के भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं और हरियाणावासियों के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं, उसका यही संदेश है कि हरियाणा चुनाव परिणामों ने भाजपा को नई ऊर्जा से भर दिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी इस ऐतिहासिक विजय के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तो बहुत दूर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मौजूदगी में राज्य के नेताओं हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का जश्न मनाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभी हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई! *विकसित हरियाणा-विकसित भारत* की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी की लोक-कल्याणकारी नीतियों, माननीय मुख्यमंत्री श्री @NayabSainiBJP जी के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर हरियाणा की जनता-जनार्दन के विश्वास की मुहर है। राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को पुन: सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए सभी हरियाणावासियों का हार्दिक अभिनंदन! बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरियाणा विधानसभा में भाजपा की जीत पर सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने पर भारतीय जनता पार्टी को बधाई एवं शुभकामनाएं। हरियाणा की जनता ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आदरणीय @narendramodi जी के नेतृत्व में @BJPyHaryana ने तीसरी बार जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने में सफलता पाई है। इस भव्य विजय के लिए पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को मेरा अभिनंदन। इस परिणाम से एक बात स्पष्ट है, #ModiKiGuarantee में ही भारत का पूर्ण विश्वास है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणामों पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हरियाणा में आए फैसले के लिए पीएम मोदी को मेरी बधाई... यह पीएम मोदी पर लोगों के विश्वास की जीत है। यह दर्शाता है कि हरियाणा के लोगों ने सब कुछ नकार दिया है और विकास की राजनीति को स्वीकार किया है... जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की जीत हुई है। कहा जाता था कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद खून की नदियां बहेंगी लेकिन चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुए हैं... यह पाकिस्तान को करारा तमाचा है जो सोचता था कि केवल सेना ही जम्मू-कश्मीर को नियंत्रित कर सकती है... राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि हम सभी जानते थे कि हरियाणा में बहुत अच्छे नतीजे आएंगे और हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने जा रही है... जनता ने एक बार फिर भाजपा पर अपना विश्वास जताया है। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। मैं सभी को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहती हूं। केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मुद्दा (चुनाव का) यह था कि हमने हरियाणा के पहलवानों, किसानों, युवाओं के लिए जो काम किया है, कांग्रेस वह कभी नहीं कर सकती। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि इस जीत का श्रेय हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं और राज्य के लोगों को जाता है... हमारे सीएम ने पहले ही कहा था एक दिन आएगा जब जनता देगी जवाब और ये (कांग्रेस) एक ही बात कहेंगे कि ईवीएम खराब है... भाजपा की जीत से उत्साहित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री इस चुनाव प्रचार के दौरान चर्चा में आई जलेबी तलकर कार्यकर्ताओं में बांटते नजर आए। राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओड़िसा सहित देश भर के सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बधाई संदेश भेजे हैं और राज्य में भाजपा के मुख्यालयों पर मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया है।

## पश्चिम बंगाल के लोगों को याद आया 160 साल पहले आया चक्रवात



**कोलकाता(ईएमएस)।** इन दिनों बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का असर देखा जा रहा है, जिससे पश्चिम बंगाल में बारिश हो रही है और दुर्गा पूजा की तैयारियों पर भी इसका असर पड़ रहा है। लेकिन, यह मौसम केवल वर्तमान की कहानी नहीं कहता। बल्कि आज से 160 साल पहले, 5 अक्टूबर 1864 को, बंगाल ने एक विनाशकारी चक्रवात का सामना किया था, जिसने हजारों लोगों की ज़िंदगी तबाह कर दी थी। इस चक्रवात ने न केवल आम जनजीवन, बल्कि सरकारी इमारतों जैसे हाई कोर्ट, टेलीग्राफ दफ्तर और जेल को भी भारी नुकसान पहुंचाया। उस दिन समुद्र का जलस्तर 40 फीट तक बढ़ गया, जिससे सैकड़ों फूस के घर और हजारों मिट्टी के घर पूरी तरह से नष्ट हो गए थे। खजूरी बंदरगाह, जो कभी व्यापार का मुख्य केंद्र था, समुद्र में डूब गया। बंगाल का पूर्वी मेदिनीपुर जिला, विशेष रूप से खेजुरी, जो एक प्रमुख आयात-निर्यात केंद्र था, समुद्री तूफान की चपेट में आ गया। चक्रवात ने कोलकाता सहित एक बड़े हिस्से को तहस-नहस कर दिया था। कोलकाता में बाढ़ की स्थिति भयानक थी, जिसमें लगभग 60,000 लोगों की जान चली गई थी। बाढ़ के बाद भी बीमारी और संक्रमण के चलते कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी। खास बात यह थी कि एक डकैती मामले में 32 लोगों को कोलकाता ले जाया जा रहा था, जिन्होंने सड़क पर इस विनाशकारी तूफान का सामना किया। इनमें से केवल 2 लोग ही जीवित बच सके। उस दिन भारी बारिश भी हुई, जिसके दौरान खजूरी से कुछ ही दूरी पर स्थित कौखली गांव में लाइटहाउस की ऊंचाई तक पानी भर गया था। 5 अक्टूबर 1864 का चक्रवात बंगाल के इतिहास में एक काले दिन के रूप में दर्ज है, जिसने न केवल क्षेत्र को बर्बाद किया, बल्कि हजारों लोगों की ज़िंदगियों को भी हमेशा के लिए बदल दिया।

*प्रधानमंत्री ने हरियाणा के लोगों का जताया आभार, कहा-*

## हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया, कमल कमल कर दिया



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा मुख्यालय में जश्न का माहौल है। विजय उत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि हम सबने सुना है जहां दूध दही का खाना वैसा है अपना हरियाणा। हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया है। कमल कमल कर दिया है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज नवरात्री का छठां दिन है। मां कात्यानी के आराधना का दिन है। मां शेर पर विराजमान होकर हाथ में कमल को धारण किए हुए हैं। हम सभी को आर्शीवाद दे रही हैं। ऐसे पावन दिन हरियाणा में तीसरी बार लागातार कमल खिला है। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई, विकास की जीत हुई। हर जाति, हर वर्ग के लोगों ने हमें वोट दिया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दशकों के इंतजार के बाद शांतिपूर्वक चुनाव हुए। वोटों की गिनती हुई नतीजे आए, यह संविधान की जीत है, भारत के लोकतंत्र की जीत है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने एनसी को ज्यादा सीटें दी। वोट प्रतिशत के हिसाब से देखें कश्मीर में जितनी भी पार्टियां लड़ रही थीं, भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। हरियाणा की यह जीत कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत है। नम्र विनम्र मुख्यमंत्री की जीत है। आज हरियाणा की जनता ने नया इतिहास रच दिया है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था, इतने वर्षों में बड़े-बड़े दिग्गजों ने इस राज्य का नेतृत्व किया। इस जनादेश की गूंज दूर दूर तक सुनाई दे रही है। वहीं कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि 2011 के बाद जितने भी चुनाव हुए लोगों ने कांग्रेस को नहीं जीताया। देश के कितने ही राज्य हैं, जहां से कांग्रेस को एक बार लोगों ने निकाल दिया फिर उसे घुसने नहीं दिया।

## 500 करोड़ के हाईबॉक्स मोबाइल ऐप स्कैम में रिया चक्रवर्ती, एल्विश यादव और भारती सिंह फंसे

**- दिल्ली पुलिस ने भेजा समन**
**- 500 से अधिक शिकायतें दर्ज**




**नई दिल्ली (ईएमएस):** 500 करोड़ रुपये के हाईबॉक्स मोबाइल ऐप से जुड़े एक बड़े घोटाले में बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती, कॉमेडियन भारती सिंह और यूट्यूबर एल्विश यादव का नाम सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने इन तीनों समेत कई यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को समन भेजा है। इन पर आरोप है कि इन्होंने ऐप के प्रचार के माध्यम से लोगों को उच्च रिटर्न का लालच देकर निवेश के लिए प्रेरित किया।


**500 से अधिक शिकायतें दर्ज -** दिल्ली पुलिस को इस मामले में 500 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतकताओं ने बताया कि उनके पसंदीदा यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के प्रमोशनल वीडियोज देखकर उन्होंने हाईबॉक्स ऐप में निवेश किया था। पुलिस ने 30 हजार से अधिक लोगों के साथ 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

**मुख्य आरोपी शिवराम गिरफ्तार -** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, इस घोटाले का मुख्य आरोपी शिवराम (30), जो चेन्नई का निवासी है, को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस कमिश्नर हेमंत तिवारी ने बताया कि हाईबॉक्स एक मोबाइल ऐप है, जिसके जरिए लोगों से रोजाना 1 से 5 प्रतिशत और महीने में 30 से 90 प्रतिशत तक गारंटीशुदा रिटर्न का वादा किया गया था।

**कई यूट्यूबर्स के खिलाफ मामला दर्ज -** रिया चक्रवर्ती, भारती सिंह और एल्विश यादव के अलावा, यूट्यूबर सौरव जोशी, हर्ष लिंबाचिया, अभिषेक मल्हान, दिलराज सिंह रावत, पूरव झा, लक्ष्य चौधरी, आदर्श सिंह और अमित जैसे यूट्यूबर्स के खिलाफ भी इस मामले में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।

दिल्ली पुलिस ने ईएमएस को जानकारी दी है कि वे दो पेमेंट प्लेटफॉर्म्स, ईजीबज और फोनपे, की जांच कर रहे हैं। आरोप है कि इन प्लेटफार्म्स ने भारतीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और अन्य संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

## चीन से तल्खी के बीच मालाबार युद्धाभ्यास की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली(ईएमएस)।** हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन के बढ़ते आक्रामक तेवरों के बीच अगले सप्ताह 8 अक्टूबर से भारत की मेजबानी में ह्यमालाबार-2024 नौसैन्य युद्धभ्यासह्व की शुरूआत की जाएगी। यह चार देशों का एक चतुष्कोणीय युद्धाभ्यास है। जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं भाग लेंगी। नौसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी देते हुए बताया कि यह युद्धाभ्यास 8 से 18 अक्टूबर तक नौसेना की पूर्वी कमांड के मुख्यालय विशाखापट्टनम में होगा। इसके समुद्री चरण में सभी भागीदार देशों की नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ बेहद जटिल नौसैन्य ड्रिल करेंगी। युद्धाभ्यास का बंदरगाह चरण विशाखापट्टनम में होगा। नौसेना ने बताया कि इस युद्धाभ्यास में बड़े पैमाने पर सहयोग और रणनीतिक क्षमता में बढ़ोतरी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। एिसएमईई के जरिए विशेष अभियानों, सतह, हवाई और पनडुब्बी रोधी युद्ध जैसे मामलों पर चर्चा की जाएगी। जटिल समुद्री अभियानों में पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह पर लड़ा जाने वाला युद्ध, समुद्र में किए जाने वाले हवाई रक्षा अभ्यास के साथ समुद्री परिदृश्य के बीच परिस्थिति को लेकर जागरूकता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मालाबार युद्धाभ्यास की शुरूआत वर्ष 1992 में भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय नौसैन्य युद्धाभ्यास के रूप में हुई थी। 2015 में जापान और 2020 में ऑस्ट्रेलिया इसमें शामिल हुआ था। चीन इस अभ्यास का सबसे बड़ा आलोचक है। शुरूआत में द्विपक्षीय होने के बाद अंतर संचालनीयता, आपसी समझ को बढ़ाने और हिंद और प्रशांत महासागर में साझा समुद्री चुनौतियों का मुकाबला करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह एक बहुपक्षीय अभ्यास के रूप में परिवर्तित हो गया। मालाबार युद्धाभ्यास में मिसाइल नाशक डिस्ट्रॉयर, बहुउद्देशीय फ्रिगेट, पनडुब्बियां, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर समेत कई भारतीय नौसैन्य प्लेटफार्म शामिल हुए।

## रामलीला के मंच पर राम का किरदार निभा रहे कलाकार को आया अटैक, मौत



**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में रामलीला का मंचन चल रहा था. इसमें भगवान राम का किरदार निभा रहे कलाकार को अचानक सीने में दर्द उठा, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। राम का किरदार सुशील कौशिक (45) निभा रहा था, जो विश्वकर्मा नगर का रहने वाला था। सुशील पेशे से प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें सुशील कौशिक भगवान राम का किरदार निभा रहा है और डायलॉग बोल रहा है। इस दौरान भगवान राम किसी से प्रार्थना कर रहे हैं, लेकिन इसी बीच उनके दिल में दर्द उठता है और वह अपने हाथ दिल पर रख लेते हैं और वह मंच से पीछे चले जाते हैं। आयोजकों ने तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए। पुलिस के मुताबिक, सुशील कौशिक को मंच पर ही हार्ट अटैक आया था जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अचानक बदला मौसम, पंजाब, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में हुई झमाझम, अलर्ट जारी



**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में देर रात अचानक मौसम बदल गया। तीनों राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसके साथ ही लोगों को पिछले दिनों उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने पंजाब के कई जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर और कपूरथला के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इसके साथ ही 5 से 15 मिमी बारिश होने की संभावना है। वहीं, तरनतारन, जालंधर, मोगा, फरीदकोट, मुक्तसर और फज्लिका के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक इन जिलों में 20 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और पांच मिमी बारिश हो सकती है। जम्मू और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कुपवाड़ा, डोडा, कठुआ, बारामूला, शोपियां, पुलवामा समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, कांगड़ा, चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर में भी येलो अलर्ट जारी किया है।

## चेंबूर के एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत



**मुंबई, (हि. स.)।** चेंबूर के सिद्धार्थ नगर में स्थित एक घर में रविवार को तड़के लगी आग में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन छोटे बच्चे और दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार चेंबूर के सिद्धार्थ नगर स्थित एक घर में आज तड़के करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। उस समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। लेकिन घर में आग लगने की भनक लगते ही सभी सदस्यों ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटों से बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और किसी तरह परिवार के सभी सदस्यों को घटनास्थल से निकाल कर राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि सभी मृतक गुप्ता परिवार के सदस्य थे। चेंबूर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर आग लगने कारणों की छानबीन के साथ मृतकों की पहचान का भी प्रयास कर रही है।


## चेन्नई में एयर शो : राफेल-सूर्यकिरण, सारंग समेत 72 एयरक्राफ्ट शामिल




**चेन्नई(ईएमएस)।** भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मनाने वाली है। एयर वाइस मार्शल के प्रेमकुमार के मुताबिक भारतीय वायुसेना ने लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारी में हैं। चेन्नई में 21 साल बाद हो रहा एयर शो 21 साल के बाद चेन्नई में कोई फ्लाईपास्ट और एरियल डिस्प्ले शो हो रहा है। भारतीय वायुसेना तीसरी बार स्थापना दिवस पर होने वाला एयर शो दिल्ली से बाहर आयोजित कर रही है। पिछले साल यह शो 8 अक्टूबर 2023 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम क्षेत्र में हुआ था। 2022 में इसे चंडीगढ़ में रखा गया था। मरीना बीच पर आयोजित शो को देखने के लिए 15 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। शो में एडवांस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड, और डकोटा और हार्वर्ड जैसे हैरिटेज एयरक्राफ्ट के भी शामिल होंगे।

वायुसेना प्रमुख बोले- 2047 तक सभी हथियार भारत में बनाने का लक्ष्य एयरफोर्स डे से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि भारत को सैन्य उपकरण बनाने के मामले में टेक्नोलॉजी और स्पीड के मामले में चीन से आगे निकलने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा था कि वायुसेना का लक्ष्य स्वदेशीकरण कार्यक्रम के तहत 2047 तक अपने सभी हथियारों का प्रोडक्शन भारत में ही करना है।

## कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों का अनशन जारी, 10 मांगों के समर्थन में डटे



**कोलकाता, (हि.स.)।** राजधानी कोलकाता के धर्मतला के मेट्रो चैनल के पास छह जूनियर डॉक्टर 10 मांगों के समर्थन में शनिवार रात 8:30 बजे से अनशन पर बैठे हैं। रविवार दोपहर यहां और अधिक संख्या में जूनियर डॉक्टर समर्थन के लिए पहुंचे हैं। उनके अनशन स्थल पर बोर्ड लगाया गया है, जिसमें हर घंटे अनशन का समय लिखा जा रहा है। डॉक्टरों की यह हड़ताल आरजी कर अस्पताल की घटना का खुलासा होने के बाद से जारी है। रविवार सुबह सीनियर डॉक्टरों का एक प्रतिनिधि मंडल जूनियर डॉक्टरों के अनशन स्थल पर पहुंचा। वे अपने जूनियर साथियों को समर्थन देने आए थे। जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधि अनिकेत महतो ने रविवार को हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों की शारीरिक स्थिति स्थिर है, हालांकि उन्हें कुछ समस्याएं हो रही हैं। बायो टॉयलेट न लगाए जाने के कारण उन्हें दूर के शौचालयों का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे थोड़ी असुविधा हो रही है। धरने पर बैठे डॉक्टर अर्णव मुखर्जी, अनुष्टुप मुखर्जी और तनया पांजा ने बताया कि उन्हें बायो टॉयलेट लगाने की अनुमति नहीं मिली। डॉक्टर अर्णव मुखर्जी ने कहा, "हमने बायो टॉयलेट लगाने का सोचा था, लेकिन पुलिस ने इसे अनुमति नहीं दी क्योंकि यह 'ग्रीन जोन' है। हमें थोड़ी दूरी पर बने सामान्य शौचालय का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।"

**अनशनकारी कौन हैं?**

अनशन पर बैठे डॉक्टरों में कोलकाता मेडिकल कॉलेज के अनुष्टुप मुखर्जी, तनया पांजा, कैंसर विभाग की सीनियर रेसिडेंट स्नेहदा हाजरा, एसएसकेएम के अर्णव मुखर्जी, एनआरएस के पुलस्त्य आचार्य और केपीसी अस्पताल की सायंतनी घोष शामिल हैं।

शनिवार रात 8:30 बजे से शुरू हुआ यह अनशन लगातार जारी है। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी 10 मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक अनशन जारी रहेगा।

जूनियर डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस को ईमेल के जरिए अनशन की अनुमति मांगी थी, लेकिन पुलिस ने पंडालों और भीड़ की वजह से अनुमति देने से इनकार कर दिया।

## त्योहारी सीजन में चलेंगी लगभग 400 स्पेशल ट्रेन, 11 नवंबर तक लगाएंगी 5,975 स्पेशल ट्रिप




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नवरात्रि की शुरूआत के साथ ही देश में फेस्टिव सीजन भी शुरू हो गया है। और इसके साथ ही छुट्टियों में एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले मुसाफिरों की संख्या में भी तेजी के साथ बढ़ोतरी होने लगी है। फेस्टिव सीजन में यात्रियों की संख्या के दबाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने इस साल भी बड़ी तैयारी की है। नवरात्रि से लेकर छठ पूजा तक की अवधि में मुसाफिरों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने 400 से स्पेशल ट्रेन लॉन्च की है। फेस्टिव सीजन के दौरान ये स्पेशल ट्रेन 5,975 फेरे (ट्रिप) लगाएंगी, ताकि यात्रियों को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्रेन मिल सके। इसके पहले 2023 में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे। इस तरह इस साल मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन पिछले साल की तुलना में 1,546 फेरे अधिक लगाएंगी। हालांकि मंत्रालय की ओर से ये भी कहा गया है कि अगर मुसाफिरों की संख्या का दबाव और बढ़ा तो स्पेशल ट्रेन के फेरों की संख्या में और बढ़ोतरी की जा सकती है। मध्य रेलवे ने फेस्टिव सीजन के दौरान 278 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है, जिससे छुट्टियों में अपने पुश्तैनी शहरों में या गांव जाने और फिर वापस आने में लोगों को काफी सुविधा होगी। इन ट्रेनों का रूट, ऑरिजिन स्टेशन से छूटने और डेस्टिनेशन तक पहुंचने का समय तथा रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत जानकारी पाने के लिए इंडियन रेल की इंक्वारी वाली साइट से पता किया जा सकता है। इसके पहले उत्तर रेलवे ने भी फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों के लिए परेशानी मुक्त और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के इरादे से 138 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया था। इसके तहत 11 नवंबर तक ये स्पेशल ट्रेन 2,694 फेरे लगाएंगी।

उत्तर रेलवे की ओर से दावा किया गया था कि इस साल पिछले साल की तुलना में स्पेशल ट्रेन के फेरे अधिक होने की वजह से पहले से प्लान करके चलने वाले मुसाफिरों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन के अलावा पहले से चल रही 108 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच (डिब्बा) जोड़ने का भी ऐलान किया गया है। ये अतिरिक्त डिब्बे सामान्य श्रेणी के होंगे, जिससे अंतिम समय में यात्रा करने का मन बनाने वाले मुसाफिरों को भी ट्रेन में जगह मिल सकेगी।

# एसआई भर्ती मामला : मादक पदार्थ तस्करों के 26 रिश्तेदार पेपर लीक के माध्यम से बने थानेदार, एसओजी जल्द लेगी एक्शन

**जयपुर ( हिंस )।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के मामले में गिरफ्तार सगे तस्कर के बेटा-बेटी ने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की पूछताछ में कई अहम खुलासे किए है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि तस्करों के करीब 26 रिश्तेदार पेपर लीक के माध्यम से थानेदार बने है और अभी वे ट्रेनिंग कर रहे है। एसओजी दिनेश और प्रियंका के फरार पिता की तलाश कर रही है। एसओजी ने बहन-भाई को सोमवार को कोर्ट में पेश कर 11 अक्तूबर तक रिमांड पर ले लिया गया। गौरतलब है कि एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में 6 अक्तूबर को ट्रेनी एसआई भाई-बहन दिनेश विश्नोई (27) और प्रियंका विश्नोई (28) को अरेस्ट किया गया था। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि राजस्थान पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग कर रहे 24 से अधिक ट्रेनी एसआई के परिजन-रिश्तेदार मादक पदार्थ तस्कर गैंग से जुड़े है। एसओजी ने पूछताछ में सामने आए सभी को चिन्हित कर लिया है। इन सभी की भूमिका की जांच की जा रही है। इनकी पेपर लीक करवाने में क्या भूमिका थी। माना जा रहा है कि पिता भागीरथ के अरेस्ट होने पर एसआई पेपर लीक मामले में शामिल रहे अन्य मादक पदार्थ तस्करों के बारे में खुलासा हो सकेगा। भागीरथ ने बेटा-बेटी को एसआई बनाने के लिए 15 लाख रुपए में पेपर लिया था। 14 सितम्बर 2024 को गोपाल सहारण ने एसआई भर्ती परीक्षा का पेपर पढ़वाया था। उसी दिन ओमप्रकाश फौजी ने भी कई अभ्यर्थियों को लीक हुए पेपर को पढ़ाया था। एसओजी एसआई भर्ती परीक्षा का पेपर पढ़ने वाले आरोपियों को चिन्हित कर रही है, जिन्हें ओमप्रकाश ने पेपर पढ़वाया था। पूछताछ में सामने आया है कि पेपर लीक मामला सामने आने के बाद तय हुआ था कि कोई किसी का नाम नहीं बताएगा। परीक्षा रद्द होने पर भाग जाने की तैयारी थी। परीक्षा रद्द नहीं होने तक चुपचाप रहकर प्रशिक्षण पूरा करेंगे। इसके चलते दोनों भाई-बहन भी चुपचाप ट्रेनिंग ले रहे थे। अब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 45 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी। पेपर लीक मामले में एसओजी के सामने अब तक मादक पदार्थ के तीन तस्कर के नाम सामने आ चुके हैं। जोधपुर के मादक पदार्थ तस्कर श्रवण बाबल को एसओजी ने अरेस्ट किया था। उसने अपनी बेटी चंचल व अन्य रिश्तेदारों के लिए एसआई पेपर खरीदा था। उसकी बेटी चंचल के परीक्षा से पहले पेपर मिलने पर थानेदार बनने पर अरेस्ट किया गया था। वहीं, मादक पदार्थ तस्कर ओमप्रकाश फौजी को भी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। तस्कर ओमप्रकाश ने जयपुर में फ्लैट किराए पर लेकर दो दर्जन से अधिक परीक्षार्थियों को मोटी रकम लेकर पेपर उपलब्ध करवाया था। एसओजी ने ओमप्रकाश से पूछताछ के बाद कुछ ट्रेनी एसआई को भी अरेस्ट किया था। पेपर लीक मामले में मादक पदार्थ तस्कर भागीरथ का नाम अब एसओजी के सामने है। पेपर लीक से थानेदार बने बेटे-बेटी को अरेस्ट करने के बाद एसओजी तस्कर भागीरथ की तलाश कर रही है।

# राज्य में प्रत्येक एक लाख पशुओं पर एक मोबाईल वेटरिनरी यूनिट काम करेगी : शासन सचिव पशुपालन

**जयपुर ( हिंस )।** पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य एवं राज्य मंत्री पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य विभाग जवाहर सिंह बेढम के विशिष्ट आतिथ्य में बुधवार 9 अक्तूबर को आगरा रोड स्थित राजस्थान राज्य पशुधन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे मोबाईल वेटरिनरी इकाइयों के लिए कॉल सेटर का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। डॉ. शर्मा ने बताया कि भारत सरकार की केंद्र प्रवर्तित योजना ईएसवीएचडी-एमवीयू के तहत प्रदेश में 536 मोबाईल वेटरिनरी यूनिट के माध्यम से पशुपालकों को उनके घर पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य में प्रत्येक एक लाख पशुओं पर एक मोबाईल वेटरिनरी यूनिट काम करेगी। उन्होंने बताया कि अभी तक ये यूनिट अपने तय रूट पर शिविर लगाकर पशुपालकों को अपनी सेवाएं दे रही हैं। कॉल सेंटर शुरू हो जाने से पशुपालकों को उनके दरवाजे पर ही पशु चिकित्सा सेवा मिल सकेगी। इस कॉल सेंटर का हेल्प लाईन नंबर 1962 है जिस पर फोन कर पशुपालक इन सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रत्येक मोबाईल यूनिट के लिए एक पशु चिकित्सक, एक तकनीकी पशु चिकित्साकर्मी तथा एक ड्राईवर कम पशु परिचारक की व्यवस्था की गई है।

# चौरीचौरा विधायक ने की किसानों के साथ भूमि अधिग्रहण संबंधी बैठक



**गोरखपुर ( हिंस )।** चौरीचौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने मंगलवार को माडापार गोबरहिया में जीडीए द्वारा जमीन अधिग्रहण को लेकर नौ गांवों के किसानों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने विधायक से बताया कि हम छोटे किसान हैं। हमारीजमीनों को अधिग्रहण न किया जाए। हमें कोई मुआवजा नहीं चाहिए। दस वर्षों से जमीन की मालकियत में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है और सर्किल रेट भी वहीं है। जिससे हम लोगों को कोई मुनाफा नहीं होगा और हमारे पास अनाज उगाने के लिए कुछ भी नहीं रह जाएगा। हम छोटे काश्तकार हैं और हम लोगों के पास एक-डेढ़ बीघा जमीन है। किसानों ने अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। जिस पर विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें किसानों की समस्या बताऊंगा। किसानों को न्याय मिलेगा। उक्त अवसर पर आनंद शाही, राहुल जायसवाल, अशोक शाही, संतोष पांडेय, सुरेन्द्र मोहन, रामानुज जायसवाल, राम गोविन्द निषाद, श्यामदेव निषाद, अंशु प्रजापति, राम बचन प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सोनीपत में कांग्रेस का तिलिस्म टूटा, चार सीट पर कमल खिला

**सोनीपत ( हिंस )।** विधानसभा आम चुनाव 2024 की मतगणना मंगलवार को बीट्स कॉलेज मोहाना में प्रात: 08 बजे से प्रारंभ हुई। सोनीपत विधानसभा की छह सीटों में से 4 सीटों पर बीजेपी, 1 सीट पर कांग्रेस और 1 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। इस बार सोनीपत की जनता ने वो करके दिखाया जो आज तक नहीं हुआ था। ऐसा तिलिस्म टूटा है जो लाजवाब है, जिसने सारे समीकरण फेल कर दिए और सबको चकित कर दिया। गन्नौर से निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र कादियान ने 77 हजार 248 वोट प्राप्त कर कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा को 35 हजार 209 वोटों से पराजित किया। कुलदीप शर्मा को 42, 039 वोट मिले, जबकि बीजेपी उम्मीदवार देवेंद्र कौशिक को 17, 605 वोट प्राप्त हुए। राई से सबीजेपी उम्मीदवार कृष्णा गहलावत ने 64, 614 वोट प्राप्त कर कांग्रेस उम्मीदवार जयभगवान आंतिल को 4, 673 वोटों से हराया। जयभगवान को 59, 941 वोट मिले। खरखौदा से बीजेपी उम्मीदवार पवन खरखौदा ने 58, 084 वोट प्राप्त कर



कांग्रेस के जयवीर सिंह को 5, 635 वोटों से हराया। जयवीर सिंह को 52, 449 वोट मिले। सोनीपत से बीजेपी उम्मीदवार निखिल मदान ने 84, 827 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के सुरेंद्र पंवार को 29, 627 वोटों से पराजित किया। सुरेंद्र पंवार को 55, 200 वोट मिले। गोहाना बीजेपी के अरविंद कुमार शर्मा ने 57, 055 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के जगबीर सिंह मलिक को 10, 429 वोटों से हराया।

# रेवाड़ी की तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा

**रेवाड़ी ( हिंस )।** हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 के तहत जिला रेवाड़ी की तीन सीटों पर हुए चुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह 8 बजे से आरंभ हुई। जिसमें जिले की तीनों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। सुबह 8 बजे सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती हुई, इसके बाद इवीएम के वोटों की गिनती की गई। रेवाड़ी विधानसभा सीट से भाजपा के लक्ष्मण सिंह यादव, बावल से भाजपा के डॉ. कृष्ण कुमार व कोसली से भाजपा के अनिल यादव ने जीत दर्ज की है। रेवाड़ी विधानसभा सीट से भाजपा के लक्ष्मण सिंह यादव जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के चिरंजीव राव को 28 हजार 769 वोट से हराया है। उनको 83 हजार 747 वोट मिले। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के चिरंजीव राव को 54 हजार 978 वोट मिले। तीसरे नंबर पर आम आदमी पार्टी के सतीश यादव को 18 हजार 427 वोट मिले। बावल से भाजपा के डॉ. कृष्ण कुमार ने जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस के डॉ. एमएल रंगा को 20011 वोट से हराया। उनको 86 हजार 858 वोट मिले। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के डॉ.



एमएल रंगा को 66 हजार 847 वोट मिले। तीसरे नंबर पर इनेलो के संपत राम दहनवाल को 1440 वोट मिले। आम आदमी पार्टी के जवाहर लाल को 581 वोट मिले। कोसली सीट से भाजपा के अनिल यादव ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के जगदीश यादव को 17160 वोट से हरा दिया। उन्हें 91833 वोट मिले। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के जगदीश यादव को 74673 वोट मिले। तीसरे नंबर पर निर्दलीय को मनोज कोसलिया को 7288 वोट मिले।

# राजस्थान में एक आईपीएस और 83 आरएएस अफसरों के तबादले

**जयपुर ( हिंस )।** राज्य सरकार ने एक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और 83 राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) अफसरों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग ने सोमवार देर रात इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें एडीएम और एसडीएम ज्यादा हैं। इसके साथ पांच आरएएस के तबादले निरस्त किए गए हैं। सूची के अनुसार नीमकाथाना के एसपी प्रवीण नायक नूनावत को राज्यपाल के एडीसी के पद पर पोस्टिंग दी गई है। नूनावत की जगह खाली हुए नीमकाथाना एसपी के पद पर सीकर एसपी को एडिशनल चार्ज दिया गया है।

# सिरसा की 5 विधानसभा सीटों में से दो पर इनेलो व तीन पर कांग्रेस जीती

## जिला की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**सिरसा ( हिंस )।** सिरसा जिले की 5 विधानसभा सीटों पर तस्वीर साफ हो गई है। जिले में कांग्रेस ने तीन व इनेलो ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। मंगलवार को मतगणना का कार्य स्थानीय सीडीएलयू में बनाए गए विभिन्न मतगणना केंद्रों पर किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच जिला की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती प्रात: 8 बजे शुरु हुई। सिरसा विधानसभा क्षेत्र से 13 उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया। इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार गोकुल सेतिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हरियाणा लोकहित पार्टी के उम्मीदवार गोपाल कांडा को 7234 मतों से हराया। गोकुल सेतिया को कुल 79020 व गोपाल कांडा को कुल 71786 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार रानियां विधानसभा क्षेत्र में 14 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था जिसमें इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार अर्जुन सिंह चौटाला ने 4191 वोटों से जीत दर्ज की। अर्जुन चौटाला ने 43914 वोट जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार सर्वमित्र ने 39 हजार 723 वोट हासिल किए। डबवाली विधानसभा क्षेत्र में 12 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार आदित्य देवीलाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार अमित सिहाग को 610 वोटों से हराया। आदित्य देवीलाल को 56074 जबकि अमित सिहाग को 55464 वोट प्राप्त हुए। कालांवाली विधानसभा क्षेत्र में 5 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कांग्रेस के उम्मीदवार शीशपाल सिंह ने जीत हासिल करते हुए 66728 वोट प्राप्त हुए और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र सिंह देसूजोधा को 43769 वोट हासिल किए। शीशपाल केहरवाला ने 22959 वोट के अंतर से जीत हासिल की। उन्होंने बताया कि ऐलनाबाद में 10 उम्मीदवारों के मुकाबले में इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार भरत सिंह बेनीवाल ने बाजी मारते हुए 15000 के अंतर से जीत हासिल करते हुए इनेलो के प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला को पराजित किया। भरत सिंह बेनीवाल को 77865 वोट मिले और अभय सिंह चौटाला को 62865 वोट प्राप्त हुए।

# कांग्रेस के सामने कार्यकर्ताओं को जोड़े रखना होगी चुनौती

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा में लगातार तीसरी बार चुनाव हारने वाली कांग्रेस को अब ढेरों चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस काफी समय से राज्य में अपना संगठन तक खड़ा नहीं कर पाई है। कांग्रेस के सामने अपने कार्यकर्ताओं को जोड़कर रखना बड़ी चुनौती होगी। पिछले दस वर्षों में कांग्रेस हाईकमान ने हर अवसर पर हुड्डा की पसंद व नापसंद का पूरा ख्याल रखा है। प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति से लेकर प्रभारियों तक की नियुक्ति में हाईकमान ने हुड्डा की सिफारिशों का ख्याल रखा है। लोकसभा चुनाव में नौ से आठ टिकट भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सिफारिश पर दिए गए। विधानसभा चुनाव में 89 में से 73 टिकट हुड्डा की सिफारिश पर दिए गए थे। चुनाव प्रचार के दौरान भी हुड्डा ने ज्यादातर हलकों में खुद ही प्रचार की बागडोर संभाल कर रखी। चुनाव परिणाम से साफ हो गया है कि हाईकमान ने जरूरत से ज्यादा हुड्डा पर किए गए भरोसे का नकारात्मक असर पड़ा है। हरियाणा कांग्रेस में अब कुमारी सैलजा तथा रणदीप सुरजेवाला गुट पूरी तरह से हावी होगा।

# पृष्ठ तीन का शेष

## गुवाहाटी में दुर्गा ...

रेलवे गेट नंबर 6, 7, 8 और सती जयमती रोड से कुमारपारा पांचआली की ओर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। चाबीपुल से बिष्णुपुर और फटासिल चारिआली की ओर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। फटासिल चारिआली से चाबीपुल तक वाहनों की एकतरफा आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। वहीं, आरके चौधरी रोड से केआरसी रोड तक किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एटी रोड (आठगांव फ्लाईओवर से भरलुमुख) और दिनेश गोस्वामी रोड (भरलुमुख से कालीपुर के बीच) और आरकेसी रोड (गेट नंबर 9 से फटासिल चरिआली) पर वाहनों की पार्किंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। जेपी अग्रवाला रोड पर प्राग्ज्योतिष कॉलेज की ओर स्लुइस गेट से किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। बिष्णुपुर ब्रिज से साइकिल फैक्ट्री की तरफ किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं, हरियाणा भवन से फटासिल चरियाली, कुमारपारा पांचआली की तरफ किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। फटासिल चरिआली से कुमारपारा पांचआली की तरफ किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इनके अलावा जालुकबारी थाना क्षेत्र के एटी रोड पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। पल्टनबाजार, पानबाजार, फटासिल और भरलुमुख से किसी भी मालवाहक वाहन को जालुकबारी रोटरी की तरफ जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदीलापुर की तरफ से पांडु घाट की तरफ भी यही प्रतिबंध रहेगा। साथ ही पांडु क्षेत्र में वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। आदाबाड़ी तिनिआली से पांडु घाट, यानी पांडु पोर्ट रोड, हल्के वाहनों, 3 पहिया और 2 पहिया वाहनों के लिए वन-वे रहेगा। पांडु घाट से आदाबाड़ी की ओर आने वाले वाहन मालीगांव चारिआली से होकर जाएंगे। मालीगांव चारिआली से पांडु बोरबोजार रोड से पांडु घाट की ओर किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इनके अलावा विसर्जन के दिन वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। मां दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन के दौरान मूर्ति ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर, आदाबाड़ी तिनियाली से पांडु घाट की ओर किसी भी अन्य वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल मूर्ति ले जाने वाले वाहनों को विसर्जन घाट के प्रवेश बिंदु तक जाने की अनुमति होगी और उसके बाद वे एनएच-27 के माध्यम से सादिलापुर 6 नंबर कॉलोनी के माध्यम से अपने मूल स्थान पर वापस जाएंगे। पानबाजार थाना क्षेत्र के एमएस रोड से बाईं ओर यानी एचबी रोड (शनि मंदिर) और सीधे यानी गेट नंबर 4 की ओर कोई भी वाहन नहीं जाएगा। चांदमारी तथा गीतानगर थाना के अनुराधा प्वाइंट से हातिगढ़ चारिआली तक किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। वाहनों को केवल हातिगढ़ चारिआली से प्रवेश की अनुमति होगी। नूनमाटी थाना क्षेत्र के एसबीआई गली के माध्यम से बंदना प्वाइंट से रिफाइनरी गेट तक किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। लतासिल थाना क्षेत्र के हाई कोर्ट प्वाइंट (युद्ध स्मारक) से लतासिल चारिआली के बीच एफसी रोड पर किसी भी वाहन को चलने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान सिटी बसों की आवाजाही पर भी कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। वशिष्ठ मंदिर से धारापुर (वशिष्ठ चारिआली-बेलतला तिनिआली-सर्वे-सुपरमार्केट-गणेशगुड़ी फ्लाईओवर-पल्टनबाजार-एटी रोड-भरलुमुख-मालीगांव के माध्यम से) वशिष्ठ चारिआली-कोइनाधरा पॉइंट-खानापाड़ा रोटरी-जीएस रोड-पल्टन बाजार-नेपाली मंदिर-एटी रोड-धारापुर के माध्यम से चलेगी।

## जम्मू-कश्मीर में ...

रही है। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को जम्मू क्षेत्र और एनसी को कश्मीर क्षेत्र में ज्यादा सीटें मिली हैं। मत प्रतिशत के हिसाब से भाजपा जम्मू-कश्मीर में सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाली पार्टी बनी है।

## कांग्रेस-एनसीपी के ...

और गठबंधन सहयोगियों को समर्थन दिखाया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं महाराष्ट्र को बचाने के लिए कांग्रेस या राकांपा (एसपी) द्वारा घोषित किसी भी मुख्यमंत्री चेहरे का समर्थन करूंगा। ठाकरे ने अगस्त में जोर दिया था कि चुनाव के बाद सबसे अधिक सीट जीतने वाले दल द्वारा मुख्यमंत्री चुने जाने के बजाय विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) को चुनाव में जाने से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना चाहिए।

## हरियाणा के नतीजे ...

आयोग के पास जाएंगे और अपना पक्ष रखेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि मतगणना के दौरान एक माहौल बनाने की कोशिश की गई है। अधिकारियों पर दबाव बनाया गया है। हम ऐसी सीटों पर हारे हैं, जहां हम हार ही नहीं सकते थे। यह नतीजा जमीनी हकीकत से अलग स्थिति प्रस्तुत करता है। यह पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की हार है। हमें लगता है कि 12 से 14 सीटों में गड़बड़ियां हुई हैं। यह ज्यादा भी हो सकती हैं।

## आनलाइन शेयर कारोबार ...

जब 29 वर्षीय दीपांकर बर्मन की कंपनी में भारी मात्रा में धन लगाने वाले निवेशकों ने शिकायत की कि उसने उन्हें उचित रिटर्न नहीं दिया है और उसका कार्यालय 21 अगस्त से बंद है। वह फिलहाल फरार है। शर्मा ने कहा था कि असम मंत्रिमंडल ने सितंबर में ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के संबंध में तब तक दर्ज 32 मामलों को जांच के लिए सीबीआई को स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मुख्य सचिव रवि कोटा ने भी इस मामले पर सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद से चर्चा की, जिन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसी मामलों को अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगी। कई कंपनियों ने कथित तौर पर राज्य भर के लोगों से इस वादे पर सैकड़ों करोड़ रुपए जुटाए कि उन्हें शेयर बाजारों में निवेश करके भारी रिटर्न मिलेगा। इन कंपनियों के प्रवर्तक में से ज्यादातर युवा हैं। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में ये कंपनियां निवेशकों को रिटर्न चुकाने में विफल होने लगीं। घोटाले के सिलसिले में अब तक 65 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के अलावा भारतीय न्याय संहिता के तहत जिलों में दर्ज मामलों की जांच के लिए 14 विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए गए हैं। घोटाले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों में एक असमिया अभिनेत्री, कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सुमी बोरा और उसका फोटोग्राफर पति तार्किक बोरा शामिल हैं।

## बीटीआर के हर ...

की गई। चर्चा के प्रमुख विषयों में बच्चों के खिलाफ हिंसा से निपटने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका, बीटीआर में राष्ट्रीय मिशन वात्सल्य योजना का प्रभावी कार्यान्वयन, बाल श्रम को समाप्त करने की रणनीतियां और क्षेत्र के बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बाल-केंद्रित नीतियों का विकास शामिल था। बैठक के दौरान, बीटीआर के सभी 4 जिलों में बाल कल्याण और संरक्षण समिति की स्थापना, प्रायोजन और पालक देखभाल स्वीकृति समिति की स्थापना, असम के छठी अनुसूची क्षेत्रों में बाल विवाह निषेध अधिकारी लॉट मंडल की नियुक्ति (पंचायत स्तर- वीसीडीसी स्तर) सहित कई मुद्दों को सामने रखा गया। इस बैठक में बीटीसी ईएम डॉ. नीलुत स्वर्गियारी और गौतम दास, असम राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एएससीपीसीआर) के अध्यक्ष डॉ. श्यामल प्रसाद सैकिया, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वासबीर हुसैन, एमवी फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक वेंकट रेड्डी, नीदान फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. दिगंबर नार्जारी, यूनिसेफ असम के प्रतिनिधि और बीटीआर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## भाजपा जम्मू-कश्मीर ...

में वोट प्रतिशत 25.64 रहा है जो राज्य में किसी अन्य पार्टी से सबसे अधिक है। इन नतीजों के बाद गृहमंत्री ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाटी में लोकतंत्र को मिले समर्थन के लिए गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने। साथ ही उन्होंने सफल एवं एतिहासिक चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, सुरक्षा बलों और जम्मू-कश्मीर की जनता का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने देश की जनता से वादा किया था कि हम जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाएंगे। उन्हें अत्यंत हर्ष है कि 80 के दशक से आतंकवाद के आने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतना पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव देखा और बढ़-चढ़कर चुनाव में हिस्सा लिया।

## न्यूयॉर्क के टाइम्स ...

अमेरिकियों को उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। वायरल वीडियो में न्यूयॉर्क शहर के ऐतिहासिक स्थल के बीच में एक दुर्गा पूजा पंडाल देखा गया, जहां दर्जनों लोग इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए वहां पहुंचे। बता दें कि *द बंगाली क्लब यूएसए* की तरफ से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम, पूजा के नौवें दिन को चिह्नित करने के लिए पारंपरिक नवमी पूजा और दुर्गा स्तोत्र के साथ शुरू हुआ। बंगाली परंपरा के अनुसार, प्रतिष्ठित सिंदूर खेला भी टाइम स्क्वायर पर हुआ, देखा गया कि विवाहित महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं, इस कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। कार्यक्रम के अंत में दो दिवसीय उत्सव को समाप्त करने के लिए बॉलीवुड डांस म्यूजिकल कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। वहीं टाइम्स स्क्वायर के इस वीडियो को इंस्टाग्राम और एक्स पर हजारों लाइक मिले हैं, इस वीडियो की यूजर्स ने भी प्रशंसा की। साथ ही फैंस दुर्गा पूजा के वैश्विक उत्सव का आनंद लिया। एक्स यूजर्स ने त्योहारी सीजन के दौरान भारतीय-अमेरिकियों को घर के करीब लाने के लिए इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए, दुर्गा पूजा की तस्वीरें भी साझा कीं। एक यूजर ने लिखा कि मेरी सुबह की शुरुआत इस खूबसूरत तस्वीर को देखने के साथ हो रही है। टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में पहली बार दुर्गा पूजा आयोजित की जा रही है।

## आरजी कर अस्पताल : 50 ...

में रेफरल सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट 15 तारीख से शुरू होगा और एक नवंबर से पूरे राज्य में इसे लागू किया जाएगा। पंत ने कहा कि हम सभी से काम पर लौटने की अपील कर रहे हैं। बहुत से लोग लौट चुके हैं और बाकी भी लौटें ताकि हम मिलकर अस्पताल के माहौल को सुधार सकें। मुख्य सचिव के आश्वासनों के बाद भी सीनियर डॉक्टरों का यह सामूहिक इस्तीफा सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम माना जा रहा है। हालांकि, सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में विकास कार्यों का आश्वासन दिया है, लेकिन जूनियर डॉक्टरों की बाकी मांगों पर कुछ नहीं कहा गया है।

## माउंट धौलागिरी से ...

*ट्रैकिंग एंड एक्सपीडिशन* के पेम्बा जंगबू शेरपा ने बताया कि ये पर्वतारोही रविवार से लापता थे और मंगलवार को राहत बचाव के लिए निकले एक हेलीकॉप्टर ने उनके शव देखे। शवों को माउंट धौलागिरी से नीचे कब और कैसे लाया जाएगा, यह अभी तय नहीं हो सका है क्योंकि इसके लिए व्यापक योजना, जनशक्ति और उपकरणों की आवश्यकता होगी। बताया जाता है कि उनमें से दो पर्वतारोही शिखर पर पहुंच गए थे लेकिन अन्य पर्वतारोही शिखर पर पहुंचे बगैर वापस लौट आए। इसके बाद से उनके और बेस कैंप में मौजूद टीम के सदस्यों के बीच रेडियो संपर्क टूट गया।

## ईरान-इजराइल दोनों ...

कहा कि भारत के इजरायल के साथ मजबूत संबंध हैं, और इजरायल भारत की बात सुनने के लिए तैयार होगा इसलिए वो इस मुद्दे में जल्द से जल्द मदद करे। इजरायल-लेबनान युद्ध ने न केवल लेबनान बल्कि पूरे मध्य पूर्व में अस्थिरता पैदा कर दी है। इस संघर्ष में अब तक 2100 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 11,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। लेबनान के राजदूत रबी नरश ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है और हमारे लिए एक मित्र के रूप में महत्वपूर्ण है। इजरायल के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, और हमें उम्मीद है कि भारत इस संघर्ष को समाप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल को समझाना जरूरी है कि युद्ध का कोई समाधान नहीं है और शांति की आवश्यकता है। ईरान का नेतृत्व भी भारत से संवाद स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, ताकि भारत इस मुद्दे पर मध्यस्थता कर सके और इजरायल के साथ जारी संघर्ष को समाप्त करने में मदद कर सके। नरश ने कहा कि लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं, और यह स्थिति क्षेत्र में गंभीर अस्थिरता पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत, जो एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शक्ति है, इस क्षेत्र में शांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत के पास इजरायल और लेबनान दोनों देशों के साथ सकारात्मक संबंध हैं, जिससे उसकी मध्यस्थता प्रभावी हो सकती है। राजदूत नरश ने भारत से आग्रह किया कि वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव डाले ताकि उनकी आक्रामक नीतियों पर पुनर्विचार किया जा सके। लेबनान के राजदूत ने इजरायल द्वारा हिजबुल्लाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए इसे एक वैध लेबनानी राजनीतिक दल बताया।

संपादकीय

# भाजपा ने रच दिया इतिहास

**हरियाणा** और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी के लिए उत्साहवर्धक और कांग्रेस के लिए निराशाजनक रहे हैं। हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार बहुमत प्राप्त करके इतिहास रच दिया है। विभिन्न सर्वेक्षणों में जिस प्रकार के रुझान निकलकर आए थे, उन्हें देखकर सबको यही लग रहा था कि 10 साल की सत्ता विरोधी रुझान के कारण से भाजपा बुरी तरह हार रही है। जम्मू-कश्मीर का सबको अंदाजा था ही कि भाजपा जम्मू में तो जीत जाएगी लेकिन कश्मीर में उसकी राह असंभव है। स्वयं भाजपा ने भी कश्मीर में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे। इसलिए जम्मू-कश्मीर के परिणाम से भाजपा के मनोबल पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़नेवाला था। लेकिन यदि हरियाणा के परिणाम सर्वेक्षणों के अनुरूप रहते तो भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर होता और कांग्रेस को बढ़त मिलती। जिसका असर महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों पर भी पड़ता। कुल मिलाकर कहना होगा कि हरियाणा ने कांग्रेस को बहुत भारी झटका दिया है। जम्मू-कश्मीर में भले ही कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन जीत गया है लेकिन वहाँ भी कांग्रेस के हिस्से बहुत कम सीटें आई हैं। इसलिए सब प्रकार से कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ है। लोकसभा चुनाव में थोड़ी अधिक सीटें जीतकर अति उत्साहित कांग्रेस नेतृत्व को भी अपनी रणनीति के बारे में विचार करना चाहिए कि आखिर वह जिन मुद्दों को उठा रहे हैं क्या वाकई वे जनता के मुद्दे हैं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अकसर कहते हैं कि कांग्रेस को अर्बन-नक्सल चला रहे हैं। यह बात इसलिए भी सही प्रतीत होती है क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व ने जिस वैचारिक राह पर कदम बढ़ा दिए हैं, वह उसके पुरखों की राह तो कतई नहीं थी। अगर कांग्रेस का नेतृत्व अभी भी नहीं चेता, तब वह जनता से बहुत दूर चला जाएगा। दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि जनता ने कांग्रेस के सभी मुद्दों को सिरे से नकार दिया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव को जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने पूरा जोर लगा दिया था। हरियाणा में इस बार कांग्रेस और राहुल जीत के दावे कर रहे थे। कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व और स्थानीय नेतृत्व अति आत्मविश्वास से भरा हुआ था। इसी कारण उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन की हिस्सा आम आदमी पार्टी को भी अनदेखा किया। कांग्रेस को यह विश्वास हो गया था कि वह अपने दम पर पूर्ण बहुमत से अधिक सीटें जीत जाएगी। पहलवानों एवं किसानों के गुस्से को कांग्रेस ने भुनाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन वह तरीका भी काम नहीं आया। क्योंकि यह बात पहले से कही जा रही थी कि हरियाणा के किसान और पहलवान भाजपा से नाराज नहीं हैं। कुछ समूहों को आगे करके यह झूठा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे विधानसभा चुनाव के परिणाम ने फुस्स कर दिया है। हरियाणा के परिणाम को राहुल गांधी और कांग्रेस लंबे समय तक नहीं भूल पाएगी। बहरहाल, हरियाणा की ऐतिहासिक जीत ने महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के लिए भाजपा को खूब सारा आत्मविश्वास दे दिया है। भाजपा अब पूरी ताकत, उत्साह और आत्मविश्वास के साथ दोनों राज्यों के चुनाव में उतरेगी।

हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार बहुमत प्राप्त करके इतिहास रच दिया है। विभिन्न सर्वेक्षणों में जिस प्रकार के रुझान निकलकर आए थे, उन्हें देखकर सबको यही लग रहा था कि 10 साल की सत्ता विरोधी रुझान के कारण से भाजपा बुरी तरह हार रही है। जम्मू-कश्मीर का सबको अंदाजा था ही कि भाजपा जम्मू में तो जीत जाएगी लेकिन कश्मीर में उसकी राह असंभव है। स्वयं भाजपा ने भी कश्मीर में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे। इसलिए जम्मू-कश्मीर के परिणाम से भाजपा के मनोबल पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़नेवाला था। लेकिन यदि हरियाणा के परिणाम सर्वेक्षणों के अनुरूप रहते तो भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर होता और कांग्रेस को बढ़त मिलती। जिसका असर महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों पर भी पड़ता। कुल मिलाकर कहना होगा कि हरियाणा ने कांग्रेस को बहुत भारी झटका दिया है। जम्मू-कश्मीर में भले ही कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन जीत गया है लेकिन वहाँ भी कांग्रेस के हिस्से बहुत कम सीटें आई हैं। इसलिए सब प्रकार से कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ है।

## पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई

# भारत के संदर्भ में हमें गढ़ने होंगे अपने विमर्श

प्रहलाद सबनानी

**आज** वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं, जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं। पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में "शुभ लाभ" की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे "शुद्ध लाभ" की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से "शून्य लाभ" के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है।

विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्राय: कुछ विमर्श गढ़े गए हैं, जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यत: व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है।



पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। ऐमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। यह संस्कार भारतीय नागरिकों में "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना का संचार करते है। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है। अतः भारतीय सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के हितार्थ समस्त देशों को अपनाना चाहिए, आज यह विमर्श खड़ा किए जाने की सख्त आवश्यकता है। पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है। साथ ही, भारत में "संयुक्त परिवार ही भारतीय नागरिकों के सुख का आधार है"। पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है। इन देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है और इन देशों में नागरिक एक जीवन में 7 शादियां तक कर लेते हैं जबकि भारत में शादी को एक पवित्र बंधन मानते हुए पति-पत्नी के लिए विवाह नामक संस्था को 7 जन्मों का बंधन माना जाता है। एक से अधिक शादियां करने के चलते पश्चिमी देशों में बच्चों को अपने पिता के बारे में ही जानकारी नहीं रह पाती है। बुजुर्ग दम्पति अपने अंतिम समय पर बहुत पीड़ादायी जीवन जीने को मजबूर हैं। बच्चों में हिंसा की प्रवृति बढ़ रही है एवं छोटे छोटे बच्चे डीप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उक्त प्रकार की कई सामाजिक बुराईयों ने इन देशों में अपना घर बना लिया है। "भारत ने विश्व का दिल जीता है" एवं "भारतीय संयुक्त परिवार ही सुख का आधार है", "सेवा कार्य भारतीय नागरिकों के DNA में है" जैसे विमर्श आज हम भारतीयों को गढ़ने की जरूरत है। पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है।

दृष्टि कोण

# हरियाणा विधानसभा चुनाव राजनीतिक भविष्य का दिशा-निर्देश

**हरियाणा** वृषि प्रधान होने के साथसाथ, महत्वपूर्ण साइबर सिटी व उद्योगों का गढ़ है। राजधानी दिल्ली के साथ-साथ मिला हुआ, हरियाणा राज्य, राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हरियाणा के चुनावी परिणाम, भारत की राजनीति में निर्णयक भूमिका निभाते रहे हैं। इन चुनावों का आने वाले दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों पर भी इन चुनावों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। 05 अक्टूबर 2024 को हरियाणा में विधानसभा चुनाव संपन्न हो गए हैं। क्या भाजपा, हरियाणा चुनावों में हैट्रिक बना सकती है? विभिन्न राजनीतिक दलों ने साम, दाम, दंड, भेद, सब वुछ छौंक दिये हैं। इसकी संभावनाओं के बारे में हमें वुछ जानकारी व विश्लेषण करना होगा। हरियाणा चुनाव 2024: सीएम नायब सिह सैनी और वेंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुआईं वाली भाजपा हैट्रिक बनाने की कोशिश में है। भूपेंद्रसिह हुड्डा बनाम मंजू हुड्डा, सांपला-किलोईं में आमने सामने हैं। अनेक मुद्दे, हरियाणा में हमेशा निर्णायक रहे हैं। रोज़गार, 36 बिरादरी, किसानों का मुद्दा, मिनिमम सपोर्ट प्राइस, अग्नि वीर योजना, शिक्षा, आदि, हरियाणा के महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। भाजपा ने सही पैंतरा खेला है। मनोहारी लाल खट्टर, एक पंजाबी कपड़ा व्यापारी थे, परंतु उनके पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भावनात्मक रिश्ते रहे हैं, क्योंकि जब नरेंद्र मोदी, भाजपा के महासचिव व हरियाणा प्रभारी थे, तो मनोहर लाल खट्टर ही उन्हें अपने स्वूटर पर जगह-जगह ले कर जाते रहे हैं। फिर दोनों एक ही कमरे में रहते थे जहाँ मिलकर वे 'खिचड़ी' बनाते व खाते रहे। उससे पहले मनोहर लाल खट्टर का नाम हरियाणा राजनीति में अधिक नहीं जाना जाता था। खैर! हरियाणा विधान सभा के चुनाव एक ही चरण में हुए हैं, जिसमें भाजपा सत्ता में वापसी की कोशिश करेगी और कांग्रेस उसे छीनने के लिए बेताब है। हरियाणा के चौटाला परिवार, जो ज़्यादातर 'जननायक जनता पाटा' व 'इंडियन नेशनल लोकदल' में हैं, चौधरी देवीलाल की विरासत को पुनजावित करने की कोशिश कर रहे हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव और एग्ज़िट पोल की बारीकियों पर गौर करने से पहले, भाजपा की ताकत, कमज़ोरियों, अवसरों और खतरों पर भी हम एक नज़र डाल लेते हैं। भूपेंद्र सिह हुड्डा के कट्टर विरोधी, अशोक तंवर (दलित समाज) को फिर से कॉंग्रेस के प्रति वफ़ादारी के कारण, राहुल गांधी ने गले लगा कर, कॉंग्रेस में वापसी कारवाईं है। साथ ही हरियाणा में 'आया-राम, गया-राम' की राजनीति लगातार जारी रही है। भारतीय जनता पाटा, जिसे वुछ झटके भी लगे हैं, इस साल अपनी वापसी की क्षमता पर भरोसा रख रही है। इससे पहले मार्च 2024 में, पाटा एक बड़े संकट के बाद सत्ता में रही, जब जेजेपी के साथ उनका गठबंधन टूट गया था। भारत भर में भाजपा के महिला-वेंद्रित चुनाव अभियान हुआ, जिसे उसने हरियाणा तक बढ़ाया। इससे भाजपा को महिला मतदाताओं के बीच लोकप्रियता मिली है। हरियाणा में बेरोज़गरी एक बड़ा मुद्दा है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में 10 औद्योगिक शहर स्थापित करने और प्रत्येक क्षेत्र में 50,000 युवाओं के लिए रोज़गार देने का वादा किया है। पिछले वुछ सालों से भाजपा अंतरराष्ट्रीय खेलों पर ध्यान वेंद्रित कर रही है। हरियाणा के ही, नीरज चोपड़ा द्वारा लगातार दो ओलंपिक पदक और कईं वैश्विक स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद, भाजपा अपनी 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना' पर ज़ोर दे रही है। अब भाजपा ने सत्ता में आने पर हरियाणा के हर ज़िले में 'ओलंपिक नर्सरी' स्थापित करने का वादा किया है। इससे भाजपा को युवाओं का समर्थन प्राप्त होने की संभावना है। नौ साल सत्ता में रहने के बाद, भाजपा स्पष्ट रूप से हरियाणा में 'सत्ता विरोधी लहर' से भी जूझ रही है। 2019-20 के किसानों के विरोध व चल रहे वृषि आंदोलन से निाति रूप से भाजपा की छवि को नुकसान पहुँचा है। उस समय हरियाणा के मुख्य सचिव, विजय वर्धन और पुलिस महानिदेशक मनोज यादव ने किसानों के आगे गड्ढे गाढ़े और किसानों पर गोलियां चलाईं व डंडे मारे। इन अधिकारियों ने हरियाणा के किसानों में कच्ची की, और उनका रोष हरियाणा सरकारी को झेलना पडा। फ़िर क्यों मनोहर लाल खट्टर व अनिल विज ने, विजय वर्धन को, सेवानिवृत्ति के उपरांत, हरियाणा का 'मुख्य सूचना आयुत्त' निर्वाचित किया? जिस विजय वर्धन ने किसानों को पिटवाया, उसे पुरस्वृत किया गया? मार्च 2024 में भाजपा ने दुष्यंत चौटाला की जेजेपी के साथ ब्रेकअप देखा। इसके कारण लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल खट्टर सरकार गिर गईं। ब्रेकअप का असर संसदीय चुनावों में भी देखने को मिला, क्योंकि भाजपा ने अपनी 10 में से 5 सीटें खो दीं हैं, जो कि भाजपा के लिए चिन्ताजनक विषय है। इसके वोट शेयर में भी लगभग 12™ की गिरावट आईं।

कुछ अलग

# आलोचना का हक

**सही** मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये राहतकारी है जो राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर होने पर दमन का शिकार बने। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह का शिकार बने हैं। ये आने वाला वक्त बताएगा कि कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में सरकारें अपनी रीति-नीतियों में कितना बदलाव करती हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की। शीर्ष अदालत ने इस तरह उन सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया जो आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं। देश में आजादी के बाद भी बड़े राजनेता मीडिया द्वारा किसी नीति या फैसले के खिलाफ की गई आलोचना को सहजता से लेते थे। बाकायदा संसद में विपक्षी सांसद अखबार की प्रतियां लहराकर खुली बहस की मांग किया करते थे। यही वजह है कि हालिया टिप्पणी के दौरान शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संविधान के अनुच्छेद की याद दिलायी। इस तरह कोर्ट ने बेबाकी से सत्ता की निरंकुशता के खिलाफ मुखर रहे पत्रकारों को संबल ही प्रदान किया है। यह विडंबना है कि कई राज्यों में सत्ताधीशों ने तल्ख आलोचना, कार्टून बनाने तथा सोशल मीडिया पर की गई आलोचना को लेकर दुराग्रह दिखाया। इसमें मुकदमे दर्ज करने , गिरफ्तारी और जेल के सीखचों के पीछे डालने के मामले भी सामने आए। राजनेताओं में अब आलोचना के प्रति वह सहिष्णुता नजर नहीं आती, जो समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं की अपरिहार्य शर्त है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि राजनेता किसी आलोचनात्मक टिप्पणी के बाद आक्रामक मुद्रा में आ जाते हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। विगत के वर्षों में शीर्ष अदालत व्यापक संदर्भों में कह चुकी है कि सरकार की आलोचना करने को राष्ट्रद्रोह की संज्ञा नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद निरंकुश सत्ताधीश अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति सदियों से चली आ रही है कि जो कुछ सरकारें जनता से छिपाना चाहती हैं, उसे उजागर करने वालों को अपना दुश्मन मान लेती हैं। फिर साम-दाम-दंड-भेद से उस आवाज को खामोश करने में लग जाती हैं। धीरे-धीरे सरकारें आलोचनाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने लगीं। दरअसल, सत्ताधीशों को ढोल की पोल खुलने का भय सताता रहता है। दुनिया के सभ्य समाजों व जागरूक लोकतंत्रों में आलोचना को स्वीकार करने की समृद्ध परंपराएं विद्यमान हैं। इसी से किसी देश की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं, सामाजिक विकास और उन्नति का मूल्यांकन किया जाता है। यह अच्छा है कि अदालतें समय-समय पर अभिव्यक्ति की आजादी को संबल प्रदान करती हैं। विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश में आम जनमानस को इतना जागरूक नहीं कर पाये कि वे अपने निष्पक्ष सूचना पाने के अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें।

देश दुनीया से

# विमान अपग्रेड के जरिये ताकत बढ़ाने की कवायद


चीन व पाक सीमा पर चुनौतियां जगजाहिर हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 30 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए। सीमा पर किसी भी दुश्मन को अवसर न मिले इसके लिए भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की योजना पर काम कर रहा है जो फीचर्स में राफेल विमान से भी ज्यादा शक्तिशाली होंगे। इस पर भारी धनराशि खर्च होगी। इसके लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के 50 से ज्यादा सिस्टम अपग्रेड कर उन्हें अत्याधुनिक बनाया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से अपग्रेड होने के बाद ये विमान काफी खतरनाक हो जाएंगे और अगले तीन दशक तक बेहतर सेवाएं दे सकेंगे।

**आठ** अक्तूबर, 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस बीच ऐसे कई अवसर आए जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का अहसास करवाया। प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। चीन व पाक सीमा पर चुनौतियां जगजाहिर हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 30 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए। सीमा पर किसी भी दुश्मन को अवसर न मिले इसके लिए भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की योजना पर काम कर रहा है जो फीचर्स में राफेल विमान से भी ज्यादा शक्तिशाली होंगे। इस पर भारी धनराशि खर्च होगी। इसके लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के 50 से ज्यादा सिस्टम अपग्रेड कर उन्हें अत्याधुनिक बनाया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से अपग्रेड होने के बाद ये विमान काफी खतरनाक हो जाएंगे और अगले तीन दशक तक बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। योजना के तहत पहले 84 सुखोई विमानों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। मॉडर्न राडार सिस्टम को लगाया जाएगा जिससे सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की डिटेक्शन रेंज बढ़ जाएगी। इनमें अस्त्र मिसाइलें तैनात की जायेंगी। जिससे 350 किमी दूरी तक लक्ष्य को नष्ट करना आसान हो जाएगा। वायु सेना ने मुख्य लड़ाकू विमान सुखोई विमानों के इंजन के लिए बीते माह 26000 करोड़ रुपये का समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से किया है। जिसके तहत एचएएल सुखोई-30 एमकेआई विमानों के लिए स्वदेशी तकनीक के 240 एयरो इंजन (एएल-31एफपी) तैयार करेगा। इनके निर्माण की जिम्मेदारी उड़ीसा के कोरापुर डिविजन को दी गई है। इसका पहला इंजन एक अक्तूबर को वायु सेना को सौंपा जा चुका है। एचएएल हर साल ऐसे 30 इंजनों की आपूर्ति करेगा। इस तरह 240 इंजनों की आपूर्ति आठ साल में पूरी हो जाएगी। इससे वायु सेना को सुखोई-30 विमान बेड़े की परिचालन क्षमता बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह समझौता वायु सेना के लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन में कमी आने तथा एचएएल द्वारा स्वदेशी तेजस विमानों की आपूर्ति में देरी की चिन्ताएं दूर करेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये इंजन 54 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से निर्मित होंगे। वायु सेना के विमान बेड़े को ताकतवर बनाने के मकसद से अब रूस के साथ सह उत्पादन में नई पीढ़ी के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान बनाए जाएंगे। इस पर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में हुई रूस यात्रा के दौरान भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। एचएएल अपने कारखाने को इनके निर्माण के लिए तैयार कर रहा है। वायु सेना के पास इस समय 259 सुखोई विमान हैं जो सभी संचालन अवस्था में नहीं। ज्यादातर सुखोई 2000-2010 के बीच वायु सेना में शामिल किए गए। इन्हें हर 15 साल बाद अपग्रेड किया जाता है, 10 वर्ष बाद इनकी संख्या काफी कम हो जाएगी। इसीलिए बेड़े में नये अपग्रेडेड सुखोई विमान जोड़ने की तैयारी कर ली गई है। अब रूस ने अपने सुखोई-75 चेकमेट लड़ाकू विमान की खरीद का ऑफर भारत को दिया है, वह भी कम कीमत पर। रूस इस लड़ाकू विमान की तकनीक भी देने को तैयार है। रूसी रक्षा अधिकारियों का कहना है- ये अत्याधुनिक विमान राडार की पकड़ में नहीं आते। ये एआई से लैस विमान हैं। इनकी गति 1.8 मैक है और 3000 किमी तक लक्ष्य को नेस्तनाबूद करने की क्षमता है। यह विमान 7.4 पेलोड के साथ 54000 से अधिक ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियार अपने अंदर छिपाए रखता है। वायु सेना का विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए देश में निर्मित तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद की जाएगी। कुछ समय पहले 123 विमानों का आर्डर एचएएल को दिया गया। अब 97 तेजस और खरीदे जाएंगे। उसके बाद 200 और तेजस विमान लिए जाने की योजना है। भारत में अभी तेजस मार्क-1 बनाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जीई इंजन एफ-414 वाले तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमानों का निर्माण देश में शुरू हो जाएगा। उम्मीद है कि 2026 में इसकी पहली उड़ान पूरी होगी। यह बहुउद्देश्यीय सुपरसोनिक लड़ाकू विमान होगा। इनकी सबसे बड़ी ताकत इनकी स्पीड है जो अधिकतम 2385 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। कुल रेंज 2500 तथा 1500 किमी लड़ाकू रेंज होगी। यह 6500 किलोग्राम वजन के हथियार लेकर उड़ सकेगा। भारत 5.5वीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान को विकसित करने की योजना पर भी काम कर रहा है। डीआरडीओ इसे विकसित कर रहा है। यह भारत का पहला स्टील्थ फाइटर होगा जो भारी और अधिक हथियार ले जा सकेगा।

आप का नजरीया

# हाथ में राइफल—मुस्लिम देशों से अपील

**देशों** से अपील ईंरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेईं करीब पांच साल बाद जुमे की नमाज के दिन सार्वजनिक तौर पर उपस्थित हुए। खामेनेईं की यह सार्वजनिक मौजूदगी इसलिए भी खास है क्योंकि इजरायल और ईंरान के बीच तनाव के माहौल में उनके भूमिगत हो जाने की अटकले लगाईं जा रहीं थीं। इन अटकलों के पीछे की वजह वुछ दिनों के अंदर ही हमास और हिज्बुल्लाह के कईं वरिष्ठ नेताओं और कमांडरों की हत्या भी है। ईंरान इसके लिए इजरायल को दोषी ठहराता है और इसी का बदला लेने के लिए उसने इजरायल पर जबरदस्त मिसाइली हमला किया था। ईंरान इंटरनेशनल मीडिया ग्राुप के मुताबिक, करीब पांच साल बाद शुव्रावार की नमाज में खामेनेईं की पहली बड़ी सार्वजनिक मौजूदगी थी। उसके मुताबिक खामेनेईं ने वही पुरानी इजरायल और अमेरिका के खिलाफ भारत समेत उस वैचारिक नैरेटिव की बात कही जो उन्होंने 1979 से जारी रखी है। 1979 में ईंरान में इस्लामिक व्रांति के बाद वहां नईं सत्ता कायम हुईं थी। ईंरान पर नजर रखने वाले लोग मानते हैं कि यह कार्यंव्राम खामेनेईं के प्राति समर्थन और तेहरान की सुरक्षा को प्रादर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यंव्राम का मकसद उन अफवाहों को दूर करना भी था जिसमें कहा गया था कि 28 सितम्बर को बेरुत में हिज्बुल्लाह नेता नसरुल्लाह की मौत के बाद खामेनेईं एक गुप्त बंकर में छिपे हुए हैं। इजरायल के प्रामुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजरायल लिखता है कि ईंरान के सर्वोच्च नेता खामेनेईं ने अपने उपदेश के दौरान हाथ में बंदूक लेकर दावा किया कि इजरायल हमास और हिज्बुल्लाह को कभी नहीं हटा पाएगा। खामेनेईं ने शुव्रावार को अपने धार्मिक उपदेश में इसी सप्ताह इजरायल पर किए गए मिसाइल हमले का समर्थन किया। इन मिसाइल हमलों की वजह से क्षेत्रीय युद्ध की आशकाएं बढ़ गईं हैं। इजरायल किसी भी समय ईंरान पर जवाबी हमला कर सकता है। निशाने पर है ईंरान के तेल भंडार और परमाणु ठिकाने। द टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक खामेनेईं ने आतंकी प्रामुखों की हत्या के बाद यह बयान दिया है और कहा है कि ईंरान के मिसाइल हमले यहूदी अपराधों की न्यूनतम सजा है। इस अवसर पर आयतुल्लाह अली खामेनेईं ने तेहरान के मुख्य प्रार्थना स्थल मोसल्ला (ग्रोंड मस्जिद) पर हिज्बुल्लाह चीफ नसरुल्ला की याद में नमाज पढ़ी। इसके बाद उन्होंने एकत्रित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के तमाम मुसलमानों को इजरायल के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। खामेनेईं ने इस्लामी देशों के साथ देने की अपील करते हुए कहा कि वह इजरायल को खत्म करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से यमन और ईंरान से गाजा तक साथी देश शत्रु पर कार्रवाईं को तैयार हैं। करीब 40 मिनट लंबे भाषण में खामेनेईं ने इजरायल पर मंगलवार दागी गईं करीब 200 मिसाइलों को ईंरान सशस्त्र बलों की शानदार कामयाबी बताया। आयतुल्लाह खामेनेईं ने इजरायल से हो रही जंग में मारे जाने वाले लड़ाकों को बहादुर और इस्लाम की राह में वुर्बान होने वाला बताया। उन्होंने कहा लेबनान और फिलस्तीन में रहने वाले आप लोग बहादुर हैं, आप वफादार और धैर्यवान हैं।



# पाकिस्तान की पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी करेगी जेल में बंद इमरान खान की हिफाजत

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सक्रिय पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने कानूनी उलझनों में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हिफाजत करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है कि सेंट्रल जेल रावलपिंडी में कैद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक (पीटीआई) इमरान खान गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं।

पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के अध्यक्ष अचकजई ने सोमवार को घोषणा की कि जुल्फिकार अली भुट्टो के साथ हुए दुखद दुर्व्यवहार को इमरान खान के साथ दोहराया नहीं जाने दिया जाएगा। उन्होंने सरकार को यह चेतावनी लोकतंत्र के शहीदों के सम्मान में किला सैफुल्लाह में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में दी। अचकजई ने कहा कि अगर राजनीति में सेना का कथित हस्तक्षेप जारी रहा, तो पाकिस्तान राजनीतिक अस्थिरता का सामना करता रहेगा और इसका भविष्य अनिश्चितता से भरा रहेगा।

उन्होंने संशोधन के नाम पर संविधान को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का विरोध करने की शपथ ली। अचकजई ने सात अक्टूबर, 1983 की घटनाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने क्वेटा में जुलूस निकाला था। इस दौरान तत्कालीन तानाशाह जनरल जिया से संविधान और लोकतंत्र को बहाल करने का आह्वान किया गया था। इस दौरान मार्शल लॉ अधिकारियों की प्रतिक्रिया क्रूर रही। जुलूस पर की गई गोलीबारी में पार्टी के चार कार्यकर्ता मारे गए और कई घायल हो गए। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों को हिरासत में लिया गया। पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के नेता अचकजई ने कहा कि इमरान खान का जीवन में संकट में है। डर है जेल में बंद इमरान खान के साथ वही व्यवहार किया जा सकता है जो भुट्टो के साथ किया गया था। मुल्क की हुकूमत इमरान खान की रिहाई की मांग करने पर पीटीआई कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढा रही है। उन्होंने मांग की है कि खान और अन्य राजनीतिक कैदियों को तुरंत रिहा किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### रावलपिंडी सेंट्रल जेल में बंद इमरान खान 18 अक्टूबर तक किसी से नहीं मिल सकेंगे



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को रावलपिंडी सेंट्रल जेल (अदियाला जेल) में कैदियों से मुलाकात पर 18 अक्टूबर तक प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर भी लागू होगा। वह अपने वकीलों, राजनीतिक हस्तियों और परिवार के सदस्यों से नहीं मिल पाएंगे। खबर के अनुसार, पंजाब सरकार ने सुरक्षा चिंताओं के कारण यह निर्णय लिया गया। इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आगामी शिखर सम्मेलन के मद्देनजर अधिकारियों ने इस्लामाबाद और रावलपिंडी में अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंध करने का निर्णय लिया है। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने पीटीआई पर एससीओ शिखर सम्मेलन को बाधित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार शिखर सम्मेलन का शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सदस्य देशों की अग्रिम सुरक्षा प्रोटोकॉल टीमें इस्लामाबाद पहुंचने लगी हैं। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन 15 अक्टूबर से शुरू होगा। राजधानी इस्लामाबाद के चप्पे-चप्पे पर सेना तैनात की गई है। रेंजर्स पहले से ही राजधानी में तैनात हैं।

### नेपालः बाढ़ पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी राहत सामग्री की पहली खेप




**काठमांडू।** नेपाल में आई बाढ़ से पीड़ित जनता के लिए भारत की तरफ से राहत सामग्री भेजने का काम शुरू हो गया है। राहत सामग्री की पहली खेप भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से नेपालगंज हवाईअड्डा पर पहुंचाई गई। काठमांडू स्थित भारतीय राजदूतावास के प्रतिनिधि की उपस्थिति में राहत सामग्रियों की पहली खेप नेपाल सरकार तक पहुंचा दी गई है। सोमवार को आई राहत सामग्री को भारतीय दूतावास के द्वितीय सचिव नारायण सिंह ने नेपालगंज हवाईअड्डा पर बांके जिला के प्रमुख जिलाधिकारी खगेन्द्र प्रसाद रिजाल को सौंपा है। भारतीय दूतावास की तरफ से बताया गया है कि करीब 2 करोड़ रुपये की 4.20 टन सामग्री नेपाल के बाढ़ पीड़ितों के लिए दी गयी है। दूतावास की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राहत सामग्री में टेंट, ट्रिपोलिन से लेकर स्लीपिंग बैग और अत्यावश्यक औषधियां दी गई है। बाढ़ के कारण सबसे अधिक समस्या पीने के पानी की होती है जिसके लिए भारत सरकार की तरफ से बड़ी मात्रा में क्लोरिन टैबलेट, पानी की बोतलें दी गई है। दूतावास की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक राहत सामग्रियों की दूसरी खेप मंगलवार शाम तक पहुंचने की उम्मीद है। बांके जिला के प्रमुख जिलाधिकारी ने बताया कि सभी सामग्रियां आने के बाद इसे एक साथ काठमांडू भेजा जाएगा। काठमांडू हवाईअड्डे पर इस समय विमानों के अत्यधिक संचालन के कारण एयर ट्रैफिक की समस्या हो रही है, जिस कारण से भारत से भेजे गई राहत सामग्री को नेपालगंज भेजा गया है।

### जयशंकर एससीओ बैठक में लेंगे भाग, पाकिस्तान से संबंधों पर नहीं करेंगे बात

**करांची।** भारत ने पाकिस्तान के निमंत्रण का सम्मान करते हुए कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे। एससीओ कॉन्फ्रेंस में भारत शिरकत करेगा। लेकिन पाक मीडिया को ये बात हजम ही नहीं हो रही है। पाकिस्तानी टीवी चैनल में बैठे एक्सपर्ट्स उन्हें समझा रहे हैं और दूसरी तरफ पाकिस्तानी आवाम शहबाज सरकार को कोस रही है।



जयशंकर ने कहा कि मैं इस महीने पाकिस्तान जाने वाला हूं और ये मेरी यात्रा एससीओ मीटिंग के मद्देनजर होगी। एस जयशंकर ने साफ कर दिया कि मैं बहुपक्षीय वार्ता में हिस्सा लूंगा। भारत और पाकिस्तान के संबंधों पर बात करने नहीं जा रहा हूं। मैं एससीओ का एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते वहां जा रहा हूं। कुल मिलाकर कहें कि पाकिस्तान ने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर की आगामी इस्लामाबाद यात्रा के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत से इनकार कर दिया। भारत ने घोषणा की कि जयशंकर इस्लामाबाद में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। जयशंकर ने अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया है।

# इजराइल ने हिजबुल्लाह का एक और कमांडर मार गिराया, गाजा में हमास के 3 आतंकी ढेर

**बेरूत/गाजा।**
लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिण में हुए इजराइल के हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर मारा गया। इजराइल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि मारा गया कमांडर सुहैल हुसैनी ईरान समर्थित-पोषित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के रसद, बजट और प्रबंधन का काम देखता था। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने इसकी पुष्टि की है। उधर, गाजा में हुए इजराइली हमले में हमास के तीन आतंकी मारे गए।

आईडीएफ ने कहा है कि हुसैनी ईरान से लाए गए अत्याधुनिक हथियारों का वितरण समूह की इकाइयों को करता था। वह आतंकवादी समूह की सैन्य परिषद का सदस्य था। उल्लेखनीय है कि इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह का सरगना सैय्यद हसन नसरल्लाह भी ढेर हो चुका है। उसके बेटा-बेटी और कई शीर्ष कमांडर मारे जा चुके हैं।

इस बीच हिजबुल्लाह ने फिर कहा कि जब तक गाजा पट्टी में इजराइल और आतंकी संगठन हमास में संघर्ष विराम नहीं होता तब तक वह इजराइल में रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन से हमला करता रहेगा। आईडीएफ के एक्स हैंडल में कहा गया है कि ताजा हमले में सात अक्टूबर, 2023 के नरसंहार में शामिल हमास के तीन आतंकवादी गाजा में मारे गए। तुर्किये ने लेबनान से अपने 2,000 नागरिकों को निकालने के लिए नौसेना के जहाज भेजने का फैसला किया है।


लेबनान के अल-मनार समाचार चैनल के अनुसार इजराइल के हमलों में बेरूत के दक्षिणी उपनगर, दक्षिण और बेका क्षेत्र में अनगिनत घर नष्ट हो गए हैं। इजराइल ने लेबनान के विभिन्न इलाकों को निशाना बनाया गया है। सोमवार शाम इजराइल ने अदलून और अंसारियाह के बीच दीर तकलिया के साथ जौतार अल-शरकिया, अल-बिसारियाह, अल्मा अल-शाब, टायरा, अल-शैतिया और अल-दुवेर शहरों पर हमले शुरू किए हैं। इन हमलों से अल-खियाम शहर भी प्रभावित हुआ है। इजराइल ने बुर्ज अल-शामली के बाहरी इलाके और अल-खियाम शहर के अलावा अलमा अल-शाब, नकौरा सहित बिंट जेबील जिले के कई गांवों में बमबारी की है। इस हमले में पश्चिमी बेका क्षेत्र में दो नागरिक मारे गए इजराइली युद्धक विमानों ने कलिया शहर में एक घर पर हमला किया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,083 और घायलों की संख्या 9,869 है। हिजबुल्लाह ने लेबनान से सोमवार आधी रात बाद इजराइल के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह के सैन्य मीडिया ने कहा है कि तेल अवीव पर मिसाइल हमला किया गया। इस हमले में इजराइली सैन्य खुफिया यूनिट 8200 के गिलिलोट बेस को निशाना बनाया गया। इजराइल के सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि लेबनान से तेल अवीव की ओर दागे गए कई रॉकेट को निष्प्रभावी कर दिया गया। हिब्रू मीडिया के अनुसार तेल अवीव पर सोमवार रात गाजा, यमन और लेबनान से मिसाइल दागी गईं। हिजबुल्लाह ने रात 12.05 बजे से सुबह पांच बजे तक रॉकेट से ताबड़तोड़ हमले किए।



### इजराइल खामनेई के घर और रिव्ल्यूशनरी गार्ड मुख्यालय पर कर सकता है हमला

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच की जंग ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई के घर और ईरानी रिव्ल्यूशनरी गार्ड के मुख्यालय को अपने निशाने पर लिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि क्या इजराइल की इन जगहों पर बम गिराने की योजना है और अगर ऐसा है तो इसका नतीजा क्या होगा इजराइल और ईरान के बीच का तनाव अब और भी ज्यादा खतरनाक रूप ले रहा है। इजराइल और ईरान के बीच गुप्त हमले और साइबर युद्ध जैसी गतिविधियां नजर आ रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर इजराइल हमेशा से चितिंत रहा है। अब इजराइल ईरान के प्रमुख ठिकानों पर हमले की बात कर रहा है। ये संघर्ष एक बड़े युद्ध में तब्दील हो सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने दमिश्क में कहा कि हम गाजा और लेबनान में संघर्ष विराम करने का प्रयास कर रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल को अपनी रक्षा करने और इन हमलों का जवाब देने का अधिकार है और वह ऐसा करेगा। लेबनान पर उन्होंने कहा कि अभी हमारा काम खत्म नहीं हुआ है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से सवाल किया कि क्या आप ईरान के न्यूक्लियर साइट पर हमले का समर्थन करेंगे। बाइडेन ने कहा नहीं। उन्होंने कहा कि हम इजराइल के साथ बात कर रहे हैं कि वे क्या करने वाले हैं लेकिन उनके अनुपात का ध्यान रखना चाहिए।

# अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दी नसीहत कहा- हमें ज्ञान ना दे, अपने घर में झांकें



**इस्लामाबाद।**
दुनिया में इस वक्त चौतरफा अशांति फैली हुई है। इसी बीच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनातनी की खबरें भी डराने लगी हैं। पाकिस्तान और तालिबान के बीच काफी समय से तनातनी चल रही है। इसकी एक बड़ी वजह आतंकियों को पनाह देने का मुद्दा रहा है। पाकिस्तान की ओर से तालिबान पर आरोप लगाए जाते रहे हैं कि अफगानिस्तान की जमीन पर आतंकियों को शरण मिल रही है। वहीं तालिबान सरकार की ओर से पाक पर ही कई गंभीर आरोप लगाए जाते रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने तालिबान सरकार के इस्लामाबाद में तनावपूर्ण स्थिति पर आए बयान को खारिज करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार (एआईजी) हमें सीख देने के बजाय अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करे। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थकों के इस्लामाबाद की ओर मार्च करने के बाद हुई अशांति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में सरकार और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तनाव पैदा हो रहा है, जिसका पूरे क्षेत्र पर नकारात्मक असर हो सकता है।

पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने सोमवार को अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से आए बयान को तुच्छ कहते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि तालिबान की ओर से पाकिस्तान के घरेलू मामलों में ये गैरजरूरी और निंदनीय हस्तक्षेप है। बलूच ने कहा, एक लोकतांत्रिक देश को व्याख्यान देने के बजाय एआईजी को अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वह समावेशिता को प्राथमिकता दें और अपने अधिकारों में कटौती करने के बजाय महिलाओं और लड़कियों के लिए शिक्षा के अधिकार सहित अपने स्वयं के लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी रहें। मुमतान बलूच ने कहा कि एआईजी को पड़ोसी देशों में शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा करने वाले आतंकी समूहों को जगह ना देकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दी गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में शांति, बातचीत और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने फ्लोटिंग एलएनजी टर्मिनल पर समिट ग्रुप के साथ अनुबंध रद्द किया




**ढाका।**
बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दूसरे फ्लोटिंग एलएनजी टर्मिनल (एफएसआरयू) पर समिट ग्रुप के साथ अनुबंध रद्द कर दिया है। विद्युत, ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय के निर्देश पर अनुबंध रद्द किया गया है।

खबर के अनुसार, पेट्रोबांग्ला के चेयरमैन जनेंद्र नाथ सरकार ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। इस बारे में समिट ग्रुप ने कहा कि उसे अनुबंध रद्द करने का नोटिस प्राप्त हुआ है। ग्रुप ने कहा है, यह अनुचित है और समीक्षा के लिए अपील की जाएगी। समूह के पास बांग्लादेश में दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को जिम्मेदारी से लागू करने का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है।

उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को पेट्रोबांग्ला और समिट ग्रुप ने बांग्लादेश में तीसरे एफएसआरयू के निर्माण के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। टर्मिनल निर्माण के अलावा, दोनों 2026 के अंत तक सालाना 1.5 मिलियन टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति करने पर भी सहमत हुए थे।

# संघर्ष के बीच भारत का फैसला, लेबनान को भेजेंगे मदद, अमेरिका-इजराइल हैरान



**बेरुत।**
भारत ने इजराइल और ईरान के बीच संतुलन बनाकर दुनिया में ये साबित कर दिया कि वह अपने सभी दोस्तों के साथ खड़ा है। इस बार भारत ने लेबनान को मेडिकल सहायता देने का फैसला किया है। ये कदम अपने आप में बड़ी कूटनीतिक है। मध्य पूर्व में टकराव इजराइल और उसके पड़ोसी देशों के बीच बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इजराइल और लेबनान के हिजबुल्लाह के बीच के संघर्ष ने एक बड़ा रूप ले लिया है। इसके साथ इजराइल, ईरान के खिलाफ भी लंबे समय से लड़ाई जारी रखे हुए है। लेकिन इन सब के बीच भारत ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। भारत ने न तो किसी पक्ष का समर्थन किया और न ही किसी से दुश्मनी मोल ली। हाल की घटनाओं के चलते कई पश्चिमी और यूरोपी देश इजराइल से दूरी बना रहे हैं। जी7 के सात देशों में केवल अमेरिका ही इजराइल का खुलकर समर्थन कर रहा और हथियार भी सप्लाई कर रहा है। कई देशों ने इजराइल के खिलाफ सख्त रूख अपनाते हुए हथियारों की सप्लाई रोक दी है। अभी हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इजराइल को हथियारों की सप्लाई रोकने की बात कह दी थी। अब भारत ने भी अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए इजराइल और ईरान दोनों के साथ अपने संबंधों को बनाए रखा है। इजराइल के हमलो में लेबनान के कई आम नागरिक घायल हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए भारत ने लेबनान के लिए मेडिकल किट और अन्य उपकरण भेजना का फैसला लिया है। ये फैसला उसकी फ्रेंडशिप फर्स्ट नीति को दिखाता है जहां वह अपने दोस्त देशों की मदद करने से कभी पीछे नहीं हटता है।

# पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पांच और केस दर्ज

**इस्लामाबाद।**

**पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मुल्क के पुलिस थानों में पांच और केस दर्ज किए गए हैं। यह केस चार अक्टूबर को इस्लामाबाद के डी-चौक पर पीटीआई के विरोध प्रदर्शन से संबंधित हैं।**

खबर के अनुसार, पीटीआई के कई अन्य नेताओं को भी नामित किया गया है। इनमें खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और गिलगित-बाल्टिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि डी चौक पर विरोध प्रदर्शन से एक दिन पहले तीन अक्टूबर को मुल्क के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने इमरान की पार्टी को इस्लामाबाद पर हमला शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। उन्होंने पीटीआई नेतृत्व से विरोध के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आह्वान किया था। यह विरोध प्रदर्शन मलेशियाई प्रधानमंत्री की पाकिस्तान यात्रा और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन के साथ हुआ।

पूर्व सत्तारूढ़ पीटीआई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पूर्व प्रधानमंत्री की जेल से रिहाई के लिए सरकार विरोधी अभियान शुरू किया है। पीटीआई के कई नेताओं और इमरान की बहनों अलीमा खान और उज्मा खान को शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था। इमरान की बहनों के खिलाफ कोहसर पुलिस स्टेशन में आतंकवाद से संबंधित 16 प्रावधानों सहित गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।



पीटीआई इस्लामाबाद के अध्यक्ष अमीर मसूद मुगल के खिलाफ भी डी चौक विरोध प्रदर्शन का मामला तरनोल पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। एफआईआर में पीटीआई संस्थापक, मुख्यमंत्री गंडापुर और 350 अज्ञात व्यक्तियों के अलावा 34 अन्य लोगों को भी शामिल किया गया है। तरनोल पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला 13 विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया।

इसके अतिरिक्त, कराची कंपनी पुलिस स्टेशन में पीटीआई के संस्थापक, अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान और गंडापुर के सूचना सलाहकार बैरिस्टर सैफ के खिलाफ आठ गंभीर धाराओं के तहत एक और मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में 20 अन्य व्यक्तियों और 250 अज्ञात व्यक्तियों को नामित किया गया है। पीटीआई नेताओं आजम स्वाति और खुर्शीद पर वित्तीय सहायता प्रदान करने का आरोप लगाया गया है। एक मामला रमना पुलिस स्टेशन में पीटीआई संस्थापक और 50 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ छह गंभीर धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

इसके अलावा, पूर्व प्रधानमंत्री को छह गंभीर धाराओं के तहत गोलरा पुलिस स्टेशन में दर्ज एक अन्य प्राथमिकी में नामित किया गया है। एफआईआर में लगभग 30 अन्य और 200 अज्ञात व्यक्तियों के भी नाम हैं। इमरान पर आई-9 पुलिस स्टेशन में एक अन्य एफआईआर में 10 गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में अन्य व्यक्तियों में गंडापुर, खुर्शीद और मलिक अमीर के साथ-साथ लगभग 20 व्यक्तियों के अलावा 300 अन्य अज्ञात लोग शामिल हैं।

# दिल्ली के लवकुश मैदान की रामलीला में मंदोदरी की भूमिका निभा रही हैं मुरादाबाद की हर्षिता मलिक

**– टीवी सीरियल अनुपमा, ये है चाहतें, इश्क की दास्तान, नागमणि, नागिन 6, तेरे इश्क में घायल आदि में किरदार निभा रही हैं हर्षिता**



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** टीवी धारावाहिकों में बतौर कलाकार काम कर रहीं मुरादाबाद की उभरती हुई अदाकारा हर्षिता मलिक दिल्ली के लालकिला स्थित लवकुश मैदान पर मुरादाबाद शैली की रामलीला में रावण की पत्नी मंदोदरी का किरदार निभा रही हैं। लवकुश मैदान पर 3 अक्टूबर को प्रारंभ हुआ भव्य श्रीरामलीला मंचन 13 अक्टूबर तक चलेगा। टीवी सीरियल अनुपमा, ये है चाहतें, इश्क की दास्तान, नागमणि, नागिन 6, और तेरे इश्क में घायल जैसे लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाली मुरादाबाद की हर्षिता मलिक अब रामलीला के मंच पर मुरादाबाद शैली की रामलीला में अपनी प्रतिभा का जादू बिखेर रही हैं। भारत की सबसे प्रतिष्ठित रामलीलाओं में से एक दिल्ली की लवकुश रामलीला, इस वर्ष कई सितारों से सजी हुई है। इस वर्ष मुरादाबाद शैली का 59 वां मंचन दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र के अलावा विभिन्न स्थानीय और बाहरी मंचों पर हो रहा है। इसमें दिल्ली का लव कुश मैदान भी शामिल है। लव कुश रामलीला में हर्षिता के साथ-साथ लोकप्रिय टीवी अभिनेता हिमांशु सोनी भगवान श्रीराम की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि समीक्षा भटनागर सीता का किरदार निभाएंगी और मशहूर खलनायक निमाई बाली रावण की भूमिका में दिखाई दे रहें हैं। इस आयोजन में कई सेलिब्रिटी और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों की उपस्थिति से इसकी भव्यता और भी बढ़ जाएगी। हर्षिता ने रविवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि इतनी प्रतिष्ठित रामलीला का हिस्सा बनना और मंदोदरी जैसे सशक्त और करुणामयी किरदार को निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मुझे इतने भव्य मंच पर उनकी कहानी को जीवंत करने का अवसर मिला है।

# मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज महाकुम्भ के लोगो का किया अनावरण

**– मुख्यमंत्री योगी ने संगमनगरी में की पूजा-अर्चना, संतों के साथ कर रहे बैठक**



**प्रयागराज, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परेड मैदान में साधु-संतों के साथ बैठक के दौरान महाकुम्भ के प्रतीक चिह्न (लोगो) का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने वेबसाइट और ऐप भी लॉन्च किए। मुख्यमंत्री योगी ने मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मंत्री राकेश सचान और मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नन्दी के साथ स्पेशल बोट से संगम का निरीक्षण किया। करीब एक घंटे तक उन्होंने विभिन्न कार्यों का जायजा लिया और घाटों की स्थिति देखी, साथ ही कुम्भ को लेकर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। संगमनगरी में महाकुम्भ की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्री बड़े हनुमानजी के दरबार में दर्शन पूजन किया। मंदिर पहुंचने पर महंत बलवीर गिरि ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमानजी की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। तत्पश्चात मुख्यमंत्री योगी वीआईपी घाट से स्पेशल बोट द्वारा संगम निरीक्षण के लिए निकल गए। मंगलाचरण और स्वस्तिवाचन के साथ परेड मैदान में मुख्यमंत्री के साथ साधु-संतों की महाकुम्भ मेले की तैयारी को लेकर बैठक शुरू हो गई। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारियों और प्रमुख साधु-संतों का स्वागत अभिनंदन किया गया। महाकुम्भ की तैयारी के लिए 13 अखाड़े के साथ दंडीवाड़ा, आचार्य वाड़ा, प्रयागवाल सभा तीर्थ पुरोहितों के अलावा बैरागी, संन्यासी, वैष्णव संतों के प्रमुख पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। इनके अलावा खास चौक के भी संत अपने पूरे जमात के साथ पहुंचे हैं। अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री मुलाकात भी करेंगे।

# उप्र पर्यटन विभाग के बोर्ड पर लगा दिया पार्किंग का रेट कार्ड




**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ के बक्शी का तालाब क्षेत्र में नवरात्र के अवसर पर चंद्रिका देवी मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों व श्रद्धालुओं के लिए सहायतार्थ उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से एक बोर्ड लगाया गया है। उस पर ग्राम पंचायत की पार्किंग चलाने वाले ठेकेदार ने रेट कार्ड लगा दिया। इस पर आते जाते श्रद्धालुओं की नजर पड़ने पर उनके चेहरे पर मुस्कान आ जा रही है। ग्राम पंचायत विभाग की ओर से प्रतिवर्ष बीकेटी क्षेत्र में धार्मिक स्थल के बाहर पार्किंग की नीलामी किया जाता है। इस वर्ष पार्किंग पाने वाले ठेकेदार चंद्रशेखर है, जिन्होंने वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग रेट कार्ड को किसी दीवार पर नहीं बल्कि पर्यटन विभाग के बॉर्डर पर लगा दिया है। इस बाबत ठेकेदार चंद्रशेखर ने बताया कि मौजूदा हालात में कर्मचारियों ने सुविधा देखते हुए सरकारी बोर्ड पर रेट कार्ड लगा दिया है। इस तरह की गलती को सुधारने के लिए वह तत्काल ही अपने कर्मचारियों से बातचीत करेंगे। उन्हें इस बारे में बहुत जानकारी अभी तक नहीं है। वहीं पर्यटन विभाग के लखनऊ क्षेत्र के अधिकारियों से बातचीत में पता चला कि वर्तमान समय में प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों के बाहर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने अपने बोर्ड लगा रखे हैं। जिससे लोगों को पर्यटन स्थान की सही जानकारी हो सके। पर्यटन विभाग के बोर्ड पर किसी प्रकार की दूसरी सूचना लगाना पूरी तरह से अपराधकृत है। इसकी मौके पर टीम भेज कर जांच कराई जाएगी।

# देवी पंडाल में काम कर रहे युवक की अचानक बेहोश होने के बाद हुई मौत



**जालौन, (हि.स.)।** देवी पंडाल में काम कर रहा 25 वर्षीय युवक अचानक बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में देख देवी पंडाल में काम करने वाले लोग मौके पर पहुंचे और दहशत में आ गए। उसे तत्काल उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना कोंच कोतवाली क्षेत्र के नया पटेल नगर स्थित रामकुंड की है। पूरा मामला सिमरिया गांव का है। यहां का रहने वाला 25 वर्षीय युवक जसवंत पुत्र राजकिशोर निरंजन कुछ दिन से अपने परिवार के लोगों के साथ कोंच के नया पटेल नगर स्थित रामकुंड कोतवाली में रह रहा था। इसके मोहल्ले में ही देवी पंडाल सजा हुआ था। शनिवार की रात को वह देवी मां के पंडाल को सजाने में लोगों के साथ लगा हुआ था। तभी वह अचानक पंडाल में ही बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। यह देख पंडाल में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल उठाया और इलाज के लिए कोंच के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह ने बताया कि एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# महंत के नफरती बयानबाजी से पूरे देश में अशांति : मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को एक्स पर कहा कि गाजियाबाद में डासना देवी मन्दिर के महंत ने इस्लाम मजहब के खिलाफ फिर से नफरती बयानबाजी की है। इसकी वजह से पूरे इलाके में और देश के कई हिस्सों में भी अशान्ति और तनाव की स्थिति उत्पन्न है। पुलिस प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तो कार्रवाई की कर रही है लेकिन मूल दोषी भयमुक्त हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता अर्थात सभी धर्मों का बराबर आदर-सम्मान की गारण्टी सुनिश्चित करता है। अतः केन्द्र व राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है कि वे इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें ताकि देश में शान्ति रहे तथा विकास भी बाधित न हो।

# पीएमएफबीवाई के लाभार्थियों को दिया जाएगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण

Pradhanmantri Fasal Bima Yojana

**कानपुर, (हि.स.)।** पीएमएफबीवाई योजना के लाभार्थियों का 8 अक्टूबर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण लगेगा। यह प्रशिक्षण कानपुर नगर के राजकीय खाद्य विज्ञान विभाग अस्सी फिट रोड परिसर में होगा। यह जानकारी रविवार को जिला उद्यान अधिकारी कानपुर डॉ. बलदेव प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए कानपुर के अस्सी फिट रोड स्थित राजकीय खाद्य विज्ञान विभाग परिसर में 8, 9 एवं 10 अक्टूबर को शिविर लगाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में एक बार में मात्र 30 किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वह ऐसे लाभार्थी होंगे जो कृषि उद्यान स्थापित किए हैं। प्रशिक्षण में किसानों को कृषि उद्योग से जुड़े गुणवत्ता प्रबंधन, जोखिम और वित्तीय प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे लाभार्थी अपनी आर्थिक स्थिति को संभालेंगे और कारोबार में होने वाले जोखिम और उत्पादन की गुणवत्ता को भी ठीक कर पाएंगे।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने तीसरी चार्जशीट दाखिल की




**पटना, (हि.स.)।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने तीसरी चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें 21 लोगों को आरोपित बनाया गया है। ये चार्जशीट पटना स्थित सीबीआई के विशेष कोर्ट में दाखिल किया गया है। सीबीआई ने अबतक तीन चार्जशीट दायर की है, जिसमें कुल 40 लोगों को आरोपित बनाया है। पहली चार्जशीट में 13 लोगों को आरोपित बनाया गया था। दूसरे में 6 और तीसरे में 21 लोगों को आरोपित बनाया गया है। चार्जशीट में आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्य गायब होने का कारण) और धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) लगाए गए हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि पांच मई की सुबह नीट के पेपर्स से भरे ट्रंक हजारीबाग के ओएसिस स्कूल में पहुंचाए गए थे। ट्रक एक कंट्रोल रूम में रखे गए थे। पेपर पहुंचने के तुरंत बाद स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक और डिप्टी प्रिंसिपल इम्तियाज आलम ने मास्टरमाइंड पंकज कुमार को कंट्रोल रूम में जाने की इजाजत दी थी। इस मामले में 01 अगस्त को सीबीआई ने 13 आरोपितों के खिलाफ पहली चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने 22 जून से इस मामले की जांच शुरू की थी। 26 जून को ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल समेत 3 को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने 20 सितम्बर को छह आरोपितों के खिलाफ दूसरी चार्जशीट दाखिल की थी।इसमें बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सनी कुमार, एहसानुल हक (प्रिंसिपल, ओएसिस स्कूल, हजारीबाग और सिटी कोऑर्डिनेटर हजारीबाग), मोहम्मद इम्तियाज आलम (उप-प्रिंसिपल, ओएसिस स्कूल और केंद्र अधीक्षक)), जमालुद्दीन उर्फ जमाल (एक समाचार पत्र, हजारीबाग के रिपोर्टर) और अमन कुमार सिंह आरोपित हैं।

# देश की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने की आशंका



**पटना, (ईएमएस)।** एक बार फिर देश की राजनीति में बड़ा उलटफेर होने की आशंका बन रही है। दरअसल तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो अगर बीजेपी हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव हार जाती है तो विपक्ष के पास अपनी ताकत नए तरीके से मजबूत करने का मौका होगा। अगर झारखंड में सत्ता में आने की बीजेपी की कोशिशें सफल नहीं हुईं तो विपक्ष की ताकत बढ़ेगी। ऐसे में बीजेपी के साथ फिलहाल जो पार्टियां सत्ता में हैं, जिनकी विचारधारा अलग है, लेकिन जो नेता न चाहते हुए भी सत्ता में बैठे हैं, वो बीजेपी को झटका दे सकते हैं। ऐसी पार्टियों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), लोक जनशक्ति पार्टी-आर तथा तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) शामिल हैं। इन तीनों पार्टियों के समर्थन से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार चल रही है। समय-समय पर इन पार्टियों ने बीजेपी की छुट्टी भी कर दी है। टीडीपी ने पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। 2014 में टीडीपी ने बीजेपी से हाथ मिला लिया था, लेकिन 2019 में वह बीजेपी की कट्टर विरोधी बन गई। टीडीपी फिलहाल बीजेपी के साथ है। एलजेपी-आर भी फिलहाल बीजेपी की सहयोगी है। लेकिन, उसके नेता चिराग पासवान की भूमिका बदलती दिख रही है। जेडीयू नेता नीतीश कुमार को पलटूराम के नाम से जाना जाता है, इसलिए वह कभी भी पलटवार कर सकते हैं। ऐसे में इंडिया अलायंस का पहला निशाना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहने वाले हैं। इंडिया अलायंस पहले ही उन्हें प्रधानमंत्री पद की पेशकश कर चुकी है। ये बात केसी त्यागी ने तब कही थी जब वो जेडीयू के प्रवक्ता थे। हालांकि, इसके बाद नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली और बीजेपी के साथ चले गए। अभी तक उनकी ओर से इस संबंध में कोई संकेत नहीं मिला है, लेकिन जिस तरह से जदयू के लोग उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बता रहे हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि मौका मिलने पर वह पीछे नहीं हटेंगे। इसका एक और बड़ा कारण यह है कि जब 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को चिराग पासवान के कारण बड़ा झटका लगा, तो उन्होंने मुख्यमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था क्योंकि वह 43 विधायकों वाली पार्टी के नेता थे। हालांकि, उन्होंने 24 घंटे के भीतर अपना मन बदल लिया। इसी तरह अगर सही मायने में नीतीश कुमार को इंडिया अलायंस की ओर से प्रधानमंत्री बनने का ऑफर मिलता है तो वे इससे इनकार नहीं कर पाएंगे। लेकिन सूत्रों की मानें तो ऐसा वे तब करेंगे जब बीजेपी तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में हार जाएगी।

# राहुल सिन्हा खान निदेशक और आदित्य रंजन बने पशुपालन निदेशक



**रांची, (हि.स.)।** राज्य सरकार ने 10 आईएएस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया है। इस संबंध में शनिवार देर रात कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। रांची डीसी के पद से हटाए गए राहुल सिन्हा को खान निदेशक बनाया गया है। निदेशक स्तर के कई अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। कुछ प्रतीक्षारत अधिकारियों को भी पोस्टिंग दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रतीक्षारत सुमन कैथरीन किस्पोट्टा को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग का विशेष सचिव, प्रतीक्षारत राहुल कुमार सिन्हा को खान विभाग का निदेशक और राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड जेएसएमडीसी का एमडी, समाज कल्याण विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा को राजस्व निबंधनएवं भूमि सुधार विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार दक्षिणी छोटा नागपुर के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग का विशेष सचिव, प्रतीक्षा रात मृत्युंजय कुमार बरनवाल को जेएसएलपीएस का सीईओ सह मनरेगा आयुक्त, ज्यादा के एचडी शशि रंजन को झारखंड शिक्षा परियोजना का निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन को पशुपालन विभाग का निदेशक, प्रतीक्षा रथ गरिमा सिंह को योजना एवं विकास विभाग का संयुक्त सचिव, हजारीबाग डीडीसी प्रेरणा दीक्षित को जियादा का एमडी बनाया गया है।

# कोडरमा में गृह रक्षक बहाली दौड़ के दौरान तीन महिला अभ्यर्थी घायल




**कोडरमा, (हि.स.)।** जिले में गृह रक्षक की बहाली को लेकर केटीपीएस फोर लेन में शारीरिक दक्षता के तहत रविवार को आयोजित दौड़ के दौरान तीन महिला अभ्यर्थी गिरकर घायल हो गईं। घायलों में चंदवारा निवासी रजनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और पुष्पा कुमारी हैं। पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया है। इधर, एक अन्य घटना में कोडरमा थाना क्षेत्र के होली फैमिली हॉस्पिटल के नजदीक रविवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान कोडरमा के बरसोतियाबर निवासी राजेंद्र पासवान (45) एवं पांडेयडीह निवासी किशुन यादव (44) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

# शादीशुदा प्रेमिका ने प्रेमी की चाकू से गला काटकर की हत्या



**पलामू, (हि.स.)।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज के समीप प्रेमिका ने प्रेमी की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। घटना को उसने पिता एवं अन्य परिजनों के साथ मिलकर अंजाम दिया। पुलिस ने मौके से प्रेमिका औऱ उसके पिता को हिरासत में ले लिया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने रविवार सुबह 10 बजे घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला और उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया गया है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा। मृतक की पहचान हमीदगंज बीएन कॉलेज के समीप रहने वाले संजय गोस्वामी (25 ) के रूप में हुई है। संजय टेंट हाउस में काम करता था और इधर कुछ दिनों से कोयल नदी से बालू निकालकर बेचता था। घटना शनिवार रात 9.30 से 10 बजे के बीच की है। संजय के भाई विनोद कुमार के अनुसार संजय और उसकी प्रेमिका ललिता देवी का घर अगल-बगल है। शनिवार रात 9.30 बजे संजय ललिता के पास था। अचानक उसके बंद घर से मारपीट की आवाज आने लगी। जाकर पता किया तो मालूम हुआ कि उसके भाई संजय गोस्वामी की पिटाई उसकी प्रेमिका और परिवार के अन्य सदस्य मिलकर कर रहे हैं। दरवाजा बंद रहने के कारण बाउंड्री वॉल लांघकर अंदर जाकर बचाने की कोशिश की। इस क्रम में उसकी भी लाठी डंडे से पिटाई की गई। वह जान बचाकर किसी तरह भागा। इस क्रम में उसने देखा कि उसके भाई को उसकी प्रेमिका के अलावा उसका भाई, पिता और मां लाठी डंडे से पीट रहे थे और तीन-चार जगह चाकू से वार भी किया। उसने बचाने की गुहार लगाई, लेकिन वह उसे बचा नहीं सका। अगल-बगल से भी कोई मदद नहीं मिली। बताया जाता है कि ललिता देवी तीन बच्चों की मां है और उसका संजय गोस्वामी के साथ पिछले 3 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ललित ने अपने पति को मारपीट कर भगा दी थी और संजय के साथ रह रही थी। यह भी चर्चा है कि बीती रात संजय और ललित को उसके परिजन आपत्तिजनक स्थिति में देख लिए थे। इसी कारण उन्होंने संजय की पिटाई की और फिर चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। यह भी चर्चा है कि ललिता का पैतृक ससुराल नावा बाजार थाना क्षेत्र के इटको में है और उसने वहां की जमीन बेची थी। पैसे संजय को दिए थे। पैसे के लेनदेन का भी मामला हो सकता है। हालांकि यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। यह भी चर्चा है कि संजय ललित को लगातार परेशान करता था। इसी कारण उसने उसकी हत्या कर दी। तमाम चर्चा के बीच पुलिस का पक्ष सामने आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। मृतक के भाई विनोद ने कहा कि ललिता से सख्ती से पूछताछ करने पर वह पूरे मामले की जानकारी दे देगी।



# भारत-यूएई निवेश समझौते में बदलाव, विवाद निपटान समयसीमा घटी : गोयल

## विवाद निपटान की समयसीमा 5 वर्षों से घटाकर 3 वर्ष की गई है, जो बीआईटी की शर्तों के अनुरूप नहीं

**नई दिल्ली।**
भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हाल में हुए एक समझौते में बड़ा बदलाव किया है। ?जिसके मुताबिक विवाद निपटान की समयसीमा 5 वर्षों से घटाकर 3 वर्ष कर दी गई है, जो आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) की शर्तों के अनुरूप नहीं है। अगर इस अवधि के दौरान भारत का न्याय तंत्र दो देशों के बीच निवेश समझौते पर विवाद नहीं सुलझा पाया तो विदेशी निवेशक अंतरराष्ट्रीय पंचाट में अपील कर सकते हैं। भारत ने यूएई के साथ 13 फरवरी को अबू धाबी में एक निवेश समझौता किया था मगर यह 31 अगस्त से प्रभावी हो पाया। दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद निवेश समझौता पिछले महीने खत्म हो गया था। भारत ने यूएई के साथ समझौते में शेयर एवं बॉन्ड को सुरक्षित निवेश के तौर पर रखा है। आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि में केवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को ही सुरक्षा मिली है और शेयर एवं बॉन्ड जैसे पोर्टफोलियो निवेश शामिल नहीं किए गए हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और स्पष्ट एवं स्थिर कर प्रणाली शुरू हो पाएगी। उन्होंने कहा कि अगर निवेशकों को लगेगा कि उन्हें न्याय नहीं मिला है तो इस समझौते के तहत वे अंतरराष्ट्रीय पंचाट में भी अपील कर सकते हैं। गोयल ने निवेश पर भारत-यूएई उच्च-स्तरीय संयुक्त कार्य बल की 12वीं बैठक के बाद मीडिया से कहा कि विभिन्न मसलों पर चर्चा हुई। कुछ भारतीय कंपनियों को लगता है कि यूएई के साथ कुछ समस्या हैं और यूएई की कंपनियों को भी कभी-कभी ऐसा लगता है। बीआईटी के जरिये दोनों पक्ष इन समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं। गोयल के साथ यूएई के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने भी बैठक की अध्यक्षता की थी। किंतु विशेषज्ञों को लगता है कि समयसीमा पांच वर्ष से घटाकर तीन वर्ष करने से देश के भीतर ही विवाद निपटाने की भारत की क्षमता कमजोर हो सकती है और बार-बार अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली की संस्था जीटीआरआई के अनुसार बीआईटी के जरिये यूएई से निवेश तो आएगा मगर इससे भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता बढ़ने यानी मामला विदेशी अदालतों में जाने का जोखिम भी बढ़ जाएगा। उसने कहा कि अब दूसरे देश भी इसी शर्त पर भारत के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौते करना चाहेंगे। भारत इस समय ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौते पर बातचीत कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडोस्पेस की तमिलनाडु में 4,500 करोड़ तक का निवेश बढ़ाने की योजना



**मुंबई।** लॉजिस्टिक्स पार्क परिचालक इंडोस्पेस की योजना तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स तथा वेयरहाउस पार्कों में 4,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विनिर्माण क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार इंडोस्पेस ने तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस पार्कों में अपने निवेश को 4,500 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। ये पार्क राज्य में मोटर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक जैसे बढ़ते विनिर्माण क्षेत्रों का समर्थन करेंगे। इंडोस्पेस ने कहा कि इस निवेश से 8,000 से अधिक नए रोजगार सृजित होने के अलावा आर्थिक वृद्धि में तेजी आने तथा राज्य के पहले से ही विश्वसनीय औद्योगिक बुनियादी ढांचे के और मजबूत होने की उम्मीद है। इंडोस्पेस ने पिछले साल तमिलनाडु सरकार के साथ राज्य के लॉजिस्टिक्स उद्योग में 2,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खरीदी की रफ्तार में हुआ इजाफा




**नई दिल्ली।** देश के छोटे इलाकों में भी अब ई-कॉमर्स से खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 72 फीसदी ग्राहकों का कहना है कि उन्होंने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अपनी खरीदी बढ़ा दी है। 21 फीसदी ने कहा कि वे पहले की ही जितना खरीदी कर रहे हैं। सात फीसदी ने हालांकि कम शॉपिंग की है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र दूसरे व तीसरे स्तर के शहरों में तेजी से बाजार बढ़ा रहा है। मध्यम वर्ग के लोगों की आय में इजाफा हो रहा है। ऐसे में ई-कॉमर्स को इससे मदद मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार ई-कॉमर्स बाजार के 2023 के अंत तक 85 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद थी। रिपोर्ट के अनुसार 59 फीसदी का मानना है कि ई-कॉमर्स पर कम दाम में अच्छा सामान मिलता है। इसलिए वे खरीदी करते हैं। 59 फीसदी लोग सुविधाओं की वजह से जाते हैं। 56 फीसदी ने कहा, पसंद का सामान न होने पर उन्हें रिटर्न करने में सुविधा मिलती है। 51 फीसदी इसलिए खरीदी करते हैं क्योंकि उनको विशेष ऑफर्स मिलते हैं। सात फीसदी ने कहा कि उनकी खरीदी का अनुभव अच्छा है। सर्वे में 45 फीसदी लोगों ने कहा कि वे क्विक कॉमर्स से ग्रॉसरी मंगाते हैं, क्योंकि इसकी डिलीवरी जल्दी होती है। महानगरों में 49 फीसदी तो प्रथम स्तर के शहरों में 47 फीसदी लोग क्विल कॉमर्स से सामान मंगाते हैं। 50 फीसदी महिलाएं भी इसी प्लेटफॉर्म का उपयोग करती हैं। 43 फीसदी पुरुष उपयोग करते हैं।रिपोर्ट में कहा कि नवाचार, डिजिटल परिवर्तन और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता के लिए एक समर्पित उपभोक्ता क्षेत्र परिषद बनाना चाहिए। इस कदम से हमें दो लाख करोड़ डॉलर के उपभोक्ता बाजार की उपलब्धि हासिल करने की दिशा में प्रेरित कर सकते हैं।

### एसबीआई ने क्रेडिट कार्ड के नियमों में किया बड़ा बदलाव, 1 नवंबर से होंगे लागू




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने क्रेडिट कार्ड के नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। नए नियम अगले महीने 1 नवंबर से लागू होंगे। बैंक ने क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी बिल के पेमेंट करने पर 1 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने का फैसला किया है। इससे पहले भी कई बैंक और कार्ड कंपनियां एक तय लिमिट के बाद यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी शुल्क लेना शुरू कर चुके हैं। एसबीआई के क्रेडिट कार्ड के जरिए एक स्टेटमेंट साइकिल में 50 हजार रुपये से ज्यादा के यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। हालांकि, 50 हजार रुपये के नीचे यूटिलिटी बिल पेमेंट पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एसबीआई ने शौर्य/डिफेंस क्रेडिट कार्ड को छोड़कर सभी अनसिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड के फाइनेंस चार्ज में भी बदलाव किया है। अब एसबीआई के अनसिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड पर 3.75 फीसदी वित्तीय शुल्क लगेगा। यह नियम भी 1 नवंबर से लागू होंगे। गौरतलब है कि अनसिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड वैसे क्रेडिट कार्ड होते हैं जिसके लिए कोई सिक्योरिटी डिपॉजिट या कॉलेटरल नहीं देना होता है जबकि सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड वैसे क्रेडिट कार्ड होते हैं जो फिक्स्ड डिपॉजिट के बदले दिए जाते हैं।

# शेयर बाजार ने मनाया हरियाणा में भाजपा की जीत का जश्न, 6 दिन बाद सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

**निवेशकों ने 1 दिन में की 7.92 लाख करोड़ की कमाई**




**नई दिल्ली।**
लगातार 6 कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मजबूती के साथ बंद हुआ। हरियाणा चुनाव में भाजपा की जीत का घरेलू शेयर बाजार ने खुलकर स्वागत किया। सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला, जबकि निफ्टी ने मजबूती के साथ ट्रेडिंग शुरू की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर तक लाल निशान में कारोबार करते रहे लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही शेयर बाजार में तेजी का रुख बन गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत और निफ्टी 0.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

मंगलवार को दिन भर के कारोबार में ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ कारोबार करके हरे निशान में बंद हुए। ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस, और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, फार्मास्यूटिकल, एनर्जी, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, मेटल इंडेक्स बिकवाली के दबाव की वजह से 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गया। ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार को लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.44 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार का अंत किया।

मंगलवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 8 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन मंगलवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 459.91 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 451.99 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 7.92 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

मंगलवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,045 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,019 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 925 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 101 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,519 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,045 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 474 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स मंगलवार को 223.44 अंक की कमजोरी के साथ 80,826.56 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक लुढ़क कर 80,813.07 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। इस दौरान जैसे-जैसे हरियाणा विधानसभा चुनाव के रिजल्ट और ट्रेंड आते गए, वैसे-वैसे शेयर बाजार की चाल में भी तेजी आई गई। दोपहर 1 बजे के बाद जब राज्य में बीजेपी की सरकार की वापसी की बात लगभग तय हो गई, उसके बाद लिवालों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिसकी वजह से ये सूचकांक 713.28 अंक की मजबूती के साथ सर्वोच्च स्तर 81,763.28 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 584.81 अंक की तेजी के साथ 81,634.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने मंगलवार को 36.45 अंक की बढ़त के साथ 24,832.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक अपनी बढ़त गंवा कर 38.95 अंक की कमजोरी के साथ 24,756.80 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि, सुबह 10 बजे के पहले ही हरियाणा विधानसभा चुनाव के ट्रेंड आने लगे और इसके साथ ही निफ्टी की चाल में भी तेजी आई गई। बीच-बीच में मुनाफा वसूली के कारण बिकवाली का भी मामूली दबाव बनता रहा लेकिन खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की रफ्तार लगातार बढ़ती गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 248.25 अंक की मजबूती के साथ 25,044 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 217.40 अंक की बढ़त के साथ 25,013.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड 7.95 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 4.83 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज 4.73 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 4.67 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ मंगलवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 3.35 प्रतिशत, टाटा स्टील 2.94 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 2.67 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 2.19 प्रतिशत और जेएसडब्ल्यू स्टील 2.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ मंगलवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर

# देश में बढ़ी हायरिंग एक्टिविटी, कैंपस सेलेक्शन में भी तेजी आने की उम्मीद




**टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स में अच्छे टैलेंट की तलाश शुरू**

**नई दिल्ली।**
पिछले कुछ महीनों की सुस्ती के बाद टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स में हायरिंग का दौर एक बार फिर तेज होता हुआ नजर आने लगा है। इन कंपनियों ने हायरिंग गतिविधियों को तेज करते हुए अच्छे टैलेंट की तलाश शुरू कर दी है।

इसके पहले के कुछ महीने के दौरान बिजनेस में सुस्ती और फंडिंग की परेशानियों की वजह से टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स ने हायरिंग एक्टिविटीज को धीमा कर दिया था। कुछ कंपनियों को इस दौरान अपने खर्चों में कटौती करने के लिए बड़े पैमाने पर छंटनी भी करनी पड़ी थी, लेकिन अब स्थिति में बदलाव होता हुआ नजर आने लगा है।

स्टाफिंग फर्म एक्सफेनो की एक रिपोर्ट के अनुसार सितंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान हायरिंग एक्टिविटीज में तेजी आई है। इस दौरान आईटी सेक्टर में क्रमिक बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है। हालांकि इस रिपोर्ट में ये भी साफ किया गया है कि हायरिंग एक्टिविटीज में आई तेजी अस्थाई है या टिकाऊ, इस बारे में अभी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर हायरिंग एक्टिविटीज की यही स्थिति अगली तिमाही में भी कायम रही, तो ये स्थिति में सुधार होने का स्पष्ट संकेत होगा।

हायरिंग से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालें तो मार्च 2024 में एक्टिव जॉब ओपनिंग पिछले 20 महीने के सर्वोच्च स्तर 1,68,000 तक पहुंच गई थी, लेकिन इसके अगले ही महीने अप्रैल में इसकी संख्या घटकर 1,56,000 रह गई, जबकि मई के महीने में एक्टिव जॉब ओपनिंग की संख्या 1,07,000 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। जॉब ओपनिंग का ये आंकड़ा हायरिंग एक्टीविटीज के पीक से करीब 50 प्रतिशत कम है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सितंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान आईटी कंपनियां में हायरिंग एक्टिविटीज में तेजी आई है। इसके साथ ही कैंपस सेलेक्शन में भी तेजी आने की उम्मीद है। स्टार्टअप्स ने भी अपना काम बढ़ाने के लिए हायरिंग एक्टिविटीज को तेज कर दिया है, जिससे फ्रेशर्स के लिए नए मौके बनने लगे हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को कारण बताओ नोटिस जारी



**नई दिल्ली।**
केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने ग्राहक अधिकार उल्लंघन के लिए ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, कंपनी ने मंगलवार को एक फाइलिंग में एक्सचेंज को सूचित किया। प्राधिकरण द्वारा नोटिस उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने के लिए जारी किया गया है। कथित तौर पर नोटिस विभिन्न उपभोक्ता शिकायतों और चिंताओं को संबोधित करता है, हालांकि विशिष्ट आरोपों का विवरण अज्ञात है। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में नोटिस मिलने की बात को स्वीकार किया और कहा कि कंपनी केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के समक्ष कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करेगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि कारण बताओ नोटिस का उसके वित्तीय, परिचालन या अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर कोई तत्काल प्रभाव नहीं पड़ता है। विशेष रूप से सीसीपीए द्वारा जारी नोटिस इस स्तर पर कोई दंड या वित्तीय जुर्माना नहीं लगाता है। कंपनी ने कहा कि वह नियामक निकाय के साथ सहयोग करेगी और उठाए गए मुद्दों को हल करने के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण प्रदान करेगी। सीसीपीए के नोटिस को उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए प्राधिकरण द्वारा उठाया गया एक औपचारिक कदम माना जाता है। चूंकि कंपनी सीसीपए का जवाब देने की तैयारी कर रही है, इसलिए उद्योग और उपभोक्ता इस विनियामक जांच के परिणाम पर बारीकी से नजर रखेंगे। भारत के उभरते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी ओला इलेक्ट्रिक लगातार सुर्खियों में बनी हुई है क्योंकि यह बढ़ती चुनौतियों के बीच अपनी बाजार स्थिति को बनाए रखना चाहती है।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन गिरावट, चांदी के भाव में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।**
घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। ये चमकीली धातु 200 से 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,590 रुपये से लेकर 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये से लेकर 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी मंगलवार को की कमजोरी की वजह से सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।**
**ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का असर ग्लोबल मार्केट पर साफ-साफ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है।**



मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और टेक शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,695.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 213.95 अंक यानी 1.18 प्रतिशत टूट कर 17,923.90 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,886.42 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,303.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,576.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत डीएएक्स इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,104.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। एक सप्ताह की छुट्टी के बाद खुले चीन के स्टॉक मार्केट में जोरदार तेजी नजर आ रही है। इस तेजी की वजह से शंघाई कंपोजिट इंडेक्स फिलहाल 160.32 अंक यानी 4.58 प्रतिशत उछल कर 3,496.82 अंक के स्तर पर पहुंच गया है।

बाजार में इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,535.86 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,456.01 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है, जबकि गिफ्ट निफ्टी 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,984 के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

### हैंग सेंग इंडेक्स में बड़ी गिरावट

निक्केई इंडेक्स 507.37 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,825.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 130.83 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,571.73 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स में बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 1,380.24 अंक यानी 5.98 प्रतिशत टूट कर 21,719.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.66 प्रतिशत लुढ़क कर 2,593.14 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,596.79 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

# विवेक अग्निहोत्री द दिल्ली फाइल्स की कर रहे तैयारी



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म निमार्ता विवेक रंजन अग्निहोत्री अब अपनी नई फिल्म द दिल्ली फाइल्स के साथ एक और दिलचस्प कहानी कहने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म की घोषणा के बाद से ही यह लगातार चर्चा में बनी हुई है। अग्निहोत्री और उनकी टीम ने इस फिल्म को खास बनाने के लिए एक लंबी और गहन रिसर्च की है। उन्होंने प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल के साथ फिर से सहयोग किया है, जिन्होंने द कश्मीर फाइल्स की मेकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने न केवल आलोचकों से सराहना प्राप्त की, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की। अग्रवाल, अपनी कंपनी अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स के जरिए, पहले भी ऐतिहासिक कहानियों पर आधारित नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म कार्तिकेय 2 और गुडाचारी का निर्माण कर चुके हैं। द दिल्ली फाइल्स भी इसी तरह की एक विशेष कहानी पेश करने का वादा करती है, और दर्शकों को एक नई दृष्टि से परिचित कराने के लिए तैयार है। बता दें कि विवेक रंजन अग्निहोत्री अपनी फिल्मों के जरिए हमेशा सुर्खियों में रहते हैं, चाहे वह उनके बोल्ड स्टोरी टेलिंग के अंदाज के लिए हो या दर्शकों पर प्रभाव डालने वाली कहानियों के लिए। उन्होंने द ताशकंद फाइल्स, द कश्मीर फाइल्स, और द वैक्सीन वॉर जैसी सफल फिल्में दर्शकों के लिए पेश की है।

# हिना मजेदार, अनूठी और बुद्धिमान इंसान: शहीर शेख



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री हिना खान के बुलंद हौसलों की प्रशंसा करते हुए टेलीविजन स्टार शहीर शेख ने कहा है कि वह मजेदार, अनूठी और बुद्धिमान इंसान हैं। इंस्टाग्राम पर एक्टर ने हिना के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें दोनों बेहद ही खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीर में स्टेज थ्री ब्रेस्ट कैंसर का इलाज करा रही हिना बेहद ही खूबसूरत लग रही है। अभिनेत्री के जन्मदिन पर शहीर ने तस्वीर के साथ एक प्यार भरा नोट भी शेयर किया। शहीर ने हिना के लिए लिखा, दुनिया वालों को अब पता चला है लेकिन मैं हमेशा से जानता था कि तुम सबसे मजबूत लड़की हो , इसके साथ ही तुम बेहद मजेदार, अनूठी और बुद्धिमान भी हो। जब हम साथ होते हैं तो जिंदगी एक बड़ी पार्टी होती है जन्मदिन मुबारक हो बेस्टी। हिना खान की बात करें तो कैंसर पीड़ित होने के बावजूद वो जिंदादिली से आगे बढ़ रही हैं। कैंसर से लड़ाई का हर अपडेट सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। हाल ही में वो इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन (आईएमएफ) द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत मुंबई के होटल ताज में नमो भारत सेवा, साहस और संस्कृति फैशन शो में दुल्हन के वेश में नजर आईं। शहीर के करियर की बात करें तो जम्मू और कश्मीर के डोडा स्थित भद्रवाह के रहने वाले हैं। इस कलाकार ने टेलीविजन शो क्या मस्त है लाइफ में वीर मेहरा की भूमिका निभाकर अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह नव्या..नई धड़कन नए सवाल में दिखाई दिए। शहीर को महाभारत में अर्जुन का किरदार निभा लोकप्रियता हासिल हुई। उन्होंने सिंटा दी लंगिट ताज महल के साथ इंडोनेशियाई टेलीविजन पर भी राज किया। उन्हें टूरिस रोमेंटिस और माइपा देपाती और दातु मुसेंग जैसी इंडोनेशियाई फिल्मों में भी देखा गया। वह सुपरहिट टीवी शो कुछ रंग प्यार के ऐसे भी, ये रिश्ते हैं प्यार के, वो तो है अलबेला में नजर आए। 2020 में उन्होंने पौराशपुर सीरीज से ओटीटी में अपना डेब्यू किया।

# 2024 पेरिस फैशन वीक में नोरा फतेही ने बनाया दिवाना



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने बहुचर्चित 2024 पेरिस फैशन वीक में उपस्थिति दर्ज कराई। एक्ट्रेस ने अपनी अदाओं से फैंस को दिवाना बना दिया। यहां एक्ट्रेस-सिंगर ने लुई वुइटन के शो में भाग लिया, जहाँ उन्होंने ब्रांड की बॉडीकॉन ड्रेस चुनी, जिसमें फुल स्लीव्स और टर्टलनेक था। इस आउटफिट में चेन्ड बैक डिटेल थी, जो पूरे लुक के ग्लैम कोशिएंट को बढ़ा रही थी। नोरा ने अपने ऑउटफिट को नी-हाई बूट्स के साथ पेयर करके और भी आकर्षक बना दिया। ग्लोबल स्टार ने डैंटि ज्वेलरी के साथ एक्सेसरीज पहनी और सॉफ्ट ग्लैम मेकअप चुना, जो शीक और एलिगेंस को पूरी तरह से संतुलित करता है - यह इस बात को और पुख्ता करता है कि उन्हें ग्लोबल फैशन आइकन क्यों माना जाता है। नोरा को कांगोलीज सिंगर मैत्रे गिम्स और लुई वुइटन के हेड पिएत्रो बेकारी के साथ पहली रो में बैठाया गया था। हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया, ब्लैक पिंक की मेंबर लिसा और अन्य जैसी कुछ सबसे प्रसिद्ध हस्तियों के साथ प्रतिष्ठित इवेंट में उनकी उपस्थिति ने उनकी इंटरनेशनल अपील को उजागर किया। इंस्टाग्राम पर 47 मिलियन से अधिक फैन फॉलोइंग वाली ऐक्ट्रेस वर्तमान में अपने ट्रैक पेपेटा और डर्टी लिटिल सीक्रेट की सफलता का आनंद ले रही हैं, जिसमें उनकी लेटेस्ट रिलीज नोरा के साथ-साथ उनका फीफा एंथम लाइट द स्काई भी शामिल है।

# रश्मि देसाई का नवरात्रि में रंगीन फोटशूट



3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है, और इस बार माता आशीष देने पालकी पर सवार होकर आई हैं। इस उत्सव के दौरान हर कोई माता की भक्ति में लीन है, और टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई भी इस महोत्सव का पूरा आनंद ले रही हैं। रश्मि ने हाल ही में गुजराती छोरी बनकर एक शानदार फोटशूट करवाया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। सामने आईं तस्वीरों में रश्मि रंग-बिरंगे लहंगे में नजर आ रही हैं, जिसमें उनका लुक बेमिसाल है। उन्होंने मिनिमल मेकअप, सिल्वर नथ, और चोकर के साथ अपने लुक को और भी आकर्षक बनाया है। इन तस्वीरों में रश्मि कभी मुंह में पल्लू दबाए तो कभी कढ़ाई करते हुए दिलकश अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। उनका यह गरबा अवतार न केवल फैंस को मंत्रमुग्ध कर रहा है, बल्कि नवरात्रि के उत्सव में चार चांद लगा रहा है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और उन्हें उत्सव की शुभकामनाएं भी दे रहे हैं।

# इंडस्ट्री में एक्शन के स्तर को ऊंचा उठा दिया वॉर ने



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म वॉर ने अपनी भव्यता, कास्टिंग, मनोरंजक कहानी और अभिनय के लिए सुर्खियां बटोरीं। फिल्म में पहले कभी न देखे गए एक्शन सीक्वेंस थे, जिसने वाकई फिल्म इंडस्ट्री में एक्शन के स्तर को ऊंचा उठा दिया। ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ स्टारर वॉर ने अपनी रिलीज के 5 साल पूरे कर लिए हैं और यह बॉलीवुड की सबसे मशहूर एक्शन फिल्मों में से एक बनी हुई है। इस फिल्म ने यह साबित कर दिया कि टाइगर श्रॉफ को बॉलीवुड का यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार क्यों कहा जाता है और इसने रोशन की अभिनय क्षमता को भी दशार्या। बॉलीवुड के दो सबसे दमदार कलाकारों को पहली बार स्क्रीन पर लाने से लेकर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले रिकॉर्ड बनाने तक, इस फिल्म की सफलता ने साबित कर दिया कि इसने दुनिया भर के दर्शकों का दिल कैसे जीता। बॉलीवुड के यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार और रोशन के बीच की यह महा-टकराव आज भी बॉलीवुड के इतिहास में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले सीन्स में से एक है, जो इसकी लोकप्रियता का प्रमाण है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित वॉर ने बॉक्स ऑफि स के रिकॉर्ड तोड़ दिए और दोनों मुख्य अभिनेताओं की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। यह बॉलीवुड में एक्शन फि ल्मों के लिए बेंचमार्क बन गई, जिसने साबित किया कि एक अच्छी स्क्रिप्ट और बेहतरीन अभिनय बॉक्स ऑफि स पर इतिहास रच सकते हैं। साल 2019 में रिलीज हुई इस ब्लॉकबस्टर ने दुनिया भर में ₹475 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, जिससे यह भारत में साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फि ल्म बन गई। अपनी 5वीं सालगिरह पर, टाइगर श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर सिनेमाघरों में चल रही फि ल्म का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दर्शकों का उत्साह साफ देखा जा सकता है और वे तालियाँ बजाते और चीयर करते नजर आए। फैंस ने सोशल मीडिया पर फिल्म के वीडियो एडिट और पोस्टर के साथ जश्न मनाया। एक फैन ने लिखा, 5 इयर्स ऑफ वॉर वॉट परफेक्ट टू लीड एक्शन फिल्म फ्रॉम एक्शन्स टू एंट्री एंड सॉन्ग्स ऋतिक रॉक्ड एंड टाइगर सरप्राइज्ड मी मोर. ही पुट हिज हार्ट इनटू इट एंड प्लेड 2 करैक्टर एफर्टलेस्ली. दूसरे ने लिखा, 5 इयर्स ऑफ वॉर वन ऑफ द मोस्ट स्टाइलिश स्पाई एक्शन. ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ 5 इयर्स ऑफ वॉर. फैंस के जबरदस्त रिस्पांस फिल्म के स्थायी प्रभाव को उजागर करते हैं।

# प्रियंका चोपड़ा ने लंदन इवेंट में बिखेरा अपना ग्लैमर




देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर से अपने ग्लैमरस लुक के कारण चर्चा में हैं। हाल ही में, प्रियंका ने लंदन में एक इवेंट के दौरान अपनी तस्वीरें स-झा की हैं, जिसमें वह एक फिटेड ब्लैक फुल-स्लीव टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं। उनकी इस तस्वीर पर कैप्शन था, जब ग्लैमर बस इतना अच्छा हो। प्रियंका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई हैं। उनके फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे। एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा, आप क्वीन हो, जबकि दूसरे ने कहा, बहुत सुन्दर। इससे पहले, प्रियंका ने एक थ्रो बैक फोटो शेयर की थी, जिसमें उन्होंने 9 साल की बच्ची से 17 साल की बच्ची बनने के दौरान आए बदलावों को दिखाया था। इस तस्वीर ने भी इंटरनेट पर धूम मचाई थी। प्रियंका चोपड़ा का यह नया लुक और उनकी साझा की गई तस्वीरें उनके फैंस के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, और सभी उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# शाहिद कपूर की छुट्टियों का आनंद



बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर इन दिनों छुट्टियों का भरपूर आनंद ले रहे हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ अपनी वेकेशन की एक शानदार फोटो शेयर की है, जिसमें वह प्रकृति के बीच खड़े होकर शांत वातावरण का मजा लेते नजर आ रहे हैं। शाहिद कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह ग्रे टी-शर्ट, ग्रे स्वेटपैंट और ब्लैक हाफ जैकेट पहने हुए हैं। तस्वीर में वह मुस्कुराते हुए कैमरे के सामने पोज दे रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, हैप्पी मॉर्निंग। हालांकि, उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि वह अपनी छुट्टियां कहाँ मना रहे हैं। हाल ही में, शाहिद कपूर ने इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईफा) में मीडिया से बातचीत करते हुए दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने की अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, मैं दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे डर है कि अगर दक्षिण भारतीय दर्शक मेरी डायलॉग डिलीवरी से खुश नहीं हुए तो क्या होगा? मैं कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता, हिंदी पर तो मेरी अच्छी पकड़ है।

# पैरालंपिक खिलाड़ियों के आयुष्मान ने बढ़ाये हौंसले



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता आयुष्मान खुराना ने पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा और नवदीप सिंह की देश के प्रति उनकी सेवा और सम्मान दिलाने के लिए सराहना की है। हाल ही में, एक पुरस्कार समारोह में जब डबल गोल्ड मेडलिस्ट अवनि लेखरा को अपना पुरस्कार मिला। उन्होंने पाया कि आयुष्मान खुराना भी दर्शकों में हैं, तो उन्होंने उनसे अपनी एक प्रसिद्ध कविता सुनाने का अनुरोध किया। अभिनेता मंच पर दोनों एथलीटों के साथ शामिल हुए और कहा, आप दोनों वास्तव में दिग्गज हैं। आपने अपने जीवन में जो कुछ देखा है और इन वर्षों में जो हासिल किया है, उससे आप दोनों ने एक महान उपलब्धि हासिल की है। हमें प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। उन्होंने अवनि के अनुरोध को स्वीकार करते हुए पैरालंपिक विजेताओं के लिए अपनी एक कविता लिखी। उनकी कविता में लिखा है, ये खिलाड़ी कुछ जिंदगी जीकर, और कई जिंदगी मरकर आये हैं। ये खिलाड़ी कुछ जिंदगी जीकर, और कुछ जिंदगी मरकर आये हैं, हाल ही में विश्वस्तर की श्रृंखला में आगे बढ़कर आये हैं। और जिंदगी की चुनौतियां शिखर पर चढ़ कर आई हैं। ये वो लोग हैं दोस्तों जो किस्मत की लकीरों से लड़कर आये हैं। जब कविता का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया, तो वह कहती है, ये वे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने जीवन का एक हिस्सा जी लिया है और बाकी के लिए संघर्ष किया है और दुनिया के सामने सफलतापूर्वक टॉप पर उभरे हैं. उन्होंने जीवन में चुनौतियों का सामना किया है और उनका डटकर सामना किया है। लेकिन ये वे लोग हैं जिन्होंने अपने भविष्य के लिए संघर्ष किया है और इसे सफलतापूर्वक बदल दिया है।

# द सिग्नेचर सपनों की अनकही कहानी




ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कई थ्रिलर और क्राइम फिल्में आ रही हैं, लेकिन गजेंद्र अहिरे की द सिग्नेचर एक अनूठी और दिल को छू लेने वाली कहानी प्रस्तुत करती है। यह फिल्म एक बुजुर्ग कपल अरविंद (अनुपम खेर) और मधु (नीना कुलकर्णी) की यात्रा को दशार्ती है, जो 35 वर्षों तक परिवार और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बाद अपने सपनों को पूरा करने निकलते हैं। हालांकि, उनके जीवन में एक अनहोनी घटित होती है, जो उनकी खुशियों को छीन लेती है और रिश्तों की सच्चाई को सामने लाती है। फिल्म में महिमा चौधरी, अन्नू कपूर और रणवीर शौरी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। द सिग्नेचर न केवल एक पारिवारिक ड्रामा है, बल्कि यह रिश्तों की गहराई और मुश्किल परिस्थितियों में साहस का सामना करने की प्रेरणा भी देती है। फिल्म दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि कठिनाईयों के बीच हम अपने सपनों का पीछा कैसे कर सकते हैं।

# सिद्धार्थ शुक्ला के प्रति पजेसिव थी शहनाज गिल



बिग बॉस 13 में चर्चा में रहने वाले कंटेस्टेंट सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल की जोड़ी को फैंस ने हमेशा पसंद किया है। लेकिन 2021 में सिद्धार्थ के अचानक निधन ने सब कुछ बदल दिया। उनकी करीबी दोस्त शहनाज ने इस दुखद घटना के बाद खुद को संभाला और अपने करियर पर ध्यान केंद्रित किया। हाल ही में, शहनाज ने खुलासा किया कि वह सिद्धार्थ के प्रति कितनी पजेसिव थीं। शहनाज ने फराह खान के शो फन विद फराह में सिद्धार्थ के बारे में बात करते हुए बताया कि वह उनके लिए बहुत इनसिक्योर और पजेसिव हो गई थीं। उन्होंने कहा, मैं पजेसिव थी क्योंकि वो बेहद हैंडसम थे। अगर कोई इतना गुड-लुकिंग होगा, तो इनसिक्योर और पजेसिव होना स्वाभाविक है।शहनाज और सिद्धार्थ की पहली मुलाकात बिग बॉस 13 में हुई थी, जहां दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने बहुत सराहा। उनके रिश्ते के बारे में कई अटकलें थीं, लेकिन दोनों ने कभी अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया। फिर भी, उनका प्यार हमेशा जगजाहिर रहा।

## सूडोकु नवताल- 6936

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6935 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7683

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | मा | चु | प | चु | प | के | ह | क | ल |
| हा | ला | सू | ह | वि | ल | जी | स | ल | क | भा |
| हे | वी | मा | द | अं | रा | त | र | म | ल | ग |
| रा | र | दा | ल | ल | क | स | ओ | ह | सु | म |
| फे | मु | न | ष | वी | म | मी | त | ल | न | भा |
| री | मी | स्कु | स | जि | क | क | प | च | स | ग |
| के | ह | बु | रा | टी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | द | ह | प | नी | का | ला | पा | नी |
| हं | गा | मा | सू | ह | ट | ने | ने | ल | जी | क |
| सा | त | रं | ग | के | स | प | ने | री | क | ल |
| म | ह | न | ह | ज | तु | द | न | ज | ल | ना |

शब्दजाल में प्रियादर्शन निर्देशित की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

चुप चुप के, भागमभाग, हलचल, हंगामा, हेराफेरी, विरासत, काला पानी, सात रंग के सपने, मालामाल वीकली, मुस्कुराहट

### शब्दजाल - 7682 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | न | र | कु | डु | प्ली | के | ट | ला | नी | क |
| ज | या | फु | ज | इं | डे | ने | ह | क | गु | प |
| फ | दौ | आ | ट | म | न | इ | दो | न | ना | म |
| च | र | रा | मा | पा | ल | स | रा | प | ह | ह |
| स | म | बा | ज | त | त | उ | हें | ख | री | म |
| डै | जे | ज | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | द |
| डी | मा | दे | ख्म | व | बा | स | म | पी | ख | स्त |
| र | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | क |
| म | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | सा | थी | स | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6636

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 7 | 4 | 1 | |
| 1 | 28 | 3 | 40 | | 31 | 7 |
| 2 | | | 6 | | 5 | |
| | 34 | 6 | 31 | 2 | 30 | 3 |
| 3 | | | 4 | | | 5 |
| 5 | 30 | | 28 | 6 | 35 | |
| 4 | | 1 | | 7 | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6635 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 28 | 4 | 35 | 6 | 28 | 1 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 |
| 3 | 32 | 6 | 32 | 7 | 31 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 4 | 33 | 5 | 30 | 5 | 35 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# एचआईएल में भारतीय हॉकी परिदृश्य को बदलने की क्षमता : सलीमा टेटे



**बेंगलुरु। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) इस दिसंबर में सात साल के अंतराल के बाद वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। संशोधित एचआईएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश की पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी।**

लीग 28 दिसंबर को शुरू होगी, जिसमें दो स्थानों झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर मैच खेले जाएंगे। महिला लीग का समापन 26 जनवरी, 2025 को रांची में होगा, जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा।

झारखंड की रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे अगले साल की शुरुआत में होम टर्फ पर महिला लीग फाइनल खेलने का सपना देख रही हैं। इस साल की शुरुआत में हरेंद्र सिंह के भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालने के बाद इस विस्फोटक मिडफील्डर को कप्तान नियुक्त किया गया था। सलीमा ने हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की और कहा कि पूरी टीम इस पर चर्चा कर रही है।

हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में सलीमा ने कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूँ, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है और इस बार महिला लीग के साथ। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा कर रही है कि यह हमारे लिए कितना बढ़िया अवसर है। हम विभिन्न राष्ट्रीयताओं के खिलाड़ियों के साथ घुलमिल पाएंगे, उनके साथ खेलेंगे, उनके खिलाफ खेलेंगे और खिलाड़ियों के रूप में बेहतर बनेंगे।

उन्होंने कहा, यह उन युवाओं को मौका देगा जो सीनियर टीम का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें भारतीय खिलाड़ियों और विदेशी खिलाड़ियों की दिनचर्या को करीब से देखने का मौका मिलेगा। और अपने करियर की शुरुआत में उच्च प्रदर्शन वाले, पेशेवर माहौल में रहना उनके विकास के लिए चमत्कारी होगा। मुझे उम्मीद है कि एचआईएल उन खिलाड़ियों के लिए भी फायदेमंद होगा जो टीम से बाहर हैं, उन्हें उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खुद को तेज रखने का मौका मिलेगा।

एचआईएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रैंचाइज़ 24 खिलाड़ियों की टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से शामिल करते हुए) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे। नीलामी में खिलाड़ियों को 2, 5 और 10 लाख प्रत्येक के आधार मूल्य के साथ तीन स्लैब में विभाजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा, नीलामी जल्द ही होने वाली है और शिविर के आसपास हलचल है। चूंकि यह पहला संस्करण है, इसलिए मुझे रांची टीम के लिए खेलने से ज्यादा कुछ पसंद नहीं है। उम्मीद है कि बची हुई दो महिला टीमों में से एक वहां से होगी, हालांकि, हम रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आधे मैच खेलेंगे, इसलिए मैं इस पर ज्यादा नहीं अटकी हुई हूं, फिर भी एक पूर्ण लीग में खेलना एक शानदार अनुभव होने जा रहा है। यह पहली बार होगा जब हम एक पूरी तरह से नई टीम, नए कोच, नए साथियों के लिए खेलेंगे और मैं हॉकी इंडिया लीग के शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकती।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मनु भाकर ने दीपा करमाकर को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने दीपा करमाकर को सभी अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले सोमवार को दीपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जिमनास्टिक से संन्यास की घोषणा की। मनु भाकर ने मंगलवार को एक्स पर दीपा को उनके अविश्वसनीय करियर के बाद भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। मनु ने एक्स पर लिखा, दिग्गज दीपा करमाकर को उनके अविश्वसनीय जिमनास्टिक करियर के बाद उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। अविस्मरणीय यादों और एक पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। एशियाई चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर दीपा ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया था। महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में 13.566 के प्रभावशाली कुल स्कोर के साथ, दीपा ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की किम सोन हयांग ने रजत और उनकी हमवतन ज्यो क्योंग ब्याल ने कांस्य पदक जीता। दीपा की सफलता की कहानी जिमनास्ट की अगली पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। दीपा ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट हैं। त्रिपुरा की इस लड़की ने रियो ओलंपिक 2016 में महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रच दिया था, वह 15.066 अंकों के साथ कांस्य पदक से चूक गई थी, जो स्विट्ज़रलैंड की कांस्य पदक विजेता गिउलिया स्टीनग्रुबर से केवल 0.150 कम था। करमाकर ने ग्लासगो में 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता, खेलों के इतिहास में ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बन गईं। उन्होंने एशियाई जिमनास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता और 2015 की विश्व कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में पाँचवाँ स्थान हासिल किया- ये दोनों ही देश के लिए पहली बार थे।

### डेनियल मुनोज़ कोलंबिया की विश्व कप क्वालीफायर्स टीम से बाहर



**बोगोटा।** क्रिस्टल पैलेस के फुल-बैक डेनियल मुनोज़ को एडक्टर स्ट्रेन के कारण कोलंबिया के विश्व कप क्वालीफायर टीम से बाहर कर दिया गया है, दक्षिण अमेरिकी देश के फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। 28 वर्षीय खिलाड़ी की जगह एंड्रेस रोमन को टीम में शामिल किया गया है, जिन्हें कोलंबियाई टीम एटलेटिको नैशनल के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। कोलंबिया गुरुवार को समुद्र तल से 4,100 मीटर से अधिक ऊंचाई पर एल ऑल्टो में बोलीविया से भिड़ेगा, उसके बाद पांच दिन बाद बैरेंक्विला में चिली से भिड़ेगा। कोलंबिया की टीम मैच के दिन तक लगभग 2,560 मीटर की ऊंचाई पर कोचाबम्बा शहर में रहकर एल ऑल्टो की दुर्लभ हवा के लिए तैयारी करेगी।

### पॉल पोग्बा का चार साल का प्रतिबंध सीएएस ने घटाकर 18 महीने किया



**जिनेवा।** फ्रांसीसी फुटबॉल खिलाड़ी पॉल पोग्बा पर डोपिंग रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) के लिए चार साल का प्रतिबंध सोमवार को खेल पंचाट न्यायालय (सीएएस) ने घटाकर 18 महीने कर दिया है। जुवेंटस के मिडफील्डर ने 28 फरवरी, 2024 को एडीआरवी करने के लिए इटली के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी न्यायाधिकरण के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। उन्हें 11 सितंबर, 2023 से चार साल के प्रतिबंध और 5,000 यूरो के जुर्माने की सजा दी गई। सीएएस ने एडीआरवी की पुष्टि की लेकिन फैसला सुनाया कि पोग्बा की कोई गलती नहीं थी, जिससे उनका प्रतिबंध घटाकर 18 महीने कर दिया गया और उनका जुर्माना भी रद्द कर दिया गया। सीएएस ने अपने बयान में कहा, ऋसीएएस पैनल ने अपना निर्णय साक्ष्यों और कानूनी तर्कों के आधार पर लिया है, जिसके अनुसार पोग्बा द्वारा डीएचईए (गैर-अंतर्जात टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स) का सेवन, जिस पदार्थ के लिए उनका परीक्षण सकारात्मक आया था, जानबूझकर नहीं किया गया था और यह फ्लोरिडा में एक चिकित्सक द्वारा उन्हें निर्धारित पूरक को गलत तरीके से लेने का परिणाम था, जबकि पोग्बा को आश्वासन दिया गया था कि चिकित्सक, जिसने कई उच्च-स्तरीय अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों का इलाज करने का दावा किया था।

## डब्ल्यूपीसी सीरीज 12-17 नवंबर तक मुंबई में होगी आयोजित

# भारत पहली बार करेगा विश्व पिकलबॉल चैम्पियनशिप सीरीज की मेजबानी

**मुंबई।**

अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) पहली बार भारत में प्रतिष्ठित विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) सीरीज की मेजबानी करने के लिए तैयार है। डब्ल्यूपीसी सीरीज 12-17 नवंबर तक मुंबई में होगी। चैंपियनशिप के वियतनाम और बाली चरण में अत्यधिक सफल होने के बाद, जहाँ भारतीय टीमों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए थे, डब्ल्यूपीसी 2024 में दुनिया भर से सर्वश्रेष्ठ पिकलबॉल प्रतिभाओं को एक साथ लाया जाएगा।

विश्व पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) द्वारा संचालित, विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज़, भारत में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड और सिंगापुर जैसे छह से सात देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे।

एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने एक बयान में कहा, हमें विश्व पिकलबॉल चैम्पियनशिप सीरीज़ को भारत में लाने पर बहुत गर्व है। यह पिकलबॉल समुदाय के लिए न केवल भारतीय मंच पर वैश्विक प्रतिभाओं को देखने का एक शानदार अवसर है, बल्कि हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी एक मौका है। हम अपने घरेलू मैदान पर इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप और खिलाड़ियों की मेज़बानी करने के लिए उत्साहित हैं, और उम्मीद करते हैं कि हम विभिन्न पीढ़ियों और भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को पिकलबॉल को प्रतिस्पर्धी करियर और अवकाश गतिविधि दोनों के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।




पिकलबॉल ग्लोबल और डब्ल्यूपीसी सीरीज के संस्थापक जान पापी ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम पहली बार भारत में आयोजित होने वाली विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज को देखकर रोमांचित हैं। भारत में सभी स्तरों पर इस खेल के लिए अविश्वसनीय क्षमता है, और हम भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिकलबॉल की प्रोफ़ाइल को और बढ़ाने के लिए एआईपीए के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। डब्ल्यूपीसी को अपने घर लाने की एआईपीए की पहल के साथ, मैं इस प्रतिष्ठित वैश्विक चैंपियनशिप में भारत द्वारा लाई गई ऊर्जा और जुनून का अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।

पिकलबॉल, जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के तत्वों का मिश्रण है, वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते खेलों में से एक है, और भारत में इस खेल को अपनाने वाले उत्साही लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। डब्ल्यूपीसी सीरीज भारत और उसके बाहर खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होने का वादा करती है। एआईपीए का उद्देश्य भारत में इस खेल को लोकप्रिय बनाना और पूरे देश में खेल का जमीनी स्तर पर विकास सुनिश्चित करना है। एआईपीए ने पहले ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करके और उन्हें कौशल, आहार, शारीरिक सहनशक्ति और मानसिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षण प्रदान करके अपना जुड़ाव और विकास कार्यक्रम शुरू कर दिया है। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों की निगरानी में कंडीशनिंग की जाएगी।

### सिंधु , लक्ष्य आर्कटिक ओपन में जीत से शुरुआत करना चाहेंगे

**वंता।** भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन अब आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से वापसी करना चाहेंगे। सिंधू और सेन पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में असफल रहे थे। अब इन दोनो का ही लक्ष्य अपनी गलतियों से सबक लेते हुए अपने खेल कौशल को और निखारना रहेगा। सिंधु इस टूर्नामेंट में अनूप श्रीधर और कोरियाई कोच ली स्यून इल के मार्गदर्शन में उतरेगी। हाल ही में सिंधु ने इन दोनो को अपने कोचिंग दल में जोड़ा है। वहीं लक्ष्य का ध्यान पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस को बेहतर बनाने पर रहा है। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधु का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि लक्ष्य का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। सिंधु को दूसरे दौर में जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से खेलना होगा। लक्ष्य इससे पहले साल 2023 में इंडिया ओपन में रासमस से हार गये थे। अब वह किसी प्रकार ये मैच जीतकर हिसाब बराबर करना चाहेंगे। अगर वह इस मैच को जीते तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त टीएन चेन से हो सकता है। वहीं चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने वाले के श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में उतरेंगे। वहीं क्वालीफायर में भारत के श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से खेलेंगे। वहीं महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी उतरेंगी।

## आईएल टी20 सीजन 3

# सिल्वरवुड शारजाह वारियर्स के गेंदबाजी कोच नियुक्त

**शारजाह।**

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रिस सिल्वरवुड को आईएलटी20 के आगामी सत्र के लिए शारजाह वॉरियर्स का बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है, जो हेड कोच जेपी डुमिनी के कोचिंग सेटअप में शामिल होंगे। सिल्वरवुड इससे पहले 2018 में पूर्णकालिक बॉलिंग कोच के रूप में इंग्लैंड की पुरुष राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े थे और अक्टूबर 2019 में ट्रेवर बेलिस के जाने के बाद हेड कोच का पद संभाला था।

पूर्व तेज गेंदबाज फरवरी, 2022 तक उस भूमिका में बने रहे, उसके बाद अप्रैल 2022 में श्रीलंका के हेड कोच के रूप में शामिल हुए, उनके निर्देशन में श्रीलंका ने 2022 में टी20 एशिया कप जीता और 2023 वनडे एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने हाल ही में ओवल इनविंसिबल्स के बॉलिंग कोच के रूप में काम करना समाप्त किया है, जिन्होंने हेड कोच टॉम मूडी के साथ काम करते हुए इंग्लैंड में 2024 हंड्रेड प्रतियोगिता जीती थी।

सिल्वरवुड ने कहा, मैं शारजाह वॉरियर्स के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जिन्होंने आगामी आईएलटी20 के लिए एक बहुत ही मजबूत और रोमांचक टीम बनाई है। टीम में अनुभव, युवापन और गतिशीलता है, और मुझे पूरा विश्वास है कि हम साथ मिलकर विपक्षी बल्लेबाजों को



नियमित रूप से परेशान कर सकते हैं। डगआउट में सिल्वरवुड और डुमिनी के साथ दक्षिण अफ्रीकी प्रदर्शन कोच टॉम डॉसन-स्क्विब भी होंगे, जो व्यक्तियों और टीमों में जीतने की मानसिकता और व्यवहार को प्रामाणिक रूप से विकसित करते हैं। शारजाह वॉरियर्स के सीओओ, क्षेमल वैनगंकर ने कहा, हम ऐसे कोच लाने के लिए उत्सुक थे जो अनुभवी हों और उपमहाद्वीपीय क्रिकेटरों की सांस्कृतिक बारीकियों को समझते हों और क्रिस के रूप में, हमें लगता है कि हमने सही खिलाड़ी को चुना है।

दूसरी ओर, टॉम ने पिछले कुछ सत्रों में दक्षिण अफ्रीकी टीम के विकास में एक बड़ी भूमिका निभाई है और हम उसे जेपी और बाकी नेतृत्व समूह के साथ मिलकर वॉरियर्स को एक मजबूत इकाई बनाने के लिए उत्साहित हैं।

### श्रीलंका से बड़े अंतर से जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम

**दुबई।** पाकिस्तान के खिलाफ जीत से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप के ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच को बड़े अंतर से जीतना चाहेगी। भारतीय टीम का रन रेट अब तक अन्य टीमों से कम है जिससे वह इसे बढ़ाने पूरी ताकत लगा देगी। भारतीय टीम बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही।

# श्रीलंका का मुख्य कोच बनने पर जयसूर्या ने कहा- यह सब आत्मविश्वास और भरोसे की बात है

**कोलंबो।**

श्रीलंका के नवनियुक्त मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे आत्मविश्वास और भरोसा मुख्य कारण थे। इससे पहले सोमवार को, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने पुष्टि की कि पूर्व क्रिकेटर जयसूर्या 2026 में मार्च के अंत तक पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे।



संवाददाताओं से बात करते हुए, जयसूर्या ने कहा कि टीम से पहले श्रीलंका में आत्मविश्वास और भरोसे की कमी थी। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा यही कहा है कि यह सब आत्मविश्वास और भरोसे के बारे में है। मैंने टीम के इर्द-गिर्द इसे बनाया और यह बहुत महत्वपूर्ण है। और मुझे लगता है कि इसमें थोड़ी किस्मत भी थी। आप बहुत मेहनत कर सकते हैं, लेकिन आपको कभी-कभी किस्मत की भी जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि टीम में अच्छे और प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं।

उन्होंने कहा, खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वे जानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में उन्हें क्या-क्या झेलना पड़ा है। वे वास्तव में निराश थे और मैंने लोगों से श्रीलंका के क्रिकेटरों का समर्थन करने के लिए कहा। वे अच्छे क्रिकेटर हैं और वे प्रतिभाशाली हैं। मैंने उन्हें केवल आत्मविश्वास दिया और मैं उनके साथ हूं। वे मुझसे बात कर सकते हैं और किसी भी विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

जून में टी20 विश्व कप 2024 के बाद क्रिस सिल्वरवुड के पद से हटने के बाद से जयसूर्या अंतरिम कोच के रूप में शीर्ष पद पर हैं, लेकिन अब चल रही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान कुछ हालिया सफलताओं के बाद उन्हें विस्तार मिला है। श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने ओवल में इंग्लैंड पर जीत और घरेलू धरती पर कीवी पर लगातार दो जीत के लिए श्रीलंका की टेस्ट टीम की कमान संभाली थी, जबकि उन्होंने भारत पर एकदिवसीय श्रृंखला में सफल जीत की भी देखरेख की थी। खिलाड़ी को अगले साल पाकिस्तान में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और संभवतः जून में लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अपनी टीम की अगुवाई करने का अवसर मिलेगा।

# उरुग्वे ने विश्व कप क्वालीफायर के लिए सात अनकैप्ड खिलाड़ियों की घोषणा की

**मोंटेवीडियो।**

रिवर प्लेट फॉरवर्ड जोआक्विन लावेगा उन सात अनकैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें सोमवार को पेरू और इक्वाडोर के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए उरुग्वे की टीम में शामिल किया गया।

अन्य नए खिलाड़ियों में यूनिवर्सिडाड डी चिली के मिडफील्डर मार्को ओरोना, मोंटेवीडियो वांडरर्स के विंगर पाब्लो सुआरेज़, नैशनल के मिडफील्डर लुकास सनाब्रिया, फ्लूमिनेंस के मिडफील्डर फेकुंडो बर्नाल, अलावेस के डिफेंडर सैंटियागो मोरिनो और जिम्नासिया के फॉरवर्ड मटियास अबाल्डो शामिल हैं।

मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा ने लिवरपूल के फॉरवर्ड डार्विन नुनेज़, एटलेटिको मैड्रिड के सेंटर-बैक जोस मारिया जिमेनेज़ और नेपोली के लेफ्ट-बैक मैथियास ओलिवेरा को भी वापस बुलाया है, जो निलंबन के कारण उरुग्वे के सितंबर के क्वालीफायर में नहीं खेल पाए थे।



उरुग्वे शुक्रवार को लीमा में पेरू से और चार दिन बाद मोंटेवीडियो में इक्वाडोर से भिड़ेगा। उरुग्वे वर्तमान में आठ क्वालीफायर से 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी जोन स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर**- सर्जियो रोशेट, सैंटियागो मेले और फ्रेंको इज़राइल।

**डिफेंडर**- जोस मारिया जिमेनेज़, सैंटियागो ब्यूनो, सैंटियागो मोरिनो, माथियास ओलिवेरा, नाहितन नंदेज़, गुइलेर्मो वेरेला, जोस लुइस रोड्रिग्ज और मार्सेलो साराची।

**मिडफील्डर**- मार्को ओरोना, फैकुंडो बर्नाल, एमिलियानो मार्टिनेज, लुकास सनाब्रिया, निकोलस फोंसेका, मैनुअल उगार्टे, फेडेरिको वाल्वरडे, निकोलस डी ला क्रूज़ और जियोर्गन डी अर्रास्काएटा।

**फॉरवर्ड**- मतियास अबाल्डो, फैकुंडो पेलिस्ट्री, मैक्सिमिलियानो अरुजो, फैकुंडो टोरेस, जोकिन लावेगा, लुसियानो रोड्रिग्ज, पाब्लो सुआरेज़, क्रिस्टियन ओलिवेरा और डार्विन नुनेज़।

# स्टोक्स के चोटिल होने के बाद भी इंग्लिश टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने से निराश हैं सैम करन

**नई दिल्ली।**

सैम करन ने इस गर्मी में बेन स्टोक्स की हैमस्ट्रिंग चोट के बाद टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने पर निराशा व्यक्त की है। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि इंग्लैंड के कैरिबियन दौरे में केंद्रीय भूमिका निभाने से सभी प्रारूपों में उनकी साख मजबूत होगी। दो साल पहले ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की टी20 विश्व कप जीत में प्लेयर ऑफ द फाइनल और टूर्नामेंट चुने जाने के बावजूद, 26 साल की उम्र में करन का अंतरराष्ट्रीय करियर एक दोराहे पर खड़ा है। उन्हें लगता है कि व्हाइट-बॉल क्रिकेट में उनकी भूमिका में स्पष्टता की कमी है, जो फ्रैंचाइज़ी सर्किट में उनकी सफलता की कुंजी रही है। इसके अलावा, उनका मानना है कि वह उस प्रोफाइल में फिट नहीं बैठते हैं, जिसे इंग्लैंड नए हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम के तहत चाहता है।

करन ने इस साल की शुरुआत में कैरिबियन में टी20 विश्व कप में संघर्ष किया, 38.33 की औसत से केवल तीन विकेट लिए और पांच मैचों में कुल 11 गेंद ही खेले। इंग्लैंड के निराशाजनक विश्व कप अभियान के बाद उनका आखिरी वनडे मैच दिसंबर 2023 में था। रेड-बॉल क्रिकेट में, करन ने अपना सबसे हालिया टेस्ट मैच अगस्त 2021 में भारत के खिलाफ खेला था, और उन्होंने मैकुलम के कार्यकाल में 30 मैचों में से किसी में भी हिस्सा नहीं लिया है।

यह जीत में योगदान देने के उनके प्रभावशाली रिकॉर्ड के बावजूद है, जिसमें उनके 24 कैप में 16 जीत शामिल हैं। टेस्ट टीम में उनकी अनुपस्थिति का एक कारण इंग्लैंड के सीनियर ऑलराउंडर के रूप में स्टोक्स की भूमिका है। इसके अलावा, करन की शारीरिक विशेषताएँ उनके खिलाफ काम कर सकती हैं। 5 फीट 9 इंच की लंबाई के साथ, उनकी मध्यम गति की गेंदबाजी लंबे, तेज़ गेंदबाजों की मौजूदा पसंद के अनुरूप नहीं है, जैसा कि करन के घरेलू मैदान किआ ओवल में 6 फीट 7 इंच के बाएं हाथ के



गेंदबाज जोश हल के हाल ही में टेस्ट डेब्यू से पता चलता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, करन ने टॉकस्पोर्ट से कहा, जिस तरह से अब टीमों को तैयार किया जा रहा है, खिलाड़ियों को कुछ खास कौशल के लिए चुना जा रहा है।

करन ने कहा, एक काउंटी खिलाड़ी के रूप में, यह एक दिलचस्प बात है, क्योंकि आपको उम्मीद करनी होगी कि आप अभी उस ढांचे में फिट बैठते हैं। और अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको बस अपनी फ्रैंचाइज़ी और अपने काउंटी के लिए गेम जीतने की कोशिश करनी होगी, और बस उम्मीद करनी होगी कि वह कॉल आए।

उन्होंने कहा, वास्तव में आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। अगर आप उनकी जरूरतों के हिसाब से फिट बैठते हैं, तो आप बहुत बढ़िया हैं। लेकिन अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो यह वास्तव में आपकी योग्यता की बात नहीं हो सकती है। श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में टेस्ट सीरीज़ से करन को बाहर किए जाने से टीम में उनकी मौजूदा कमी और भी उजागर हुई। उन्हें उम्मीद थी कि अगस्त की शुरुआत में हंड्रेड के दौरान स्टोक्स की चोट के कारण उन्हें टेस्ट टीम में वापस बुलाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह से ईमानदार रहूंगा, जब स्टोक्स घायल हो गए, तो मैंने शायद सोचा था कि टेस्ट टीम में वापसी का यही रास्ता है। कुछ हफ़्ते पहले, मैंने कीसी [क्रिकेट के निदेशक रॉब की] के साथ एक बैठक की थी, ताकि यह समझ सकूं कि टीम कहां है और मैं खुद को टेस्ट टीम में वापस कैसे देखता हूं।

उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी होने के नाते जिसने इतनी कम उम्र में टेस्ट क्रिकेट का अनुभव किया, मुझे लगता है कि मुझे यह जानने का फायदा मिला कि यह क्या है, टेस्ट मैच जीतना क्या होता है, और आपको किस तरह की मेहनत और धैर्य और रवैये की जरूरत होती है ... इसलिए मैं थोड़ा निराश था। चयन तो चयन है, लेकिन मुझे लगा कि उस समय टीम में वापसी का यही रास्ता था।

करन ने कहा, उनके पास इस समय अपना खुद का ढांचा है, और वे ऐसे खिलाड़ियों को चुन रहे हैं जो उस माहौल में फिट हों, और इस समय अतिरिक्त गति और इस तरह की चीजों के बारे में एक बड़ी बात चल रही है। और मुझे लगता है कि 12 महीने के समय के लिए, और एशेज के लिए, ये वे खिलाड़ी हैं जिन्हें वे चाहते हैं, इसलिए जब तक योजना समाप्त नहीं हो जाती, तब तक आप इस पर सवाल नहीं उठा सकते।

# नए वॉल डेकोर ट्रेंड्स...



**यदि** आप घर को रिनोवेट करवाने की सोच रहे हैं, तो कुछ नया ट्राय कर सकते हैं। इन दिनों होम डेकोर के न्यू ट्रेंड्स देखने को मिल रहे हैं, जो न सिर्फ इंटीरियर को खास बनाते हैं, बल्कि घर को न्यू लुक भी देते हैं। खासकर वॉल डेकोरेशन में काफी नए ट्रेंड्स देखे जा रहे हैं। इन्हें पहले से ज्यादा आर्टिस्टिक बनाया जा रहा है। साथ ही इको फ्रैंडली इंटीरियर से भी जोड़ा जा रहा है।

## स्टोन आर्ट वर्क

दीवारों पर स्टोन का आर्ट वर्क भी काफी पसंद किया जा रहा है। इन्हें टीवी वॉल या फिर सेंटर वॉल पर ट्राई किया जा सकता है। दूसरी ओर, मार्केट में डिफरेंट तरह के स्टोन देखे जा रहे हैं, जो दीवारों के लिए काफी पसंद किए जाते हैं, इनमें कलर फुल स्टोन काफी डिफरेंट एंड ट्रेंडी लुक देते हैं।

## वर्टिकल गार्डन

वर्टिकल गार्डन का कॉन्सेप्ट काफी पसंद किया जा रहा है। बाहर के साथ-साथ इस तरह के गार्डन को घर के अंदर भी लगाया जा सकता है। ड्रॉइंग रूम के अलावा वॉशरूम में भी वर्टिकल गार्डन काफी अच्छे लगते हैं। वॉशरूम की वॉल पर यह गार्डन फ्रेशनेस का अहसास देंगे। वॉशरूम में मॉस वॉल भी लगवाई जा सकती है।

## डिफरेंट म्यूरल्स

दीवारों पर म्यूरल्स लगवाना काफी कॉमन है। इसमें भी अब डिफरेंट वैराइटीज नजर आ रही हैं, जिनमें डिजिटल और 3डी भी शामिल हैं। डिजाइनर्स की मानें तो वॉल से लेकर फ्लोर तक अट्रैक्टिव पेपर एंड म्यूरल्स देखे जा रहे हैं। वॉल पर कॉज्मिक और सी लाइफ काफी पसंद की जा रही है, इसके तहत दीवार पर नैचुरल कलर्स उभरते हैं।

# खतरनाक है घर का सामान...



**हर** इंसान का इस दुनिया में एक छोटा सा आशियाना बनाने का एक सपना होता है जिसे पूरा करने के लिए वो दिन रात कड़ी मेहनत करता है। अपनी सुख सुविधाओं की तमाम चीजों को वो इस घर में जुटाता है लेकिन तब क्या हो जब जरूरतों का सामान ही उसकी सेहत के लिए भारी पड़ जाए? हाल ही में हुए रिसर्च से यह बात सामने आई है कि घरों में इस्तेमाल किए जाने वाले घरेलु उपकरण जैसे फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक उत्पाद जैसे टीवी और कम्प्यूटर, घरों में लगे परदे, एयर फ्रेशनर और यहां तक कि साबुन भी कई तरह की बीमारियों को न्यौता दे सकते हैं। जार्ज वांशिगटन यूनिवर्सिटी के मिल्केन इंस्टीट्यूट स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं ने रिसर्च में बताया कि फर्नीचर,टीवी, कम्प्यूटर, परदे, एयर फ्रेशनर और साबुन में भारी मात्रा में केमिकल जैसे पैथलेट्स, फिनॉल, फ्लोरीन युक्त रसायन मिले होते हैं। ये रसायन धूल के कणों में मिलकर हवा के रास्ते हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारे शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ता है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर इसका सबसे बुरा असर पड़ता है। कई बार मां और बच्चे के शरीर में इन सामानों की वजह से कई सारे कैमिकल चले जाते हैं जिसका शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ता है। टीसीईपी नामक कैमिकल जो कि गद्दों में पाया जाता है के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा असर पड़ता है। यह कैमिकल बच्चों के खेलते वक्त उनके हाथों से मुंह तक पहुंच जाता है जिससे बच्चों की सेहत बहुत खराब प्रभाव पड़ता है। विश्व के कई इलाकों में इस कैमिकल का इस्तेमाल प्रतिबंधित है। ड्यूक यूनिवर्सिटी के एन्वायरमेंट वर्किंग ग्रुप टीम ने एक नई रिसर्च प्रकाशित की है जिसमें कैमिकल्स के वर्तमान इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। स्टडी में पाया गया कि बच्चों के हाथ में अपशिष्ट कणों के रह जाने के कारण उन्हें कई बीमारियां होने का खतरा रहता है। कुछ भी खाने से पहले बच्चों के हाथ जरूर धुलवाएं। संभव हो तो बच्चों के हाथ ऐसे साबुन से धुलवाएं जो खुशबू से रहित हैं क्योंकि उनमें कैमिकल नहीं होते। कैमिलक वाले साबुन से हाथ धोना भी बीमारी को दावत देना है।

# हमें टर्मरिक पिल्स की जरूरत नहीं...



**आज** कल पूरे विश्व में लोग हल्दी से मिलने वाले फायदों को पाने के लिए टर्मरिक पिल्स का सेवन कर रहे हैं। हल्दी से मिलने वाले फायदों से हम सभी भलीभांति परिचित हैं लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज कल बाजार में हल्दी की गोलियां भी मिलती हैं। ये दवाइयां आज कल पूरे विश्व में बहुत ज्यादा प्रचलित हैं और इसे टर्मरिक सप्लीमेंट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। भारतीय बाजार में भी हल्दी की ये गोलियां उपलब्ध हैं और आप इसे ऑनलाइन भी मंगा सकते हैं। इसे कर्कुमिन सप्लीमेंट के रूप में जाना जाता है। हालांकि भारतीय लोगों को आयरन या कैल्शियम सप्लीमेंट की तरह इस हल्दी सप्लीमेंट को लेने की जरूरत नहीं है क्योंकि अधिकतर भारतीय व्यंजनों में हल्दी पाउडर या कच्ची हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है जिससे आपको जरूरी हल्दी की मात्रा आसानी से मिल जाती है। हल्दी में कर्कुमिन नामक यौगिक पाया जाता है जिसकी एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी क्षमताओं के कारण ही हल्दी इतनी ज्यादा फायदेमंद होती है। अगर आप यह जानना चाहते हैं कि एक दिन में हल्दी की कितनी मात्रा उपयोग में लानी चाहिए तो यह बताना थोड़ा मुश्किल है। चूंकि हल्दी की तासीर गर्म होती है इसलिए यह अलग अलग लोगों पर निर्भर करता है की उसके उसे कितनी हल्दी खानी चाहिए। आमतौर पर डिशेज में एक या दो चम्मच हल्दी मिलाना उपयुक्त माना जाता है और इतने से ही आपको इससे मिलने वाले सारे फायदे मिल जाते हैं। पूरे उत्तर भारत में खाने में हल्दी का उपयोग किया जाता है खासतौर पर पंजाब और राजस्थान की अधिकतर कई मशहूर डिशेज में इसका भरपूर उपयोग होता है।

भारतीय पकवानों और स्वाद की समृद्ध विरासत असीम है। यह सीमाओं को लांघ कर सुदूर, वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता बटोर रहे है। भारतीय व्यंजनों में हर वो बात है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के व्यंजनों के मामले में सबसे आगे रख रही है। पूरी दुनिया के व्यंजनों के शौकीन लोगों को भारतीय जायका काफी भा रहा है और यही वजह है कि भारतीय व्यंजन चीनी व्यंजनों की तुलना में लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। सीएनएन ट्रेवल के एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय व्यंजन विश्व के 50 शीर्ष व्यंजनों में शुमार किए जाते हैं। वास्तव में यह एक बहुत ही सुखद समाचार है।







# चीनी नहीं अब इंडियन फूड...

**भले** ही चीनी व्यंजन दुनिया भर में लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं, लेकिन भारतीय खाने से इसे टक्कर मिल रही है। भारतीय व्यंजन भी लोगों की थालियों में विश्वभर में जगह बना रहे है। विश्व के नक्शे पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। विश्व भर में चीनी भोजन स्थानीय खाने के बाद दूसरे स्थान पर है लेकिन भारतीय व्यंजन काफी लोकप्रिय हो चुके हैं और यह चीन को पीछे छोड़ रहे हैं। पूरी दुनिया में ही खाना बनाने के शौकीन लोग बहुत प्यार और धैर्य से खाना पकाते हैं। खाना बनाने की तकनीक ज्यादातर देशों में लगभग एक जैसी है। उत्तर भारत और दक्षिण भारत के व्यंजनों की बात करें तो हर जगह का खाना वहां के लोगों के व्यक्तित्व को दर्शाता है। उत्तर भारत के लोग जहां खाने में मक्खन, स्थानीय मसाले, मीट और चिकन का प्रयोग ज्यादा करते हैं, वहीं दक्षिण में नारियल, करी पत्ता, कई तरह के मिर्च और मसाले का प्रयोग ज्यादा होता है।

## सैलानियों की पसंद

विदेशी सैलानियों के पसंदीदा व्यंजनों में भारतीय व्यंजन शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियावासी, अंग्रेज, डच और न्यू जीलैंड के पर्यटक भारतीय व्यंजनों का छक कर लुत्फ उठाते हैं। फ्रांसीसी लोग चीन, जापान, स्पेन और यहां तक की यूनान के व्यंजनों के मुकाबले भारतीय व्यंजन को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। यही बात आस्ट्रेलिया के लोगों के संबंध में भी देखी जा रही है। ऑस्ट्रेलियावासियों ने भारतीय व्यंजनों को दुनिया के सबसे स्वादिष्ट व्यंजनों में रखा है।

## निफ्टम की पहल

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट निफ्टम ने देशभर से ऐसे 15 उत्पाद चिन्हित किए हैं, जो पीजा और बर्गर की तरह विश्व के बाजार में भारतीय व्यंजन के रूप में उतारे जाएंगे। इनमें हरियाणा का घेवर और बिहार का लिट्टी चौखा भी शामिल है। विदेशों में भारत के पारंपरिक भोजन की बढ़ती मांग के चलते निकट भविष्य में भारत विश्व के सबसे बड़े खाद्य बाजार के रूप में स्थापित होने जा रहा है। इसी को देखते हुए हरियाणा के घेवर और बिहार के लिट्टी चौखा जैसे उत्पादों को विश्व स्तर के लिए तैयार किया जा रहा है।

## ये व्यंजन होंगे शामिल

निफ्टम जिन भारतीय पारंपरिक खाद्यों को विश्व स्तर पर लांच करने की तैयारी में है, उनमें कश्मीर का गुस्तावा, पंजाब की चिकन करी, गुजरात का खाकरा, दक्षिण भारत का बैंबू स्टीम फिश, साउथ का वड़ा, बिहार का खाजा, उत्तर भारत का अनारसा, कवाब, बिहार का लिट्टी चौखा, गुजरात का खांडवी, महाराष्ट्र की पूरन पोली, हरियाणा का घेवर, सत्तु और चावल का मुरमुरा है। निफ्टम ने देश के 18 राज्यों में 39 गांव गोद लिए हैं।

## रूस में भारतीय व्यंजन

रूस के मास्को में करीब 10 ऐसे रेस्टोरेंट हैं जहां उत्तर भारतीय से लेकर दक्षिण भारतीय व्यंजन तक परोसे जाते हैं। भारतीय रेस्टोरेंट में परोसे जाने वाले तंदूरी चिकन से लेकर मटन बर्रा, पनीर मलाई कोफ्ता से लेकर सरसो दा साग तक के जायके स्थानीय लोगों के साथ-साथ वहां जाने वाले दूसरे देशों के लोगों को खूब लुभा रहे हैं और इन रेस्टोरेंट के संचालक आश्वस्त हैं कि आने वाले दिनों में भारत के मसालेदार व्यंजनों की मांग और बढ़ेगी। मास्को में जय हिंद, दरबार, खजुराहो, देवी कैफे, जगन्नाथ जैसे कुछ लोकप्रिय भारतीय रेस्टोरेंट हैं। भारतीय व्यंजन मास्को ही नहीं बल्कि रूस के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हैं। मसालेदार भारतीय खाना रूस में सभी आयु वर्ग के लोगों में पसंद किया जा रहा है। वहां के देवी कैफे रेस्टोरेंट के एक अधिकारी के मुताबिक वे लोग भारतीय और चीनी खाना परोसते हैं लेकिन लोगों द्वारा भारतीय खाना सबसे अधिक पसंद किया जाता है। रूसी लोग भारतीय व्यंजनों को पसंद करते हैं। वहां भारतीय रेस्टोरेंट में आने वाले 60-70 प्रतिशत लोग रूसी होते हैं। केवल 25-30 प्रतिशत विदेशी और भारतीय आते हैं।



## अमेरिका में भारतीय भोजन

एक दशक पहले, यूएस के भारतीय रेस्तरां तैलीय, क्रीमी, गरिष्ट व्यंजन जैसे पालक पनीर, मलाई कोफ्ता, बटर नान, पनीर बटर मसाला और तंदूर में बनी अन्य चीजों से इतर ज्यादा कुछ प्रस्तुत नहीं करते थे। यह वास्तव में घर का बना मौलिक भोजन नहीं हैं। अब, भारतीय शेफ अपनी किस्म के पारखी होने का सम्मान हासिल कर रहे हैं, वे ज्यादा सजातीय भारतीय खाने को लोकप्रिय बना रहे हैं, जो घर पर बने भोजन के ज्यादा निकट है, और साथ-साथ वे इनके जायकों के विभिन्न संस्करणों का प्रयोग भी कर रहे हैं। खाने का कोई भी शौकीन सुवीर सरन और फ्लॉयड कार्डोज जैसे शेफों के नामों से परिचित होगा। पद्मा लक्ष्मी जैसी महिलाएं इसमें ग्लैमर का तड़का लगा रही हैं, विकास खन्ना, जिन्होंने यूएस राष्ट्रपति बराक ओबामा के लिए खाना बनाया की प्रशंसा की जाती है। इनके अलावा कई फूड नेटवर्क शो में हिस्सा लेने वाले और अकसर जज बनने वाले मनीत चौहान, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य श्रंखला ऑ बोन पेन के मेन्यू में सुधार करने वाली टीम के प्रमुख थॉमस जॉन और सचिन चोपड़ा, जिन्हें एसक्वायर मैगजीन ने संभावनापूर्ण घोषित किया, सराहे जाते हैं। ये कुछ भारतीय शेफ हैं, जिन्होंने अमेरिकी पाक परिदृश्य में नए चलन स्थापित किए।

## 50 शीर्ष व्यंजनों में शुमार

भारतीय पकवानों और स्वाद की समृद्ध विरासत असीम है। यह सीमाओं को लांघ कर सुदूर, वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता बटोर रही है। कुछ भारतीय पकवान बेहद लोकप्रिय हैं और ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और अन्य मध्य-पूर्वी देशों में भी उपलब्ध हैं। द समाचार है। सीएनएन ट्रेवल के एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय व्यंजन विश्व के 50 शीर्ष व्यंजनों में शुमार किए जाते हैं। वास्तव में यह एक बहुत ही सुखद समाचार है। अंतर्राष्ट्रीय शेफ लोकप्रिय भारतीय व्यंजनों को एक नए अंदाज में पेश करने की कोशिश करते हैं जिससे बहुत सारे अंतर्राष्ट्रीय पकवान प्रभावित हुए हैं। भारतीय व्यंजनों को इस शीर्ष स्तर पर ले जाने का श्रेय उसकी सरलता, स्वादिष्टता एवं मितव्ययता को जाता है।

# इन व्यंजनों ने बनाई अलग पहचान



## मसाला-डोसा

मसाला-डोसा भारत के सर्वश्रेष्ठ व्यंजनों में से एक है और उन पकवानों में शुमार है जिन्हें एक वैश्विक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य चखना चाहिए।

## आलू चाट



सड़क एवं गलियों से निकलकर भारत का प्रसिद्ध मजेदार स्नैक आलू चाट विदेशों में भी प्रसिद्धि हासिल कर रहा है। यह क्षुधावर्धक विभिन्न महाद्वीपों में व्यापक रूप से उपलब्ध है।



## लिट्टी चोखा

जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा। यह बिहारी स्वादिष्ट पकवान अब वैश्विक व्यंजन-सूचि में सम्मिलित हो चुका है। यह व्यंजन कम मात्रा में कैलोरी के साथ रेशे से भरपूर होने के कारण प्रसिद्ध है।

## उपमा



उपमा, वैश्विक स्तर पर एक बहुत ही बढ़िया और प्रसिद्ध पकवान है। सिंगापुर में आयोजित वर्ल्ड स्ट्रीट फूड कांग्रेस से इसने अपनी पहचान बनाई। यह पकवान, विशेषतः उन लोगों के लिए है जो लजीज एवं स्वास्थ्यवर्धक खाने के शौकीन हैं।



## आम की लस्सी

आम की लस्सी का स्वाद तो हम सब जानते ही हैं पर अब विभिन्न देशों के लोग भी इस तरोताजा अहसास प्रदान करने वाले पेय का लुत्फ लेना पसंद करते हैं। अफवाह तो यहां तक है कि एंड्राइड के अगले संस्करण का नाम भी 'मैंगो लस्सी' ही होगा ।

एम्स के इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च विभाग ने योग पर एक रिसर्च किया है जिसके मुताबिक योग कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी रोकने में भी मददगार है। कैंसर को लाइलाज बीमारी के तौर पर जाना जाता है और ऐसे में एम्स की रिपोर्ट का आना आशा की एक किरण की तरह है।

# योग से कैंसर की रोकथाम...

**एम्स** के इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च विभाग की रिसर्च के मुताबिक लगातार योग करने से शरीर में ऐसे केमिकल बनते हैं जिससे कैंसर बनाने वाली कोशिकाओं पर दबाव पड़ता है। इसके लिए इंडियन काउंसिल ने 150 कैंसर मरीजों पर रिसर्च की और उन्हें लगातार तीन महीने तक प्रणायाम, सुदर्शन क्रिया और ध्यान करवाया गया। तीन महीने बाद ब्लड टेस्ट कराए गए और उसके जो नतीजे समाने आए वो चौंकाने वाले थे। कैंसर मरीजों के शरीर में कार्टिसो लेवल कम पाया गया और डब्ल्यूएचओ स्तर के मुताबिक उन सभी की क्वालिटी आफ लाइफ में सुधार पाया गया।



## तीसरी और चौथी स्टेज

अमूनन कैंसर की तीसरी और चौथी स्टेज में मरीज को असहनीय दर्द होता है। ऐसे में मरीजों को मार्फिन की दवा दी जाती है ताकि उन्हें दर्द से निजात मिल सके। एम्स के कैंसर विभाग में प्रोफेसर सुषमा ऐसे ही मरीजों का इलाज करती हैं। उनका कहना है कि जब हमने रिसर्च की तो पाया कि योग करने वाले मरीजों में दर्द सहने की क्षमता काफी बढ़ गई थी। एम्स के निदेशक डॉ. एम. सी मिश्रा इस रिसर्च से बेहद उत्साहित हैं और कहते हैं मैं रोज योगा करता हूं इसलिए 62 साल की उम्र में भी पूरी तरह फिट हूं। निश्चित तौर पर योग से कैंसर की रोकथाम में मदद मिल सकती है।

## योग प्रणाली में कैंसर

योग प्रणाली में कैंसर कोशिकाओं को समाज में क्रिमनल के तौर पर देखा जाता है। कोशिकाओं के यह समूह खतरनाक साबित होते हैं क्योंकि यह बड़ी दिक्कत पैदा कर सकते हैं। इसी तरह कैंसर कोशिकाएं हमारे सारे शरीर में मौजूद रहती हैं, लेकिन उनमें से कुछ हमारे जीवन या शरीर को उस तरह प्रभावित नहीं करती। जब तक वे अकेली हों तो कोई समस्या नहीं। हालांकि यही कोशिकाएं जब बढ़ने लगती हैं, तो उनका हमारी सेहत पर बुरा असर दिखाई देने लगता है। योग में आमतौर पर हम इसे इस तरह देखते हैं जैसे इंसान के व्यवहार, खान-पान, जीवनशैली या किन्हीं दूसरी वजहों से जब ऊर्जा में कुछ खास किस्म का खालीपन पैदा हो जाता है तो शरीर में कैंसर कोशिकाओं के बढ़ने का खतरा बनता है। अगर शरीर के किसी खास हिस्से में ऊर्जा का प्रवाह ठीक नहीं हो तो कैंसर कोशिकाएं उस जगह को छुपने और फलने-फूलने के लिए चुन लेती हैं। कैंसर कोई बीमारी नहीं, बल्कि इसमें कुछ कोशिकाएं आपके खिलाफ हो जाती हैं और इससे आपका शरीर ही आपके खिलाफ काम करने लग जाता है।

## सबसे आसान तरीका

शरीर में कैंसर संक्रमित कोशिकाओं की रोकथाम का हमारे पास सबसे आसान तरीका समय से उपवास रखना है। इन कोशिकाओं को सामान्य कोशिकाओं से ज्यादा पोषक तत्वों की जरूरत होती है और कुछ खास दिन खुद को भोजन से दूर रख कर आप शरीर में कैंसर संक्रमित उन कोशिकाओं की संख्याओं को कम कर सकते हैं। आप रोजाना नीम और हल्दी के पेस्ट से बनी गोलियां भी ले सकते हैं। यह कैंसर पीड़ित व्यक्ति के लिए भले एक उपचार न हो, लेकिन यह शरीर में कैंसर कोशिकाओं की संख्या को काबू में रखते हैं, जिससे वे शरीर के खिलाफ एकजुट नहीं हो पाती हैं। जब शरीर में इनका स्तर बढ़ता है, तो यह कोशिकाओं में ऊर्जा के प्रवाह को रोकते हैं और शरीर के वे हिस्से जहां ऊर्जा का प्रवाह नहीं हो पाता उनमें कैंसर कोशिकाओं के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।

## आध्यात्मिक तरीके

योग में कुछ खास किस्म के आध्यात्मिक तरीके भी हैं, जो शरीर प्रणाली को सुधारने और संतुलन बनाने में मदद कर सकते हैं। कई ऐसे मरीजों को देखा गया है कि जो इन उपायों की बदौलत पूरी तरह ठीक हो गए हैं। कई मरीज ऐसे भी हैं जो योग के जरिए कीमोथेरेपी के बाद बड़ी ही तेजी से उससे उबर गए। उन मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर भी उन्हें देख कर दंग रह गए। यहां यह पक्के तौर पर तो नहीं कहा जा सकता कि योग की वजह से उनका कैंसर ठीक हो गया, लेकिन चिकित्सीय उपचार के साथ योग करने से कैंसर के मरीजों को फायदा जरूर मिला है।

# वजन बढ़ाने के लिए करें इस प्रकार का भोजन

- वजन बढ़ाने के लिए सबसे पहले तो आपका फिट रहना जरूरी है। आप वजन बढाना चाहते हैं इसका ये अर्थ नहीं कि आप शारीरिक रूप से बिल्कुल भी सक्रिय नहीं होंगे।
- वजन बढ़ाने के लिए नियमित व्यायाम बहुत जरूरी है, इसके लिए आप फिटनेस सेंटर ज्वॉइन कर सकते हैं।
- वजन बढ़ाने के लिए सबसे बढ़िया उपाय है आप हाई कैलोरी का खाना खाएं। लेकिन इसका ये अर्थ नहीं कि आप जंकफूड भारी मात्रा में खाने लगे।
- जंक फूड और फास्ट फूड की तुलना में स्वस्थ और अधिक कैलोरीयुक्त खाद्य-पदार्थों को प्राथमिकता दीजिए।
- अगर आप वजन हेल्दी रूप से बढ़ाना चाहते हैं तो आपको सुबह का नाश्ता हेवी करना होगा। सुबह का नाश्ता करने आप दिनभर ऊर्जावान बने रहते हैं।
- वजन बढ़ाने के लिए प्रोटीन शेक भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इससे हड्डियां भी मजबूत होती है।
- चिकन, चावल, फिश, अंडा इत्यादि भी वजन बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। इन सभी खाद्य पदार्थों में भारी मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है।
- दूध या दूध से बनी चीजों में भी प्रोटीन पाया जाता है या फिर आप सोया मिल्क या पाउडर के सेवन से भी अपना वजन बढ़ा सकते हैं।
- अंकुरित अनाज में प्रोटीन अच्छी मात्रा में मौजूद होती है। आप अंकुरित चने, मोंठ इत्यादि के सेवन से अपना वजन बढ़ा सकते हैं।
- पनीर, मक्खन, घी, तेल, तैलीय भोजन सभी को खाने से मोटापा बढ़ाने में मदद मिलती हैं।
- वजन बढ़ाने के लिए फुलक्रीम दूध में रात को चने भिगोकर सुबह खाने चाहिए। इस तरह के खाद्य पदार्थों में प्रोटीन अच्छी मात्रा में मौजूद होता है।
- फलियां, मेवा, बींस इत्यादि में भरपूर प्रोटीन मौजूद होता हैं। इनके सेवन से आप आसानी से अपना वजन बढ़ा सकते हैं।
- बहुत अधिक तैलीय पदार्थों के सेवन और तरल पदार्थों की कमी से भी वजन बढ़ता है।
- अधिक वसा इत्यादि का सेवन या फिर अधिक मात्रा में कैलोरी लेना लेकिन उस अनुसार व्यायाम ना करने से भी मोटापा बढ़ता है।

इसके अलावा आप हरी सब्जियां, फल, सूप इत्यादि के सेवन से भी आसानी से अपना वजन बढ़ा सकते हैं। इन टिप्स से आप प्रोटीन की कमी को दूर कर अपना वजन बढ़ा सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**